पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 21 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –157 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश पृष्ठ 2

■ कठपुतली मीडिया का दौर
■ विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण... पृष्ठ 6

■ यूक्रेन ने युद्ध समाप्त करने को लेकर दुनिया से एकजुटता का किया आग्रह
■ क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के निमंत्रण पर ली शी ने यात्रा की पृष्ठ 7

भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज पृष्ठ

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास

## पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 व विरोध में 2 वोट पड़े

- आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा बिल
- बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने रखे विचार



**नई दिल्ली**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से पास हो गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले। अब गुरुवार को यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा।

**यह युग बदलने वाला विधेयक है: अमित शाह**

महिला आरक्षण बिल पर डिबेट का जवाब देने अमित शाह आए। उन्होंने कहा– संविधान के संशोधित करने वाले 128वें संशोधन पर बात करने के लिए मैं यहां खड़ा हूं। ये ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा : राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस में हिस्सा लिया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। इस बिल को तुरंत ही लागू किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे इस विधेयक के समर्थन में हैं, लेकिन ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा। यह एक बड़ा कदम है, लेकिन मेरे लिए यह अधूरा है, क्योंकि ओबीसी महिलाओं के एक बड़े हिस्से के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

- कांग्रेस नेता ने कहा, यह बिल आज से ही लागू होना चाहिए

90 में से सिर्फ तीन सचिव ओबीसी इस देश में केंद्र सरकार में 90 सचिव हैं और उनमें से सिर्फ तीन ही अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और यही पांच फीसदी लोग बजट को कंट्रोल करते हैं। यह ओबीसी समुदाय का अपमान है। राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि इस देश में कितने ओबीसी, कितने दलित, कितने आदिवासी हैं... इसका जवाब सिर्फ जातिगत जनगणना से मिल सकता है। महिला आरक्षण विधेयक को आज पारित कीजिए और लागू कीजिए। परिसीमन और जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। सीधे 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दे दीजिए। आप जातिगत ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# रायगढ़ एक्सिस बैंक डकैती कांड के पांच आरोपी गिरफ्तार

## साढ़े चार करोड़ लूट की रकम, गहने, कार व ट्रक जब्त



**रायगढ़**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के इतिहास में एक्सिस बैंक मे साढ़े पांच करोड़ की डकैती मामले मे पुलिस ने चैबीस घंटे पहले पांच आरोपियों को सरगुजा संभाग के झारखंड बार्डर से गिरिफ्तार कर इनके पास से नोटो से भरे बैग के साथ साथ बैंक के गिरवी रखे गहने भी जप्त किया है। इस बड़ी वारदात में जिले की साइबर सेल की टीम की बड़ी भूमिका रही है। कल सुबह नो से दस बजे के बीच सात हथियार बंद डकैतो ने बैंक मैनेजर से मारपीट कर सभी कर्मचारियों को बंधक बनाकर साढ़े पांच करोड़ रुपए की लूट कर फरार हो गए थे।

- 24 घंटे में ही झारखंड सीमा के पास पकड़े गए लूटेरे

लूटी गई रकम मे साढ़े चार करोड़ नगद शामिल हैं। बताया जाता है कि एक्सिस बैंक मे इस डकैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गया के शेरावाटी गैंग से संबंधित है। लूट की वारदात के बाद आरोपी ट्रक और कार के अलावा मोटर साइकिल से भाग रहे थे, सीसीटीवी कैमरे की जांच में इनकी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल नहीं हुए डिप्टी सीएम

### प्रोटोकाल की अनदेखी से नाराज



**अम्बिकापुर**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। संभागस्तरीय ओलम्पिक खेल कूद प्रतियोगिता से उपमुख्यमंत्री ने दूरी बना ली है। जिला प्रशासन के द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किये जाने पर कार्यक्रम में नहीं शामिल हुए। दरअसल कल शाम टीएस सिंह देव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## मुख्यमंत्री आज भिलाई में 'महिला समृद्धि सम्मेलन' में होंगे शामिल

### प्रियंका होंगी मुख्य अतिथि





**रायपुर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 सितम्बर को भिलाई के सिविक सेंटर स्थित जयंती स्टेडियम में दोपहर 1 बजे ''महिला समृद्धि सम्मेलन'' में शामिल होंगे। श्रीमती प्रियंका गांधी इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। मुख्यमंत्री बघेल पूर्वान्ह 11.45 बजे अपने निवास से कार द्वारा रवाना होकर 1 बजे भिलाई के जयंती स्टेडियम पहुंचेंगे और वहां आयोजित 'महिला समृद्धि सम्मेलन' शामिल होंगे। बघेल शाम 6 बजे होटल बेबीलोन में 'बुत मरते नहीं' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज छत्तीसगढ़ दौरे पर



**दुर्ग**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने 21 सितंबर को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी पाटन पहुंच रही है। यहां वो एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगी। इसकी तैयारी अंतिम चरण में हैं। वीआईपी मोमेंट को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि 21 सितंबर को महिला सम्मेलन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# चयन सूची में गड़बड़ी को चीफ जस्टिस ने बताया वेरी डिस्टर्बिंग

**रायपुर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की चयन सूची में गड़बड़ी को लेकर भाजपा नेता और पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर की ओर से दायर याचिका पर बुधवार को लगातार दूसरे दिन छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस नरेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि अगर सूची में जिस तरह की रिश्तेदारी नहीं पाई गई तो इसकी आपको भारी कीमत ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- याचिकाकर्ता से कहा-अगर रिश्तेदारी नहीं मिली तो आपको अदा करनी पड़ेगी भारी कीमत

## पीएससी मामले की जांच कर जवाब देगी सरकार

पीएससी चयन से संबंधित याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय के समक्ष की गई, महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें राज्य सरकार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह वक्तव्य दिया गया कि हम उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे एवं जब तक मामले के अगली सुनवाई नही हो जाती तब तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आक्षेप लगा है और उनकी नियुक्ति नही

## टूल किट मामले में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के साथ संबित पात्रा को मिली राहत



**बिलासपुर**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। टूल किट मामले में पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह व भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चीफ़ जस्टिस व जस्टिस एन के चन्द्रवंशी की डिवीजन बेंच ने माना कि ट्वीट से कोई सामाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ा। इसके साथ ही दोनों भाजपा नेताओं के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को कोर्ट ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



# देश

**उवाच** “ हमें किसी भी विधेयक से कोई नुकसान नहीं है। हमें नुकसान केवल इसलिए हुआ है क्योंकि प्रशासन जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से डरता है। वे यहां पर बेताज बादशाहों की तरह बैठे हुए हैं। हम उन लोगों से डरे हुए हैं जो यहां चुनाव कराने से भाग रहे हैं।

–उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 27.0 |

# नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश

## महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर उठाए सवाल



जब जनगणना व परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता तो भाजपा को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी : अखिलेश यादव

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर विपक्ष व सत्तापक्ष ने अपनी राय रखी। इस कड़ी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल उठाते हुए इसे आधा-अधूरा विधेयक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, नई संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू की है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएंगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है न जातिगत गणना के, इनके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं है। ये आधा-अधूरा विधेयक 'महिला आरक्षण' जैसे गंभीर विषय का उपहास है, इसका जवाब महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर देंगी।

**आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर इसका जवाब देंगी महिलाएं**

### महिला आरक्षण बिल सरकार का एक और जुमला : जदयू

जनता दल यू के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने विधेयक का समर्थन किया लेकिन कहा कि आम चुनाव से छह महीने पहले लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 मोदी सरकार का एक और जुमला है। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विशेष सत्र बुलाकर पेश किए गए इस विधेयक में यह नहीं पता है कि निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन कब होगा और यह विधेयक कब लागू होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का गरीबों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के कल्याण में कोई विश्वास नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के वक्त जो वादे जनता से किए थे, वे सब जुमले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने और विदेशों से काला धन लाकर गरीबों में वितरित करने के वायदे किए थे, जो पूरे नहीं हुए।

उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार को अच्छी तरह समझ चुकी है और इसकी बातों में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विधेयक भी जुमला ही साबित होगा। विधेयक में प्रावधान है कि पहले जनगणना होगी, उसके बाद परिसीमन आयोग बनेगा और तब लोकसभा क्षेत्रों और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा, उसके बाद महिला आरक्षण लागू होगा। समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने बुधवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक' में अनुसूचित जाति और अनुसूसित जनजाति के साथ ही अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए अलग कोटा निर्धारित किया जाए। डिंपल ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाले 'संविधान विधेयक, 2023' पर निचले सदन में चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक की बात की और ऐसे में उनसे उम्मीद की जाती है कि आरक्षण विधेयक में अल्पसंख्यक महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा।

## महिलाओं को वंदन की नहीं, सम्मान व समानता की जरूरत : कनिमोझी



**नई दिल्ली।** द्रविण मुनेत्र कषगम ने बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण विधेयक को राजनीतिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि महिलाओं को पूजा और वंदन की जरूरत नहीं है, उसे समानता और सम्मान की जरूरत है। लोकसभा में 'संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक की सदस्य कनिमोझी ने इसका समर्थन किया और कहा, ''लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने इसे भी राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। वर्ष 2024 के चुनावों को ध्यान में रखकर यह विधेयक लाया गया है। कनिमोझी ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि हमने सोचा था कि यह विधेयक हम सभी के एक-दूसरे का समर्थन करने और एक साथ खड़े होने से पारित हो जाएगा लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा ने इसे भी राजनीति के अवसर के रूप में लिया है। महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का चुनावी वादा है फिर भी, कई नेताओं को इस विधेयक को लाने और इसे पारित करने का आग्रह करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिसीमन के बाद इसे लागू करने की बात की जा रही है उससे उन्हें आशंका है कि दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व कहीं कम ना हो जाए।

## महिला आरक्षण बिल मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा : स्टालिन



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा करार देते हुए कहा कि 2029 में ही लागू होने वाली किसी चीज के लिए अभी विधेयक को अपनाना अजीब चाल है। इसके लिए समय सीमा की कोई गारंटी नहीं है। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने यह सुनिश्चित करने को लेकर भी जोर दिया कि क्या इसमें पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए भी आरक्षण है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र तमिलनाडु और पूरे दक्षिण भारत के लोगों को आश्वस्त करे कि परिसीमन अभ्यास उन राज्यों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा जो अपनी आबादी को नियंत्रित करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा, परिसीमन तमिलनाडु और दक्षिण भारत के सिर पर लटकी तलवार की तरह है। दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की राजनीतिक साजिश को नाकाम किया जाना चाहिए। स्टालिन ने यहां एक बयान में जनगणना के आधार पर परिसीमन का जिक्र किया और कहा कि राजनीतिक रूप से सतर्क तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करने के प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। महिला विधेयक को चुनावी हार की आशंका से पहले शुरू किया गया हथकंडा करार देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा कि जनगणना और परिसीमन नहीं हुआ है तो से पहले 2029 में लागू होने वाले इस विधेयक को अभी अपनाना अजीब चाल है, जिसके लिए इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि यह कब होगा। स्टालिन ने जानना चाहा कि केंद्र ने महिला विधेयक को पारित कराने में उतनी दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई, जिस तरह से उसने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण लाने के लिए विधेयक पारित किए। लोग भाजपा शासन को समझ गए हैं, जो पिछले नौ वर्षों से इस मामले पर उदासीन होने के बाद अब विधेयक लाकर उनकी आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है, यह एक चुनावी हथकंडा है।

## संसद से

### अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों से भारत बना वैश्विक केंद्र : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की उपलब्धियों को असाधारण करार देते हुए जोर देकर कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों ने भारत को विश्व का केंद्र बना दिया है। धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर चर्चा शुरु होने से पूर्व अपने वक्तव्य में कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाले देश के रूप में पहले स्थान पर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने देश को वैश्विक केंद्र बना दिया है और उपलब्धि के साथ, भारत 2025 तक चंद्रमा पर मानव को भेजने के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुपक्षीय पहल, आर्टेमिस समझौते का सदस्य बन गया है।

### महिला बिल 2024 के लिए है : सिब्बल

महिला आरक्षण बिल पर सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि परिसीमन के बिना क्या यह (भाजपा) बिल पारित कर देंगे। हम तैयार हैं। जनगणना और परिसीमन की बात तो आपने की है। हम तो पहले से ही तैयार हैं। हम हमेशा से ही इसके लिए तैयार थे, चाहे हम सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में ये इसे इसलिए लागू नहीं कर रहे क्योंकि इन्हें मालूम है कि इन्हें यह 2029 में भी नहीं करना। यह तो 2024 के लिए है।

### महिला आरक्षण बिल लाने का भाजपा ने नैतिक साहस दिखाया : दुबे

भारतीय जनता पार्टी के नेता निशिकांत दुबे ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर लोकतंत्र का गाला घोटने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं अधिकार देकर सशक्त करने के लिए उनकी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैतिक साहस दिखाया है। संविधान (128 वां संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने की उसके बाद भाजपा के निशिकांत दुबे ने अपना पक्ष रखा। इससे पहले विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मेघवाल ने कहा कि भारत की संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक और आर्थिक न्याय का जिक्र है। अवसर की समानता का भी उल्लेख है। आज के इस विधेयक से महिलाओं की प्रतिष्ठा तो बढ़ेगी ही, अवसर की समानता भी बढ़ेगी। महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा। दुबे ने कहा कि कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टी आज तक यह विधेयक लेकर नहीं आए।

## पश्चिम बंगाल में नौ लाख छात्रों के पास नहीं है आधार कार्ड

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

**कोलकाता,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने एक सर्वेक्षण किया है। जिसमें पता चला है कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के इच्छुक लगभग नौ लाख छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं हैं।



राज्य सरकार ने माना है कि आधार कार्ड के अभाव में ऐसे छात्र अक्सर राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने आधार कार्ड नामांकन के लिए राज्य भर में 275 अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित करके इस समस्या को दूर करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में ऐसा एक पंजीकरण शिविर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छात्र बिना किसी प्रकार के शुल्क के वहां अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर से लेकर सभी स्तरों के छात्र वहां अपना नाम दर्ज करा सकेंगे।

## तेलंगाना सरकार ने किया व्हाट्सएप चैनल लॉन्च

**हैदराबाद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार समय-समय पर लोगों तक आधिकारिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी मीडिया और प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। इस संबंध में, तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ में बुधवार को एक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया। इस चैनल के माध्यम से, सरकार सीएमओ से नागरिकों तक की घोषणाओं को प्रसारित करती है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय तेलंगाना सीएमओ के व्हाट्सएप चैनल का उपयोग करके लोग सीएम केसीआर की खबरों से अपडेट रह सकते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किस प्रकार उम्मीदवार इस चैनल से जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे व्हाट्सएप एप्लिकेशन खोलें। मोबाइल पर अपडेट अनुभाग चुनें। डेस्कटॉप पर चैनल टैब पर क्लिक करें। फिर प्लस बटन पर क्लिक करें और चैनल ढूंढें चुनें। टेक्स्ट बॉक्स में तेलंगाना सीएमओ टाइप करें और सूची से चैनल चुनें। सुनिश्चित करें कि चैनल नाम के आगे हरा टिक मार्क है। फॉलो करें बटन पर क्लिक करें और तेलंगाना सीएमओ चैनल से जुड़ें। सीएमओ द्वारा भेजे गए विज्ञापन सीधे व्हाट्सएप पर देखें।

## महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 72 घंटे में सात किसानों ने की आत्महत्या

**यवतमाल,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है। विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी।



**कर्ज से परेशान होकर उठाया कदम**

## तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने कहा कि विधानसभा सत्र राज्य सचिवालय परिसर के विधानसभा हॉल में सुबह 10 बजे शुरू होगा। सत्र के संक्षिप्त होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के खर्चों के लिए अतिरिक्त अनुदान को मंजूरी प्रदान की जाएगी। इस सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक एक धनशोधन मामले में मंत्री वी.सेंथिलबालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें बिना विभाग के मंत्री बनाए रखने सहित कई मुद्दों को उठाना चाहता है।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400 051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400 059
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर-492001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गजराज सिंह यादव (कर्जदार), रवि कुमार यादव (सह-कर्जदार) एनएचडीआरजी00000843595 | प्लॉट नंबर 14, मौजा कोहका भजरंग नगर केएच नंबर 1607, मकान नंबर 1607, दुर्ग-490023, मध्य प्रदेश-490023 (संदर्भ लैन नंबर एनएचडीआरजी00000843595) कब्जा की तिथि : 18-09-2023 | 15-06-2021 रू. 10,84,089/- | रायपुर-बी |
| 2. | गजराज सिंह यादव (कर्जदार), रवि कुमार यादव (सह-कर्जदार) एनएचडीआरजी00000843584 | आर एन एम दुर्ग 1, मौजा कोहका भजरंग नगर एस नंबर 1607, 14 दुर्ग-490023, मध्य प्रदेश-490023 (संदर्भ लैन नंबर एनएचडीआरजी00000843584)। चौहद्दी – उत्तर : रोड, दक्षिण : प्लॉट नंबर 24, पूरब : प्लॉट नंबर 20, पश्चिम : अन्य कब्जा की तिथि : 18-09-2023 | 15-06-2021 रू. 5,80,686/- | रायपुर-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 21-09-2023
स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड



ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री इंद्र कुमार वर्मा (कर्ज़दार), चूड़ामणि वर्मा (सह-कर्ज़दार) LBRPR00005128802 | फ्लैट नंबर जे-706, 7वीं मंजिल, पाम बेलाजियो, ग्राम-मोवा, पी.एच. क्रमांक 109/39/45, आर.एन.एम.-रायपुर-1, वार्ड क्रमांक 27, खसरा क्रमांक 831/1-2, 832/1-2, 837, 838, 839/1, 852/1-2, 853/1-4, 854/1-3, 855/4, 860/1-9, 861/1-8, 862/6, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्र 1432 वर्ग फुट। | रु. 85,78,039/- (सितम्बर 12, 2023 तक) | रु. 62,00,000/- / रु. 6,20,000/- | अक्टूबर 09, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | अक्टूबर 18, 2023 को सुबह 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 17, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **अक्टूबर 17, 2023** तक **शाम. 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **अक्टूबर 17, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 17, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितम्बर 21, 2023**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



MOTILAL OSWAL HOME LOANS

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**

सीआईएन नंबर : U65923MH2013PLC248741
कार्पोरेट कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमुल्लाह सयानी मार्ग, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई – 400025, ईमेल : hfquery@motilaloswal.com
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, यूनिट नंबर 3, प्रियांक टावर, राजा तालाब रोड, वार्ड नंबर 40, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़
संपर्क नं.: मनीष परमार – 9372705231 एवं भूषण मोरेश्वरराव पवार – 9130023297

**ई-नीलामी सह विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 एवं 9 के परंतुक के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल आस्ति (यों) के विक्रयार्थ ई-नीलामी विक्रय का 30 दिन का नोटिस

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप में कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधककृत/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक अधिग्रहण फुलरटन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा कर लिया गया है, उनका यहां इसमें नीचे उल्लिखित तिथि एवं समय पर ''जैसी है जहां हैं'', ''जैसी है जो हैं'' एवं ''वहां जो कुछ भी हैं'' आधार पर विक्रय किया जायेगा, जो कि यहां इसमें निम्न वर्णित कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) की ओर से मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड)/प्रतिभूत ऋणदाता को देय-भुग्तेय यहां इसमें निम्नांकित बकाया राशियों तथा वसूलीकरण की तिथि तक इन राशियों पर नियत भावी ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली करने के लिये किया जायेगा। सुरक्षित मूल्य, धरोहर राशि जमा (ईएमडी) और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि का वर्णन भी यहां इसमें निम्न तालिका में किया गया है :

| कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम/ऋण खाता | मांग सूचना तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | सुरक्षित मूल्य, ईएमडी एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| एलएएन : स्न्त।प00317. 180055878 शाखा : रायपुर कर्जदार : दुर्गा प्रसाद कौशल सह-कर्जदार : लताबाई दुर्गा प्रसाद कौशल | 29-07-2019 हेतु रु. 16,40,617/- (रुपये सोलह लाख चालीस हजार छह सौ सत्रह मात्र) | प्लॉट केएच नंबर 838/408, पीएच नंबर 106(बी), आर एन एम, 1 वार्ड नंबर 18, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नंबर 68, मौजा ग्राम चिढ़ुलडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | सुरक्षित मूल्य : रु. 28,00,000/- (रुपये अठ्ठाईस लाख मात्र)<br>ईएमडी : रु. 2,80,000/- (रुपये दो लाख अस्सी हजार मात्र)<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 22-10-2023 | दिनांक : 23-10-2023 10.30 बजे से 5.30 बजे (10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ) |

ई-नीलामी के नियम और शर्तें :

1. नीलामी, बोली दस्तावेज के अतिरिक्त नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता, बोली दस्तावेजों के लिए, ई-नीलामी के लिए रखी गई प्रतिभूत संपत्ति के विवरण और बोली प्रपत्र जो अ०नलाइन जमा किया जाएगा के लिए मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती एस्पायर होम फाइनेंस क०र्पोरेशन लिमिटेड) की वेबसाइटwww.motilaloswalhfl.com और हमारे सेल्स एंड मार्केटिंग और ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://auctions.inventon.om पर जा सकते हैं।
2. सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल https://auctions.inventon.in में अपना नाम पंजीकृत करना आवश्यक है तथा उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए उन्हें अपनी स्वयं की उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क बनाना होगा।
3. संपत्ति की किसी भी पूछताछ, जानकारी और निरीक्षण, समर्थन, प्रक्रिया और ई-नीलामी पर अ०नलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे बिक्री और विपणन के ग्राहक सेवा वितरण (सीएसडी) विभाग और ई-नीलामी सेवा भागीदार मैसर्स इन्वेंटऑन स०ल्यूशंस प्रा. लिमिटेड, फोन नंबर : +91 9029086321- और ई-मेल आईडी : care@inventon.net@manoj, कें/पदअमदजवदण्दमज या प्राधिकृत अधिकारी, संपर्क नंबर : मनीष परमार - 9372705231 एवं भूषण मोरेश्वरराव पवार - 9130023297 से संपर्क कर सकते हैं।
4. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार, यहां संपत्ति/संपत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले ई-नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व, दावे/अधिकार/बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन में एमओएचएफएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है, चाहे वह एमओएचएफएल को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे;
5. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को उपरोक्त उल्लिखित प्रतिभूत संपत्ति की ब्याज मुक्त वापसी योग्य धरोहर राशि जमा (ईएमडी) के भुगतान का, 'मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती एस्पायर होम फाइनेंस क०रपोरेशन लिमिटेड)' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से निम्नानुसार उल्लिखित खाते का विवरणः बैंक का नामः एचडीएफसी बैंक, शाखा : लोअर परेल मुंबई, बैंक खाता संख्याः 00600340073530, आईएफएससी कोड : एचडीएफसी0000060 विवरण पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास पता प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड संकल्प और पते के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ 22-10-2023 को सायं 04.00 बजे अथवा इससे पूर्व वेब पोर्टल ¼https://auctions.inventon.in½ पर जमा/अपलोड करना होगा।
6. संपत्ति, सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। सफल क्रेता/बोलीदाता को ई-नीलामी पूरी होने के 24.00 घंटों के भीतर अपने/उसके/उनके प्रस्ताव का 25 प्रतिशत (ईएमडी सहित) आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ऊपर उल्लिखित खाते में जमा करना होगा, जिसमें विफल होने पर विक्रय को विफल माना जायेगा और उक्त सफल बोलीदाता की ईएमडी जब्त कर ली जाएगी;
7. अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं हुए, उन्हें ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर एमओएचएफएल द्वारा वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा
8. खरीद प्रतिफल की शेष राशि सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार द्वारा उक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति की 'बिक्री की पुष्टि' की तिथि से पंद्रहवें (15वें) दिन या उससे अथवा ऐसी विस्तारित अवधि में, जिस पर प्राधिकृत अधिकारी अपने विवेक से लिखित रूप में सहमति दे सकता है, पहले देय होगी। डिफ०ल्ट के मामले में, तब तक जमा की गई सभी राशियाँ जब्त कर ली जाएंगी;
9. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि 28-09-2023 को प्रातः 11.30 बजे से सायं 04.00 बजे तक है।
10. ई-नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकते हैं या ई-नीलामी को स्थगित कर सकते हैं। यदि कोई बोली निरस्त कर दी जाती है, तो प्राधिकृत अधिकारी निजी संधि द्वारा संपत्ति की बिक्री के लिए किसी भी बोलीदाता या इच्छुक बोलीदाताओं या अन्य पार्टियों के साथ बातचीत कर सकता है;
11. सफल क्रेता/बोलीदाता को किसी भी वैधानिक देय राशि, कर, देय शुल्क, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा, जो लागू कानून के अनुसार संपत्ति को उसके पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करने के लिए भुगतान करना आवश्यक है;
12. बिक्री, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पुष्टि के अधीन है;
13. कर्जदार/गारंटर, जो उक्त बकाया राशि के लिए उत्तरदायी हैं, इस बिक्री नोटिस को उपरोक्त उल्लिखित नीलामी बिक्री के आयोजन के बारे में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8 (6) के तहत एक सूचना के रूप में मानेंगे;
14. कर्जदार/गारंटर को नीलामी की तिथि से पहले उपरोक्तानुसार उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सरफासी ऐक्ट 2002 के तहत बिक्री के संबंध में 30 दिन का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा अचल संपत्ति की नीलामी की जाएगी और शेष राशि, यदि कोई है, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी। यदि कर्जदार बिक्री की तारीख से पहले एमओएचएफएल को देय राशि का पूर्ण भुगतान करता है तो नीलामी रोकी जा सकती है।
15. कुल बकाया ऋण राशि ऋण फोरक्लोजर राशि नहीं है। अन्य सभी शुल्क (यदि कोई हो) की गणना ऋण बंद करने के समय पर की जाएगी।
16. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एमओएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'', ''वहां जो कुछ भी है'' और ''कोई वापसी नहीं'' आधार पर की जाएगी।
17. बिक्री, समय-समय पर संशोधित, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी; बिक्री को पंजीकृत कराना पूरी तरह से सफल बोलीदाता/क्रेता की जिम्मेदारी होगी। उपरोक्त संदर्भित संपत्ति की बिक्री के पंजीकरण के संबंध में स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क, हस्तांतरण शुल्क और किसी भी अन्य खर्च और शुल्क से संबंधित सभी खर्च सफल बोलीदाता/खरीदार द्वारा वहन किए जाएंगे। बिक्री को जल्द से जल्द पंजीकृत किया जाना चाहिए अन्यथा क्रेता को पंजीकरण में देरी का कारण बताते हुए एमओएचएफएल को अनुरोध पत्र देना होगा;
18. इच्छुक बोलीदाता/प्रस्तावकर्ता या उनके विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के अलावा किसी भी व्यक्ति को ई-नीलामी/बिक्री कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा प्राधिकरण पत्र बोली दस्तावेजों के साथ जमा करना आवश्यक है;
19. विशेष निर्देश : ई-नीलामी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड की ओर से सेवा प्रदाता, मैसर्स इन्वेंटन स०ल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर आयोजित की जाएगी, जबकि बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी पसंद के अनुसार अपने घर/कार्यालय/स्थान से बोली लगानी होगी। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोलीदाताओं को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से जो भी हो) पूरी तरह से बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी और इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए न तो एमओएचएफएल और न ही इन्वेंटन जिम्मेदार होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें/करें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। हालाँकि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी/उसकी/उनकी बोली को उद्धृत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।
20. यह सूचना हमारे पोर्टल – https://motilaloswalhf.com/eauction-pdf पर भी प्रकाशित की गई है।

एनबी : कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूत ऋणदाता सभी कर्जदारों/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बिक्री सूचना जारी करने जा रहा है। यदि यह किसी भी पक्ष को प्राप्त नहीं होती है, तो बिक्री सूचना के इस प्रकाशन को सूचना-सेवा का एक प्रतिस्थापित तरीका माना जा सकता है।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 21-09-2023
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी,
(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड)

देशबन्धु

रायपुर, गुरूवार 21 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो।

सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकत: इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं।

सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की।

तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतज़ार कराना ठीक नहीं। उन्होंने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाये।

बहुमत के बल पर इसे पारित तो होना ही था, लेकिन यह साफ हो गया कि इसे लाने का भाजपा का उद्देश्य महिलाओं के वोट पाना है। अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।

# कठपुतली मीडिया का दौर

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश के एक जाने-माने न्यूज चैनल की चर्चित पत्रकार ने हाल ही में अपना एआई अवतार दर्शकों के सामने पेश किया। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक से तैयार किया गया वर्चुअल एंकर या आभासी प्रस्तोता। अपने इस अवतार को उन्होंने अपने नाम के आगे 2.0 लगाकर संबोधित किया। जैसे क्लोनिंग के जरिए एक प्राणी को हूबहू तैयार कर दूसरा प्राणी बना लिया जाता है, कुछ वैसा ही एआई एंकर को कहा जा सकता है। फर्क इतना ही है कि क्लोनिंग में हाड़-मांस, रक्त -भावनाएं सब वैसी ही रहेंगी, क्योंकि उसमें जीवन होगा। जबकि एआई एंकर में जीवन का प्रवाह नहीं होगा, भावनाओं का संचार नहीं होगा, बल्कि कम्प्यूटर से भरे गए कमांड्स से वह संचालित होगा। जिस न्यूज़ चैनल ने एआई एंकर प्रस्तुत किया है, वह देश में सबसे तेज होने का दावा करता है। पत्रकारिता में गति का कितना स्थान होना चाहिए और हर वक्त भागते-दौड़ते रहने की क्या जरूरत है, यह सवाल अब कालातीत हो चुका है। किसी भी खबर को सबसे पहले ब्रेक करने की जो उन्मादी पत्रकारिता शुरु हो चुकी है, उसमें ऐसे सवाल बेकार ही समझे जाएंगे कि खबर को देख-परख कर, तथ्यों की पड़ताल के बाद, समाज पर उसके असर का विश्लेषण कर देने की जरूरत है या फिर बिना किसी पुष्टि के हड़बड़ाते और चिल्लाते हुए खबर लोगों तक पहुंचाई जानी चाहिए।

खबर ब्रेक करते-करते, फटाफट सौ-पचास खबरों को पेश करने के चक्कर में जनता और देश के असली हितों से जुड़ी खबरें कहां गायब हो गई हैं, इसकी परवाह अब बहुत कम लोगों को रह गई है। खबरों के मेले में दर्शकों को लुभाने वाले आइटम समाचार रोज करोड़ों व्यूज बटोर रहे हैं, जबकि मेले में गुमशुदा खबरों की तलाश करने वालों की पूछ-परख नहीं रह गई है। अजीबो-गरीब शीर्षकों के साथ, बिना सही जानकारी के अफवाहों के जैसी खबरें रोजाना दर्शकों के सामने परोसी जा रही हैं। बिल्कुल जंक फूड की तरह, जो देखने में भी आकर्षक होता है और जीभ के चटोरेपन को संतुष्टि भी देता है, लेकिन शरीर पर उसका दीर्घकालिक असर घातक होता है। जंक फूड के नुकसान को समझने के बावजूद विज्ञापनों के बूते देश के एक बड़े वर्ग को, खासकर युवा पीढ़ी को इसकी लत लगा दी गई है। ठीक ऐसा ही अब पत्रकारिता में किया जा रहा है। लोगों को जल्दी से जल्दी खबरें देखने की लत लगा दी गई है, फिर चाहे इससे धार्मिक-सांप्रदायिक उन्माद भड़के, किसी का चरित्र हनन हो या खबर से निकला सही संदेश जनता तक न पहुंचे, मीडिया में अब इसकी परवाह नहीं की जा रही। अगर कोई गलत खबर चला दी जाती है तो उस पर खेद प्रकट कर दिया या फिर उस वीडियो को हटाकर बात की खत्म कर देने की आदत चैनलों को हो गई है। क्योंकि चैनलों की प्राथमिकता लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र आवाज उठाना नहीं है, बल्कि पूंजी और सत्ता के हित साधना है।

पहले बड़ी पूंजी की मदद से कार्पोरेट सेक्टर ने चैनलों को खड़ा किया, या फिर खरीद लिया, अपने शेयर चैनलों में बढ़ा लिए और फिर मनमाने तरीके से खबरों के साथ खिलवाड़ शुरु हुआ। इन चैनलों में काम करने वाले पत्रकार अपने मालिकों के इशारों पर नाचते रहे, क्योंकि उनका वेतनमान नाचने की शर्त पर ही निर्धारित किया जाता है। कुछेक पत्रकारों ने नाचने से इंकार किया तो उन्हें चैनलों से किसी न किसी वजह से विदाई लेनी पड़ी। ऐसे कई पत्रकारों का आसरा अब यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म हैं। न्यूज़ चैनलों में खबरों से खिलवाड़ में राजनीतिक चलन के हिसाब से नियम बदलते रहे और हर चुनाव के पहले और सरकारों के गठन के बाद इन नियमों में फेरबदल होता ही है। शुरुआती दौर में हर वर्ग को अपना दर्शक बनाने के लिए न्यूज़ चैनलों ने कई तरह के प्रयोग किए। खेल, विज्ञान, व्यापार, तकनीकी आदि की खबरें तो दी ही जाती थीं, खबरों के नाम पर अंधविश्वास की घटनाओं और धारावाहिकों की खबरों की नाटकीय प्रस्तुति से भी गुरेज नहीं किया गया। खबरों को आकर्षक बनाने के लिए टीवी स्टूडियो में एंकर को कभी अंतरिक्ष यात्री जैसी पोशाक पहनाई गई, कभी युद्ध के मैदान में पहुंचाया गया, कभी क्रिकेट खेलते दिखा दिया गया। स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में कल्पना की जितनी उड़ानें नहीं भरी गई होंगी, उतनी सब न्यूज़ चैनलों के सेट्स में भर ली गईं।

मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा तो कांग्रेस को विपक्ष से भी हटाकर कांग्रेस मुक्त देश बनाने की कोशिश में मीडिया ने भाजपा का भरपूर साथ दिया। लेकिन ये कोशिश कामयाब नहीं हुई। कांग्रेस अकेले बढ़ती रही, उसके साथ विपक्ष का कारवां भी बढ़ता गया और अब इन सबने मिलकर इंडिया का गठन कर लिया है। इसी इंडिया ने पिछले दिनों कुछ चैनलों के कुछ एंकरों के नाम घोषित किए हैं कि हमारे नेता, प्रवक्ता इनके शो में नहीं जाएंगे। कह सकते हैं पतन के दौर से गुजर रही पत्रकारिता ने असहयोग और सविनय अवज्ञा का दौर भी देख लिया। ये दौर वाकई बहुत कठिन है, फिर भी यहां लड़ने-झगड़ने, सुलह करने, माफी मांगने और अंतत: सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद है, क्योंकि आखिर में हैं तो सब इंसान ही। लेकिन अगर पत्रकारिता से इंसान ही गायब हो जाएंगे, तो फिर मानवीय कमजोरियों और गुणों के लिए भी जगह कहां बचेगी। क्या इंसान और तकनीक के बीच शुरु हो चुकी होड़ में मानवीय मूल्य और संवेदनाएं बच पाएंगे, ये एक कठिन सवाल इस वक्त समाज के सामने है।

**मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा।**

सबसे तेज कहे जाने वाले चैनल की एंकर ने अपने एआई अवतार को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी आने वाले वक्त में कितना काम है, चुनाव है, मुझे कई चुनावी क्षेत्रों का दौरा करना होगा, साक्षात्कार लेने होंगे, जनता के बीच जाना होगा, तो ऐसे में जब वो पत्रकारीय दायित्व निभाने के लिए क्षेत्र में रहेंगी तो स्टूडियो में उनका स्थान उनका एआई अवतार लेगी। ये वर्चुअल एंकर बिल्कुल उन्हीं की तरह दिखती और बोलती है। लेकिन उसका दिखना, बोलना सब कुछ तकनीकी है। मुमकिन है आगे निकलने की होड़ में अभी कुछ और चैनल इसी तरह के एआई एंकर स्टूडियो में ले कर आ जाएं। क्योंकि आभासी एंकर की खासियत है कि ये 24 घंटे बिना थके काम कर सकता है, क्योंकि मशीनें थकती नहीं हैं। आभासी एंकर्स में जिस भाषा की जानकारी भरी जाए, वह उसी भाषा में बात कर लेगा और वही बात करेगा, जो पहले से उसमें फीड की गई है। ये सब कुछेक वक्त के लिए अच्छा लग सकता है। चैनलों को भी फायदा रहेगा कि निर्धारित कीमत पर तैयार किए गए वर्चुअल एंकर न वेतन की बात करेंगे, न छुट्टी की, न उनकी अपनी कोई सोच होगी। बिल्कुल कठपुतली की तरह। लेकिन क्या कठपुतलियों के सहारे लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। वर्चुअल एंकर जब भावनाओं से शून्य आंखों के साथ समाचार देगा या देगी तो क्या दर्शकों तक समाचार पूरी तरह से संप्रेषित हो पाएगा। ये तमाम डर अब सिर उठाने लगे हैं। मुमकिन है इस डर को पूंजी के सहारे कुचला जाएगा, लेकिन उस डर का एहसास तो बना ही रहेगा।

जैसे फिल्मों में बहुत से दृश्य वर्चुअली तैयार किए जाते हैं और उनका डिस्क्लेमर दे दिया जाता है कि ये केवल कल्पना है, सच्चाई नहीं, वैसा ही दौर अब पत्रकारिता में शायद आ चुका है। अब शायद जल्दी ही खबर से पहले डिस्क्लेमर यानी अस्वीकरण आने लगेगा कि ये खबर इंसान द्वारा लिखी और प्रस्तुत की गई है, वर्चुअल एंकर द्वारा नहीं। खबरों में ऐसा डिस्क्लेमर समाज और लोकतंत्र दोनों के लिए ही अच्छा नहीं होगा। वैसे मीडिया में एआई के इस्तेमाल का बुरा असर अब रोजगार पर भी पड़ने लगा है। कुछ महीने पहले ही जर्मनी के सबसे बड़े टैबलॉयड बिल्ड ने अपने 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि उनके काम अब एआई के जरिए होने लगे हैं। छंटनी का ये सिलसिला जल्द ही बाकी देशों में भी शुरु हो जाएगा। वक्त आ गया है कि हम एआई वरदान या अभिशाप जैसे विषय पर वाद-विवाद शुरु कर दें। क्योंकि बहसों में चाहे जितनी कड़वाहट हो, इंसान होने की गंध उनमें भरी होती है।

# विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य है भारत

■ नन्तु बनर्जी

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि, सुश्री कैथरीनची ताई, शायद इस बात से पूरी तरह से अवगत नहीं हैं कि भारत में निर्यात किये जाने वाले वैश्विक अमेरिकी ब्रांडों के तहत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे अधिकांश हाई-टेक मास मार्केट इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट अमेरिका में निर्मित नहीं होते हैं। इनका निर्माण अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) द्वारा चीन में किया जाता है और भारत को निर्यात किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह भारत की नई लाइसेंसिंग व्यवस्था के बारे में अनावश्यक रूप से चिंतित हैं, जो एप्पल और डेल जैसी कंपनियों के भारत में शिपमेंट को प्रभावित कर सकती है और कंपनियों को भारत में उत्पाद बनाने के लिए मजबूर कर सकती है। नये नियम नवंबर से लागू होंगे।

कैथरीनची ताई हाल ही में जी 20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत में थीं। हालांकि, अमेरिकी कंपनियां स्वयं कम चिंतित हैं। उन्हें लगता है कि भारत में उनके ब्रांडों का बाजार अब अच्छा है और तेजी से बढ़ रहा है। भारत के लाभांश भुगतान और रॉयल्टी नियम चीन की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक और खुले हैं। न्यायनिर्णयन प्रणाली अच्छी और विश्वसनीय है। एप्पल पहले से ही अपने ताइवानी अनुबंध निर्माता, फॉक्सकॉन के साथ आईफोन बनाने के लिए यहां मौजूद है। हो सकता है, आने वाले समय में, आईपैड, मैक, ऐप्पल वॉच, ऐप्पल टीवी और एयर पॉड्स जैसे अधिक ऐप्पल उत्पाद भी स्थानीय बाजार और निर्यात के लिए भारत में निर्मित किये जायेंगे। एप्पल के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के पीछे रहने की संभावना नहीं है।

एक ताइवानी आप्रवासी की बेटी कैथरीनची ताई को शायद इस बात की जानकारी नहीं होगी कि दुनिया भर में लगभग 30 कारखानों का दावा करने वाली 10 अरब अमेरिकी डॉलर की ताइवानी अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन सोचती है कि आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र जिसे चीन में बनाने में 30 साल से अधिक का समय लगा। उनकी इच्छा है कि भारत में बहुत तेजी से उभरें। ऐप्पल और फॉक्सकॉन पहले से ही यहां हैं, यह समय की बात है कि अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज भारत को अपना विनिर्माण आधार बनायें। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष सह सीईओयंग लियू ने कथित तौर पर कहा था कि कंपनी भारत में अपने परिचालन का विस्तार करेगी क्योंकि व्यवसाय उच्च उपभोक्ता अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढ़ेगा।

लियू ने हाल ही में ताइवान में एक बयान में कंपनी की भारत की विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए कहा, 'फॉक्सकॉन ने उपभोक्ता जरूरतों के जवाब में भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार जारी रखा है।' उनका मानना है कि भारत 'एक नया विनिर्माण केंद्र बन जायेगा।' लियू निश्चित रूप से जानते हैं कि पिछले साल भारत के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार का आकार 73.73अरब डॉलर था। 2023 से 2030 तक बाजार के 6.8प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की उम्मीद है। भारत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खर्च में अल्पकालिक से मध्यम अवधि की वृद्धि के लिए विश्वव्यापी अवसर प्रदान करता है।

विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं और चीन में प्रचलित नियमों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं। चीन में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए, उनकी सहायक कंपनियों से नकद प्रत्यावर्तन हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, चीन विदेशी मुद्रा नियंत्रण की सख्त व्यवस्था रखता है। युआन की विनिमय दर को मजबूती से बनाये रखा गया है। चीन में आने और जाने वाले फंड अत्यधिक विनियमित हैं। कानून और विनियम-जैसे कंपनी कानून, प्रासंगिक कर नियम, साथ ही चीन के स्थानांतरण मूल्य निर्धारण नियंत्रण-विदेशी प्रत्यावर्तन में अतिरिक्त बाधाएं लगाते हैं। ऐसे माहौल में, विदेशी निवेशकों को अपने द्वारा कमाये गये मुनाफे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही लाभ प्रत्यावर्तन रणनीति को समझने और शामिल करने की आवश्यकता है।

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की चीन स्थित इकाई कई शर्तों के अधीन विदेशी प्रोमोटरों को सीधे लाभांश का भुगतान कर सकती है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से नकदी भेजने के लिए अंतर-कंपनी भुगतान, जैसे सेवा शुल्क या रॉयल्टी का उपयोग करती हैं। कुछ लोग किसी विदेशी संबंधित कंपनी को, जिसके साथ उसका इक्विटी गठजोड़ है, ऋण देकर अवितरित लाभ भेजते हैं। चीन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां 'कैशट्रैप' नामक घटना का शिकार होती हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा चीन में अपने परिचालन के संबंध में ऐसा माना जाता है।

नकदी जाल का मतलब है कि, जबकि चीन में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहयोगी या सहायक परिचालन लाभदायक हो सकते हैं, उन मुनाफे का प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ नकदी को बाहर निकालने का कोई कानूनी और प्रभावी साधन नहीं है, ताकि एक तरह से मुनाफे का एक हिस्सा (नकद) प्रभावी रूप से देश में ही फंसा हुआ है। नकदी जाल की घटना इसलिए मौजूद है क्योंकि जिस तरह से चीनी नियमों की विभिन्न परतें-विदेशी मुद्रा नियम, विदेशी निवेश वाले उद्यमों पर कंपनी कानून, कर नियम, और, अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण, चीन के हस्तांतरण मूल्य निर्धारण नियम-को चीन में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कंपनियों के संदर्भ में एक दूसरे बातचीत के लिए लागू किया जाता है।

इसके विपरीत, विदेशी कंपनियों के लिए भारत के प्रत्यावर्तन नियम कम जटिल प्रतीत होंगे। भारत स्वयं पारंपरिक रूप से प्रौद्योगिकी और उच्च-स्तरीय सेवाओं का शुद्ध आयातक रहा है। परिणामस्वरूप, भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां अक्सर प्रौद्योगिकियों के उपयोग और तकनीकी सेवाओं (एफटीएस) के लिए शुल्क के लिए संबंधित और असंबंधित विदेशी संस्थाओं को पर्याप्त रॉयल्टी का भुगतान करती हैं। भारत विदेशी बौद्धिक संपदा का आयात और उपयोग जारी रखता है। हाल ही में, भारत के लाइसेंस शुल्क भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 में, इस तरह के भुगतान की राशि 8.63 अरब थी, जो 2015 में भुगतान की गई फीस से 72प्रतिशत अधिक है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि एस एंड पी 500 कंपनियों के बाजार मूल्य में आईपी का योगदान 1975 में 17प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 90प्रतिशत हो गया है। केवल अल्पकालिक वित्तीय प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करना अदूरदर्शी हो सकता है और आईपी के रणनीतिक और दीर्घकालिक मूल्य को पहचानने में विफल हो सकता है।

एचपी, डेल, एसर, आसुस, लेनोवो और एप्पल जैसी वैश्विक आईटी हार्डवेयर कंपनियों को भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने में अधिक समय लग सकता है। वे जिन समस्याओं का हवाला देते हैं उनमें भारत में घटकों के पारिस्थितिकी तंत्र की कमी, खराब आपूर्ति श्रृंखला और महंगी लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। लेकिन, स्थिति तेजी से बदल रही है। हालांकि इसे ठीक करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सरकार चाहती है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत करें, जिससे मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

आखिरकार, कुछ वर्षों में, जब घटक विनिर्माण शुरू हो जायेगा और आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा, तो यह सभी हितधारकों के लिए एक जीत की स्थिति होगी। वास्तव में, नवीनतम लाइसेंसिंग व्यवस्था विदेशी निवेशकों को बढ़ते भारतीय बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने के लिए चीन स्थित और इसी तरह के अन्य विदेशी निर्यातकों द्वारा 'डंपिंग' के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। फॉक्सकॉन के बॉस यंगलियू का भारत पर भरोसा कंपनी के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद से है क्योंकि ताइवानी आईटी दिग्गज भारत में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए प्रमुख घटकों के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने की योजना बना रही है।

**विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं।**

**पावन प्रसंग**

## समग्र विकास का साधन शिक्षा

भारत में शिक्षा को एक रामबाण औषधि के रूप में हर मर्ज की दवा मान लिया गया और उसके लिए विस्तार की कोशिश बिना यह जाने समझे शुरू हो गई कि इसके अनियंत्रित विस्तार के क्या परिणाम होंगे। सामाजिक परिवर्तन की मुहिम शुरू हुई और भारतीय समाज की प्रकृति को देशज दृष्टि से देखे बिना हस्तक्षेप शुरू हो गए। दुर्भाग्य से ये हस्तक्षेप अंग्रेजी उपनिवेश के विस्तार ही साबित हुए हैं। स्मरणीय है कि भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं, गुरुकुलों, विद्यालयों और गांव-गांव में फैले स्कूलों की श्रृंखला वाली समाज-पोषित शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेजी शासन द्वारा विधिपूर्वक तहस-नहस किया गया था। विकसित ज्ञान क्षेत्रों और उनके उपयोग की सारी व्यवस्था को अंग्रेजों ने अपने हित में परे धकेलकर अपने ही घर में विस्थापित कर दिया था साथ ही उसमें से अपनी पसंद के रुचिकर ज्ञान को जीवन से काटकर जड़ बने इतिहास को समर्पित कर संग्रहालय की वस्तु बना दिया था।

यह भारत में शिक्षा के एक शून्य के निर्माण के लिए हुआ, ताकि सिरे से शिक्षा का एक नया प्रासाद निर्मित हो। इस शून्य को अपने एजेंडे के अनुसार अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था से भरा गया, ताकि शिक्षा का ऐसा नवनिर्माण हो कि अंग्रेजी विचार पद्धति और ज्ञान भारतीय चिंतन और ज्ञान का स्थान प्राप्त कर ले। भारतीय मानस के कायाकल्प की उनकी योजना सफल भी हुई। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान शिक्षा का जो ढांचा लादा गया, वह उपनिवेश के उपरांत स्वतंत्र भारत में प्रश्नांकित होने की जगह ठीक ठहराया गया और उसे आंख मूंदकर आत्मसात कर लिया गया।

ऐसा भी नहीं था कि असंगतियों-विसंगतियों पर ध्यान नहीं दिया। इनकी समीक्षा के लिए विचार-विमर्श हुआ और राधाकृष्णन और कोठारी आयोगों और राममूर्ति समिति आदि के प्रतिवेदनों के माध्यम से बहुत संस्तुतियां भी हुईं। ऐसे विचार अभी भी जारी हैं, पर अधिकांश ठंडे बस्ते में हैं। ज्ञान में पश्चिमी वर्चस्व बरकरार है। विभिन्न विषयों में सिद्धांत, अवधारणाएं और विचार पहले यूरोप और बाद में अमेरिका से प्रचुर मात्रा में आयातित हुए और उन्हीं के खांचे में फिट कर हमने स्वयं को देखना शुरू किया। इस प्रक्रिया में हमारे द्वारा जिस सामाजिक यथार्थ का निर्माण हुआ, वह केवल भ्रम का कारण बना और हम यथार्थ को भुलाकर वैज्ञानिकता के घने आवरण में हमारी आधी अधूरी समझ में पश्चिमी ज्ञान को ही सार्वभामिक ज्ञान का दर्जा दिया गया। दर्शन विज्ञान और साहित्य की सारी की सारी भारतीय उपलब्धियां अंधकार में लुप्त होने को अभिशप्त होती चली गई।

हालांकि सरकारी और औपचारिक ज्ञान की श्रेणी से बहिष्कृत होने पर भी लोक जीवन में टूटे, बिखरे और बदले रूपों में उसके अवशेष देखे-सुने जा सकते हैं। योग, संगीत, चित्रकला, आयुर्वेद और आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनका बाजार कुछ चमक जरूर रहा है, पर ज्ञान की स्वीकृत परिपाटी में उनकी कोई जगह नहीं है। उनकी स्वीकृति अभी भी दोयम या तीसरे दरजे की ही है। कटु और कठोर वास्तविकता यह है कि ज्ञान-विज्ञान की अपनी परंपरा को अनावश्यक ठहराकर व्यर्थ बना दिया गया है। वहीं विदेशों के चलन की नकल करते हुए नए-नए विषय शुरू किए जा रहे हैं। ज्ञान की अंधी और महंगी दौड़ जारी है और हमें गंतव्य का पता नहीं है भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के बीच हमारी अपनी पहचान और अस्मिता का प्रश्न गौण हो चला है।

देशज ज्ञान परंपराओं को संदिग्ध की श्रेणी में डालकर पश्चिमी ज्ञान की प्रासंगिकता और आधुनिकता के कवच से सजाया गया है। उसके वर्चस्व को अभेद्य और सुरक्षित बनाया गया है। परिणामस्वरूप यहां का शिक्षा तरु जड़ों से कटता हुआ सूखने लगा है। उसकी जगह जो नया पीधा रोपा गया, उसने यहां का जो भी सहज और स्वाभाविक ज्ञान था, उसे खारिज कर दिया। अध्ययन की एक नई चाल है।

**अखंड ज्योति**

**आपके पत्र**

## सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तक़रीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं. मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है. जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत।

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है. 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है। पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है. सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गई है। परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए?

राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है, बल्कि कई जगह सड़कों की ख़राब हालत भी ज़िम्मेदार है। जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ख़बरों का न्यूजपेपर में आना आम सी बात हो गई है। दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है. यदि सही मात्रा में सामग्री को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द ख़राब होने की संभावना नहीं होती है। वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं। अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही ज़रूर होती है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रास्तों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं। पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनाई जा रही हैं। जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है। इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं। साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर, उत्तराखंड**

# खेल जगत

## ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता है : इगा स्वीयाटेक

**पेरिस ( फ्रांस ),** 20 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व नंबर 2 इगा स्वीयाटेक ने 2024 ओलंपिक खेलों में खेलने के लिए अपनी प्राथमिकता साझा की, और रौलां गैरो 2024 से ठीक पहले पेरिस ओलम्पिक शेड्यूल करने के लिए विश्व टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) पर निराशा भी व्यक्त की। रौलां गैरो(फ्रेंच ओपन), जो 28 मई से 9 जून 2024 तक पेरिस के स्टेट रौलां गैरो में निर्धारित है, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक निर्धारित ओलंपिक खेलों से ठीक पहले खेला जाएगा।

स्वीयाटेक ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे अपने शरीर की बात सुनने की ज़रूरत है और सीज़न बहुत व्यस्त है - हमारी नंबर एक प्राथमिकता इसे अच्छे स्वास्थ्य के साथ अंत तक खेलना और समझदारी से योजना बनाना है ताकि हमें चोट लगने का खतरा न हो। ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता हैं, लेकिन विशेष रूप से इन प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी स्थिति में रहना मुश्किल होगा।



# आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले जारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 20 सितंबर (देशबन्धु)। आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले बुधवार को जारी किया। इस गीत को श्लोक लाल और सावरी वर्मा ने लिखा है और इसके संगीतकार प्रीतम है। जाने माने सुपरस्टार रणवीर सिंह इस गीत के विडियो में गाते दिखाई दे रहे हैं जबकि इस गीत का संगीत प्रीतम का है। प्रीतम, नक्श अजीज, श्रीराम चंद्र, अमित मिश्रा, जोनिता गांधी और आकासा, चरण ने गाया है। यह गीत एक रैप है और इसकी रचना और प्रस्तुति चरण ने की है।




यह गीत दिल जश्न बोले क्रिकेट प्रशंसकों को वन डे एक्सप्रेस पर भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर ले जाता है। इस गीत में क्रिकेट प्रशसंकों को अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले कभी न देखे जश्न से रूबरू होते हैं। वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले सपोटीफाई, एपल म्युजिक, गाना, हंगामा, रेसो , विंक, अमेजन, फेसबुक , इंस्टाग्राम और यू टयूब पर स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले गीत को जारी करने की बाबत सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कहा, स्टार सपोटर्स परिवार और क्रिकेट के जूनुनी प्रशंसक होने के नाते विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले का हिस्सा बन वाकई मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। यह उस खेल का जश्न है जिसे हम सभी दिल से प्यार करते हैं।

संगीतकार प्रीतम ने कहा, क्रिकेट भारत का सबसे बड़ा जुनून है और वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत 'दिल जश्न बोले' गीत का संगीत तैयार करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह गीत न केवल 1.4 अरब भारतीय क्रिकेट प्रशंसको के लिए है बल्कि इस वन डे विश्व कप को देखने भारत आने वाले दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसको का इस सबसे बड़े जश्न का हिस्सा बनने के लिए है।


इस गीत का म्यूजिक विडियो दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के समुदाय की भावनाओं को समाहित करता ही है। यह विडियो अलग अलग संस्कृतियों वाले देशों और प्रशसंको को एक सूत्र में पिरोता है। क्रिकेट प्रशंसकों पर केंद्रित यह गीत ऐसे जश्न की नुमाइंदगी करता जिसे दिलों को झंकृत करने और आत्माओं को जागृत करने के लिए तैयार किया है।

आईसीसी की जनरल मैनेजर-विपणन एवं संचार क्लेरी फुर्लांग ने कहा, आइसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप साबित होने वाला है और दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक इस हिस्सा बनने को तैयार हैं। विश्व कप यह गीत भारत और प्रशंसकों के जुनून और उर्जा को शानदार ढंग से दर्शाता है जो इसे बेहद खास बनाते हैं।

स्टार स्पोटर्स के प्रवक्ता ने कहा, हमें आईसीसी वन डे विश्व कप के आधिकारिक गीत के उसके साथ जुड़ सहयोग कर बेहद खुशी हो रही है। विश्व कप का यह गीत भावनाओं और उर्जा की अभिव्यक्ति है।

# भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

नई दिल्ली, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (694 रेटिंग अंक) वनडे एशिया कप क्रिकेट फाइनल में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मात्र 21 रन देकर छह विकेट चटका कर अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिलाने के साथ आठ पायदान उपर चढ़ कर आईसीसी वन डे रैंकिंग में फिर वापस दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव भी एशिया कप में स्पिन का जाल बुन कर कुल नौ विकेट चटकाने के बावजूद तीन पायदान खिसकने के बावजूद आईसीसी वनडे गेंदबाजी की रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और अभी भी शीर्ष दस में बने हुए हैं। सिराज पहली बार इस साल जनवरी में आईसीसी वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज बने थे। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (678 रेटिंग अंक) ने इस साल मार्च में उन्हें पीछे छोड़ कर वन डे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए थे। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज(599 रेटिंग अंक) अपने देश में मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम दो वनडे मैचों में धारदार गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका को पिछड़ने के बाद पांच वनडे मैचों की सीरीज जिताने के साथ भारत में होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप से एक पखवाड़े पहले जारी आईसीसी पुरुष क्रिकेटरों की गेंदबाजी रैंकिंग में नौ पायदान की छलांग लगा कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



■ कुलदीप यादव गेंदबाजी रैंकिंग में नौवे स्थान पर

आईसीसी वनडे रैंकिंग में अन्य गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान(657 रेटिंग अंक) दो पायदान उपर चढ़ कर चौथे और रशीद खान (655 रेटिंग अंक)तीन पायदान उपर चढ़ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए।वही इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स 11 वें स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एंगिडी 21वें स्थान पर है।

एशिया कप में एक-एक शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बाबर आजम ( 857 रेटिंग अंक) आईसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर तथा भारत के शुभमन गिल (814 रेटिंग अंक) में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली (708 रेटिंग अंक) एक पायदान ऊपर चढ़ कर आठवें और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन(698 रेटिंग अंक) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरियन में वनडे में 174 रन की भी एक पायदान ऊपर चढ़ कर नौवें और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (697 रेटिंग अंक) दसवें स्थान पर बरकरार हैं।

## अमेरिका और वेस्ट इंडीज की मेजबानी में होगा टी 20 विश्वकप

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में वर्ष 2024 का टी20 विश्व कप खेला जायेगा। अमेरिका के डलास, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क पहली बार किसी विश्वकप के आयोजन की मेजबानी करेंगे।

आईसीसी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाली चैंपियनशिप में 20 टीमें भाग लेंगी। आईसीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार इसके लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में आइजनहावर पार्क में 34 हजार सीटों वाला स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके तहत फ्लोरिडा में ग्रांड प्रेयरी, डलास और ब्रोवार्ड काउंटी में मौजूदा स्थानों का आकार बढ़ाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी बोर्ड ने नवंबर 2021 में वेस्ट इंडीज और अमेरिका को आयोजन की मेजबानी सौंपी।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, अमेरिका रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बाजार है और ये स्थान हमें दुनिया के सबसे बड़े खेल बाजार में अपनी पहचान बनाने का शानदार मौका हैं।

उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कई विकल्पों के बारे में विस्तृत और व्यापक मूल्यांकन के बाद अमेरिका के स्थानों का चयन किया है। हमने देश में कई संभावित स्थलों के विकल्पों का पता लगाया और हम संभावित मेजबानों के बीच उत्पन्न उत्साह से बेहद खुश थे, इससे क्रिकेट के प्रशंसकों और विभिन्न समुदायों को एकजुट करने और क्रिकेट को लेकर बढ़ती जागरूकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# जेसन रॉय को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वाकई कठिन था : जोस बटलर

**लंदन,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज और अपने अच्छे दोस्त जेसन रॉय को आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वास्तव में कठिन फैसला था। 32 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। रॉय के स्थान पर आए बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान ने 54, 96 और 127 रन बनाकर विश्व कप चयन के लिए अपना मामला मजबूत कर लिया और खुद की टीम में जगह पक्की करने के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द



सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया। मलान द्वारा अपनी जगह पक्की करने के बाद, रॉय को टीम से बाहर कर दिया गया और फॉर्म में चल रहे युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टीम में शामिल कर लिया गया। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समय आसान होता है। यह कप्तान के रूप में काम का हिस्सा है जो आनंददायक नहीं है, चाहे वे अच्छे दोस्त हों या नहीं, यह करना अच्छा काम नहीं है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह समाचार देना मेरी ज़िम्मेदारी है। स्काई स्पोर्ट्स ने बटलर के हवाले से कहा, वह मेरा बहुत अच्छा साथी है इसलिए यह निर्णय लेना वाकई कठिन था। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संकेत दिया कि रॉय विश्व कप के लिए स्टैंडबाय पर होंगे और अगर शीर्ष क्रम के किसी खिलाड़ी को चोट लगती है तो उन्हें फिर से टीम में शामिल किया जा सकता है। जेसन निश्चित रूप से शीर्ष क्रम का रिजर्व होगा। हैरी, हमें लगता है कि यह हमें बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है - वह बल्लेबाजी क्रम में एक से छह तक को कवर कर सकता है जो स्पष्ट रूप से एक टीम में फायदेमंद है। लेकिन अच्छे खिलाड़ी चूक जाते हैं, यह खेल की बहुत ही क्रूर प्रकृति है। 15 के बाहर बहुत सारे लोग हैं जिन्होंने महसूस किया होगा कि उनके पास एक स्थान के लिए वास्तव में अच्छा मौका था।

## सार संक्षेप

### एशियन गेम्स : भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

**हांगझाऊ (चीन)।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को हांगझाऊ में सीएक्ससी जिम्नेजियम में पूल सी में कंबोडिया पर 3-0 से जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने यह मैच 3-0 (25-14, 25-13, 25-19) से जीता। बुधवार को भारत का मुकाबला दुनिया के 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया से होगा। हांगझाऊ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में अब तक कुल तीन वॉलीबॉल पदक जीते हैं। 1962 में वे उपविजेता रहे। भारत के अन्य दो पदक 1958 और 1986 में जीते गए कांस्य थे।

### टिम साउदी के क्रिकेट विश्वकप खेलने पर संशय

**वेलिंगटन।** हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच के दौरान कैच पकड़ने के प्रयास में चोटिल हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी के विश्व कप में खेलने पर संशय है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि साउदी को अंगूठे की सर्जरी करानी पड़ेगी, इसलिये पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले विश्व कप में साउदी के खेलने के बारे में फैसला अगले सप्ताह लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक कैच पकड़ने का प्रयास में 34 वर्षीय खिलाड़ी का अंगूठा चोटिल हो गया था। इंग्लैंड विश्वकप के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। विश्व कप के पहले मैच से दो सप्ताह पहले गुरुवार को साउदी की सर्जरी होगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हमारे लिए अपनी क्षमता दिखाने का अच्छा मौका है : पॉल स्टर्लिंग

**लीड्स।** आयरलैंड के अंतरिम कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार शाम से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच से पहले उत्साहित है। स्टर्लिंग के पास पिछली बार एकदिवसीय मैच में दोनों टीमों के बीच हुई अच्छी यादें हैं -

## अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियन पैरिश को धूल चटाई

**बेलग्रेड ( सर्बिया ),** 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने क्वालीफिकेशन दौर में बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को धूल चटाकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहलवान पंघाल एक समय पहले दौर में इस मुकाबले में 0-2 से पीछे चल रही थी, लेकिन भारतीय महिला पहलवान ने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3-2 से जीत हासिल की। अमेरिकी पहलवान पैरिश शुरूआत में भारतीय पहलवान पर हावी थी। पैरिश ने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर उसे नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद हालांकि भारतीय 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण काफी मजबूत था और उन्होंने दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले दौर में आगे अपना कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी पहलवान का बायां पांव पकड़ कर नीचे गिराकर दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश इसके बाद कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसने अपना एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और विश्व चैंपियन पर जीत हासिल की। भारत की हालांकि पांच महिला और 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में पूरी तरह से वंचित रहे।



## रोहित शर्मा अश्विन को मैच विजेता के रूप में देखते हैं : सबा करीम

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (आईएएनएस)। पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने रविचंद्रन अश्विन की भारत की वनडे टीम में वापसी पर खुशी जताई।

करीम ने जियोसिनेमा को बताया, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा रविचंद्रन अश्विन को एक मैच विजेता के रूप में देखते हैं और वह सफेद गेंद क्रिकेट में जिस तरह का दृष्टिकोण दिखाना चाहते हैं, उसे लेकर वह बहुत स्पष्ट हैं। अब विश्व कप आने के साथ वह एक दिवसीय क्रिकेट की गतिशीलता को अच्छी तरह से समझते हैं और जानते हैं कि उन्हें ऐसे खिलाड़ियों को चुनना होगा जिनकी उस तरह की आक्रामक मानसिकता हो।



उन्होंने कहा, वह यह भी जानते हैं कि उनकी गेंदबाजी लाइनअप में, उन्हें छह में से कम से कम पांच विकेट लेने वाले विकल्प रखने होंगे और अगर उनके पास ग्यारह में अश्विन हैं, तो वह आक्रामक विकल्प उपलब्ध है। यदि आप अन्य सभी खिलाड़ियों को देखें जो रिजर्व में हैं - तो उन सभी की मानसिकता आक्रामक है। इसलिए, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा उस आक्रामक दृष्टिकोण को जारी रखना चाहते हैं जिसे हमने एशियाई चुनौती में भारतीय टीम को खेलते हुए देखा था। करीम ने आगे श्रेयस अय्यर के टीम में चयन को लेकर भी बात की।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि वे श्रेयस अय्यर के साथ बने हुए हैं। यह वास्तव में दर्शाता है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता उन पर कितना भरोसा करते हैं। और वनडे सेटअप में श्रेयस ने काफी अहम भूमिका निभाई है. इसलिए, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि वे विश्व कप टीम की घोषणा होने तक उनका समर्थन कर रहे हैं।

मुझे नहीं लगता कि अगर वह फिट है तो उसे टीम का हिस्सा बनने में कोई समस्या होनी चाहिए, भले ही वह इन दो या तीन मैचों में रन न बनाए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना : सविता

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक ओलंपियन सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू (चीन) में होने 19 वें एशियाई खेलों में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हागजू रवाना हो गई। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में पूल ए में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ है। जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनिया की टीमें पूल बी में हैं। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ मैच से करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम के बेंगलुरू से हांगजू रवाना होने से पहले टीम से एशियाई खेलों में उम्मीदों की बाबत कप्तान सविता ने कहा, हमें एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन और सकारात्मक नतीजों की आस है। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना है। हम इसीलिए एशियाई खेलों की अहमियत जानते ही हैं, हमें यह भी मालूम है कि अपने मकसद को पाने के लिए क्या करना है। हमने अपनी ताकत के मुताबिक अपनी रणनीति तैयार की है। हमने अपने प्रतिद्वंद्वियों की ताकत का आकलन करने के साथ उनकी खेल शैली को समझने की भी कोशिश की है। हमारा बेंगलुरू में लगा राष्ट्रीय शिविर लंबा और खासा मशक्कत भरा रहा। हमने इस शिविर में हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेहनत की।




■ एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन व सकारात्मक नतीजों की आस

■ एशियई खेलों की अहमियत जानते हैं, मालूम है मकसद को पाने के लिए क्या करना है

### हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब : दीपग्रेस एक्का

भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, जहां तक एशियाई खेलों की चुनी गई हमारी टीम के संयोजन की बात है तो हमने अनुभवी और नौजवान खिलाडियों की मिली जुली बढिया टीम है। हमारी संभी खिलाड़ी जेहनी तौर पर बढिया स्थिति में हैं । हमारी टीम की सभी खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने और अपनी प्रतिभा दिखाने को बेताब हैं। हम सभी इस बात से वाकिफ हैं कि हमारे पूल में कुछ मजबूत टीमें हैं। हमारी टीम हम सभी सभी इन एशियाई खेलों को यह आंकने के रूप में देख रहे हैं कि वे निजी और टीम के रूप में कितना परिपक्व हुए हैं। हम यह भी जानते हैं कि हमें वहां की स्थितियों से खुद को जल्द से जल्द ढालना होगा और हम इसके लिए तैयार हैं। हमारा कोशिश रहेगी कि हमारा ध्यान पूरी तरह हमारे खेल पर रहे।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम

**गोलरक्षक** : सविता (कप्तान)और बिच्छू देवी खरीबम।


**रक्षापंक्ति** : दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान), इशिका चौधरी, निकी प्रधान व उदिता।

**मध्यपंक्ति** : सुशीला चानू, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा गोयल, निशा वारसी, सलीमा टेटे, सोनिका, वैष्णवी विल फाल्के।

**अग्रिम पंक्ति** : वंदना कटारिया, दीपिका, ललरेमसियामी,संगीता कुमारी।

### सुडोकू 6323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 |




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

दामाद 14 दिनों से ससुराल में था,
सास - दामाद जी कब वापस जा रहे हो?
दामाद- क्यों?
सास - बहुत दिन हो गये।
दामाद- आपकी बेटी तो छः-छः महीने मेरे यहाँ रहती है..
सास - वो तो वहां ब्याही गई है।
दामाद- और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं।

## संपादकीय

### हृदय रोगों के इलाज में शासकीय मदद

आधुनिक जीवन शैली से अनेक बीमारियां काफी बढ़ रही हैं। लगातार तनाव और चिंताओं से होने वाले उच्च रक्तचाप का जो सीधा परिणाम हो रहा है वह है दिल सम्बन्धी बीमारियां। बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह रोग जितना घातक है, उसका इलाज उतना ही महंगा। चूंकि इसमें जांच बार-बार करानी होती है और कई तरह की दवाएं खानी पड़ती हैं, वह खर्च तो होता ही है, कई बार एंजियोप्लास्टी या स्टेंट डालने से लेकर ऑपरेशन तक कराने पड़ते हैं। जब तक इसके इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त न हो सके या स्वास्थ्य बीमा न हो, हर किसी के लिये इसका इलाज़ कराना सम्भव नहीं होता है।

नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा के प्रति सजग रही छत्तीसगढ़ सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अनेक तरह के रोगों से उबरने में लोगों को आर्थिक मदद दे रही है। बेहद खर्चीले इलाज से निपटने की दिशा में यह वरदान साबित हो रही है। हृदय रोगों से पीड़ित बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आज इस योजना की मदद मिलने से स्वस्थ हो चुके हैं। ऐसे लाभार्थियों की एक सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बतलाया कि इस योजना के दायरे में 69 लाख परिवार हैं। अब तक सरकार को 3643 करोड़ रुपये से अधिक के दावे प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत अब तक 20 लाख रुपये दिये जाते थे जिसे बढ़ाकर 25 लाख रुपए किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हृदय रोगों के इलाज हेतु आवश्यक आधुनिक उपकरण जुटाये जा रहे हैं। ऐसे रोगों के इलाज में किसी तरह की कोई कमी न आने देने का आश्वासन भी उन्होंने दिया।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाएं मुहैया कराना किसी भी सरकार के प्रमुख उत्तरदायित्वों में से एक है। यह विकास के प्रमुख संकेतकों में से एक है तथा इसके माध्यम से ही किसी भी राज्य का विकास तय होता है। छग में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं स्तर काफी अच्छा माना गया है। इसके सतत अद्यतन करने की आवश्यकता होती है। दुनिया भर में लोगों को स्वस्थ रखने के लिये चिकित्सा विज्ञान व तकनीकों पर काफी काम हो रहा है। देश-दुनिया में नयी-नयी सुविधाएं एवं उपकरण विकसित हो रहे हैं जिन्होंने लोगों के जीवन में स्वास्थ्यगत परिवर्तन किये हैं। यह सुखद संकेत सीएम ने दिया है कि आधुनिक तकनीकों पर आधारित उपकरण यहां लाये जायेंगे। उम्मीद की जा सकती है कि आधुनिक उपकरणों एवं स्वास्थ्य योजनाओं के कारण प्रदेश के लोगों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आधुनिकतम उपकरणों के आने से यहां के लोगों को उन राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जहां के अस्पतालों में ऐसी सुविधाएं हैं।

# भू प्रभावित महिलाएं बैठी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर





**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। एनएमडीसी नगरनार इस्पात संयंत्र के भूमि प्रभावित बेटियों ने इस्पात संयंत्र में नौकरी की मांग को लेकर सोमवार से नगरनार इस्पात संयंत्र प्रवेश द्वार के पास, राष्ट्रीय राजमार्ग 63 के किनारे अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठ गए हैं। धूप और बारिश के बीच महिलाएं आंदोलन में डटी हुई है।

आंदोलन में बैठी ममता सेठिया, अंजूषा पटेल,सायतो सेठिया, हारावती कश्यप,सयातो बघेल, सैतवती कश्यप, रामवती सेठिया ,सुकल नाग ने बताया कि नागाणा एक्सप्रेस संयंत्र के लिए जब भूमि अधिग्रहण किया जा रहा था तब हमारे परिवार से भी भूमि अधिग्रहित किया गया था लेकिन हम बेटियों को रोजगार नहीं दिया गया ऐसे 71 भू प्रभावित बेटियों ने नगरनार इस्पात संयंत्र में नौकरी के लिए अनेक जगहों पर आवेदन दिया। जिला प्रशासन नगर न इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के पास गुहार लगाई लेकिन अब तक उन्हें नौकरी नहीं मिली जिसके चलते हुए मजबूरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

**नगरनार इस्पात संयंत्र में नौकरी की मांग**

यह भू प्रभावित महिलाएं कस्तूरी, नगरनार, आम, मंगनपुर, माड़पाल और उपनपाल क्षेत्र के हैं।

आंदोलनकारी महिलाओं ने बताया कि सीएसपी एवं एनएमडीसी के अधिकारी आंदोलन स्थल पर पहुंचे थे और उनसे बातचीत कर लौट गए, लेकिन मांगों के संबंध में उन्होंने कुछ भी नहीं कहा। झमाझम बारिश के बीच भी भू प्रभावित महिलाएं अपनी मांगों को लेकर आंदोलन में बैठे हुए हैं।

# कोदाभाटा पारा एवं केशापुर पारा को ग्राम पंचायत मावलीपदर में शामिल करने की मांग



**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड दरमा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टोपर के कोदाभाटा पारा एवं केशापुर पारा को ग्राम पंचायत मावलीपदर में शामिल करने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण बुधवार को काफी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा। दरभा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले नवीन ग्राम पंचायत टोपर के कोदाभाटा पारा एवं केशापुर पारा के निवासी सीमांकन से पूर्व यह दोनों मोहल्ले पारा ग्राम पंचायत मावलीपदर में शामिल थे, किंतु सीमांकन के दौरान ग्रामवासियों की सहमती के बिना इन्हें अन्यत्र पंचायत टोपर में शामिल कर दिया गया। वर्तमान में कोदाभाटा एवं केशापुर पारा से ग्राम पंचायत टोपर की दूरी लगभग छह से सात किलोमीटर है जिस वजह से उक्त मोहल्लेवासियों के शासकीय कार्य राशन लेने एवं अन्य कार्यों का पूरा करने के लिए दूर स्थित पंचायत भवन तक आने जाने में काफी दिक्कतों कासामना करना पड रहा है। ग्राम पंचायत टोपर के कोदाभाटापारा एवं केशापुर पारा को ग्राम पंचायत मावली पदर में शामिल करने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। इस दौरान दोनों गांव के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

**ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

# एनएमडीसी स्टील प्लांट के परिवहन में बस्तर का हो एकाधिकार : सुब्रतो



**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। एनएमडीसी स्टील प्लांट बस्तर का सपना रहा है जिसे समस्त बस्तर वासियों ने दो दशक पहले देखा था ।छत्तीसगढ निर्माण के बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का बस्तर को बड़ा उपहार था। स्थानीय छोटे छोटे विरोध के बाद सबने स्टील प्लांट का स्वागत किया । लम्बे इन्तजार संघर्ष के बाद आज नगननार का स्टील प्लांट धूआ उगल रहा है, उत्पादन प्रारम्भ हुआ है। यह प्लांट हमारे युवाओं का ,हमारे बस्तर वासियों का सपना रहा ,पर योग्यता के अभाव,जानकारी का अभाव, एनएमडीसी मुख्यालय का हैदराबाद होना ,अकुशल श्रमिकों में भी बाहरी लोगों को लिया जाना हमारे उम्मीदों पर पानी फेकने के समान था। अफसोस है कि हमारे जनप्रतिनिधि खामोश है ,उनकी चुप्पी समझ से परे है। अगर हमने खामोशी को नहीं तोड़ा, तो नगरनार का स्टील प्लांट हमारे लिऐ सिर्फ धूल धूआ उगलने वाला उपक्रम बन कर रह जायेगा। स्टील प्लांट मे उत्पादन प्रारम्भ होने के बाद जिस प्रकार से सारा माल परिवहन अन्य प्रदेश के वाहनों के माध्यम से हो रहा है ये हमारे हित के विरोध में है । किसी भी स्थिति में स्टील प्लांट से निकलने वाले माल परिवहन की सम्पूर्ण अनुमति बस्तर के लोगों के पास होना चाहिए ।किसी व्यक्तिगत संस्था को माल परिवहन का अधिकार नहीं होना चाहिए। हमारे प्रभावित क्षेत्र के मालिकों ,बस्तर के परिवहन मालिकों को इस स्टील प्लांट से निकलने वाले माल के परिवहन का अधिकार होना चाहिए। बचे हुए माल को बाहरी परिवहनों को दिया जाए जिससे हमे आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए। हमारे बस्तर के हक के मामले मे किसी प्रकार का नुकसान अगर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**टेंडर की प्रक्रिया से बस्तरवासियों को हो सकता है नुकसान**

# कांजी हाउस में भूख हड़ताल का दूसरा दिन



**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। परपा स्थित कांजी हाउस में 16 मवेशियों की मौत के मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। यहां सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम व महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर भूख हड़ताल पर दूसरे दिन भी बैठे रहे। इस दौरान बारिश के बावजूद सक्षम के सदस्य यहां मौजूद रहे। सक्षम पदाधिकारियों ने बताया कि रोजाना यहां मवेशियों की जांच करने पहुंच रहे पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को भी इस बात की जानकारी थी कि मवेशियों की मौत हुई है, लेकिन उनके द्वारा किसी भी मवेशी का पोस्टमॉर्टम नहीं किया गया। ऐसे में मवेशियों की मौत के मामले में सक्षम पदाधिकारियों ने उन्हें भी दोषी बताया है। लगातार जारी सक्षम की भूख हड़ताल के बीच जहां निगम के अफसरों ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है, वहीं पुलिस ने भी दोषियों को बचाने का प्रयास किया है। इन हालातों में दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सक्षम पदाधिकारी आंदोलन पर डटे हुए हैं।

कांजी हाउस संचालक आदर्श तिवारी ने बताया कि बीते 6 सितंबर को 2 मवेशियों की मौत कांजी हाउस में हुई थी। इस दिन पशु चिकित्सक भी मौजूद थे, लेकिन निरीक्षण पंजी में उन्होंने सभी मवेशियों को स्वस्थ्य बताया। इसके बाद 12 सितंबर को एक मवेशी की मौत निमोनिया से हो गई थी। इस गाय की मौत के बाद तिवारी ने ही उसका पोस्टमॉर्टम करने की मांग की और बाद में उसका पोस्टमॉर्टम किया गया। बाद में शव को कांजी हाउस में ही दफना दिया गया। इधर कांजी हाउस में मवेशियों में खुरा-चपका बीमारी फैलनी शुरू हो गई है। सक्षम पदाधिकारियों ने रात के समय कुछ मवेशियों में इसे देखा। दरअसल भूख हड़ताल के दौरान सक्षम पदाधिकारी कांजी हाउस में ही रातभर रहे। इस बीच उन्होंने कुछ मवेशियों के पैरों में खुरा-चपका बीमारी होने की जानकारी दी। बावजूद डॉक्टरों द्वारा निरीक्षण पंजी में सभी गायों को स्वस्थ्य बताया जा रहा है। कानून के जानकार बताते हैं कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 3 के तहत किसी भी पशु की देखभाल या देखभाल करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह ऐसे जानवरों की भलाई सुनिश्चित करने और अनावश्यक पीड़ा को रोकने के लिए समुचित उपाय करें। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (एच) में प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति या पशु का मालिक अपने पशु को पर्याप्त भोजन-पानी या आश्रय नहीं दे पाता तो यह क्रूरता की श्रेणी में आता है। धारा 11 (1) (1) के तहत कोई व्यक्ति बिना किसी कारण के किसी भी जानवर को भूख-प्यास के कारण दर्द सहना पड़े तो यह दंडनीय अपराध है। इन धाराओं के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने की जरूरत राज्य सरकार को है।

# शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। कार्य परिषद की बैठक में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं बस्तर विधानसभा के विधायक लखेश्वर बघेल, नारायणपुर विधानसभा के विधायक चंदन कश्यप, वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम के साथ कार्य परिषद के कुल 9 सदस्य शामिल हुए। इस बैठक में 46,47 वें बैठक के विषयों का अनुमोदन किए जाने के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



- संविदा प्राध्यापकों का 1 वर्ष के लिए हुआ नवीनीकरण
- अतिथि व्याख्याता की सूची शीघ्र होगी जारी
- सहायक अध्यापकों का सह प्राध्यापक के पद पर प्रमोशन

14 और 20 सितंबर को वित्त परिषद की बैठक के अनुसार पी एचडी के सिलेबस को अनुमोदित किया गया। इसके अनुसार पीएचडी प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे ,जो 50-50 अंकों के होंगे। प्रथम प्रश्न पत्र सभी के लिए सामान्य ज्ञान का होगा और दूसरा प्रश्न पत्र विषयवार होगा। दोनों प्रश्न पत्रों में कुल 100 सवाल पूछे जाएंगे और प्रत्येक सवाल का एक अंक होगा। सरकार से प्राप्त वित्त निर्देश के आधार पर कर्मचारियों के डीए ,गृह भाड़ा भत्ता में सातवां वेतनमान के अंतर्गत 6 प्रतिशत प्रदान किए जाने। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की सीधी भर्ती के लिए 91 संशोधन अंतर्गत स्टाइफनड की व्यवस्था बंद कर 100त्न मूल वेतन सुविधा लागू करने। विश्वविद्यालय में संविदा पर कार्यरत 5 एमबीए विषय के सहायक प्राध्यापकों , 2 एमसीए विषय के और 1 बीएड सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति नवीनीकरण 1 वर्ष के लिए किया गया।

अतिथि व्याख्याता नियुक्ति के लिए सात विषयों में साक्षात्कार चयन समिति का प्रतिवेदन कार्य समिति के समक्ष खोला गया। शिक्षा, राजनीति, इंग्लिश, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय के आवेदन उपयुक्त पाए गए हैं उनका चयन सूची जारी किया जाएगा। फॉरेस्ट्री और सोशियोलॉजी में योग्य व्याख्याता नहीं मिले। इनके लिए फिर से विज्ञापन जारी किया जाएगा, या वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा। करियर उन्नति योजना के अंतर्गत नियमित 4 सहायक प्राध्यापकों और एक सहायक लाइब्रेरी के 8 000 ग्रेड पे से बढ़कर 9000 ग्रेड पे करते हुए उनका प्रमोशन सह प्राध्यापक के रूप में किया गया है।

### एलएलएम पाठ्यक्रम इस शिक्षा सत्र से शुरू

विधि स्नातक विद्यार्थियों के लिए वर्षो बाद खुशखबरी आई है। स्थानीय करती स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग में अब एलएलएम पाठ्यक्रम को स्वीकृति मिल गई है। वर्तमान शिक्षा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विधायक ने 44.80 लाख के सात कार्यों का किया भूमिपूजन- लोकार्पण



**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने 44 लाख 80 हजार रुपये के सात कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। दोपहर बाद श्री जैन अपने सहयोगियों के साथ आसना, कालीपुर, बालिकोंटा व परपा पंचायत पहुंचे थे। आसना के छेपड़ागुड़ापारा में 12 लाख 32 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन किया। आसना के छेपड़ागुड़ा में भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा कर विधायक जैन ने शीश नवाया वहीं कालीपुर, बालिकोंटा की देवगुडियों में पूजा पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुए। स्थानीय देवी-देवताओं का जयकारा लगाया गया। छेपड़ागुड़ा में प्रगति युवा मंच के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यहां के बाद कालीपुर पहुंचे विधायक ने पहले स्थानीय मातागुड़ी में पूजा- अर्चना की। तत्पश्चात तीन विकास कार्यों - हलबा समाज भवन निर्माण, हिंगलाजिन मातागुड़ी तथा माता मंदिर के पास बोरिंग खनन कार्य का भूमिपूजन किया। इन तीन कार्य के लिए 16.33 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कालीपुर के बाद ग्राम पंचायत बालिकोंटा व परपा में भी भूमिपूजन- लोकार्पण किया। बालिकोंटा में हिंगलाजिन मातागुड़ी के लिए भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार परपा में गदबा समाज के भवन का लोकार्पण करने के साथ सीसी सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

किसान, आदिवासी, युवाओं-बेरोजगारों आदि के हित में कांग्रेस सरकार के मुखिया द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जमकर प्रशंसा विधायक जैन व अन्य लोगों ने की। कार्यक्रम स्थलों पर भूपेश है तो भरोसा है का नारा भी गूंजा। लोगों ने कांग्रेस की सरकार फिर से बनाने का संकल्प भी लिया।

**हेमलता की सफलता दोहराने की विधायक ने दी प्रेरणा:** इस साल आसना की बेटी हेमलता पिता रनु कश्यप का चयन एमबीबीएस में हुआ है। छेपड़ागुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक जैन ने अन्य बेटियों को भी हेमलता की सफलता दोहराने की प्रेरणा दी। उन्होने वन अधिकार पट्टा हासिल करने वन समिति की बैठक कर समस्त औपचरिकता पूर्ण करने के बारे में भी बताया। प्रगति युवा मंच की सभी मांगों को पूर्ण करने आश्वस्त करते कहा कि वे झूठी घोषणाएं कभी नहीं करते हैं, जो भी कहते हैं उसे हर हाल में पूरा करते हैं।

# विकास का ढपोरशंख बजाना बंद करें कांग्रेस के जनप्रतिनिधि : बाफना



**जगदलपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नेगानार, कामानार, मावलीपदर एवं चिंगपाल में क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सीता मायाराम नाग के प्रयास से जिला पंचायत विकास निधि के 15 वें वित्त से स्वीकृत लाखों रूपये के निर्माण कार्यों की सौगात देने लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना के हाथों विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

ग्राम पंचायत नेगानार में शहीर वीर नायक मुन्दी कलार रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन लागत राशि 02 लाख, ग्राम पंचायत कामानार में बाउण्ड्री वॉल निर्माण कार्य का लोकार्पण लागत राशि 10.90 लाख, ग्राम पंचायत मावलीपदर में सामाजिक-सांस्कृतिक रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन लागत राशि 02 लाख, ग्राम पंचायत चिंगपाल में बाजार शेड निर्माण का लोकार्पण लागत राशि 10.52 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली। ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों की सौगात देने के पश्चात् ग्राम पंचायत चिंगपाल में पूर्व विधायक बाफना ने ग्रामीणों की सभा को भी सम्बोधित किया और कहा कि, भाजपा ने हमेशा विकास में विश्वास रखा है। भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की तरफ से बिना किसी भेदभाव के लगातार विकास के लिए राशि दी जा रही है ताकि, क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास करवाया जा सके। जिसकी वजह से जनता का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है और एक ओर दूसरी तरफ प्रदेश की कॉग्रेस सरकार है जिसने पिछले पांच वर्षों में न्याय और विकास का ढपोरशंख बजाकर लगातार जनता को ठगा है। अब जनता भी कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के लिए विदाई का मुड़ बना चुकी है। क्योंकि कॉग्रेस और उनके जनप्रतिनिधि सिर्फ बोल ही सकते है, कर कुछ नहीं सकते। यहीं वजह से है जनता का कॉग्रेस से भरोसा उठ चुका है और इस बार जनता के आर्शीवाद से भाजपा प्रदेश में परचम लहराएगी।

जिला पंचायत सदस्य सीता मायाराम नाग, धरमुराम मंडावी, रैतु बघेल, चिंगपाल सरपंच ललिता कश्यप, संतोष बघेल, फूलसिंह सेठिया, गागरा राम नाग ने संबोधित किया और कांग्रेस की सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस वाले वापसी का सपना न देखें और स्वयं ही उन्हें अपने बोरिया-बिस्तर बांध कर रख लेने चाहिए। क्योंकि कांग्रेस की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। ये सरकार युवाओं के सपने तोड़ने और किसान, गरीब, महिलाओं, कर्मचारियों से वादाखिलाफी करने वाली साबित हुई है। इस कार्यक्रम के दौरान दरभा जनपद पंचायत अध्यक्ष ए. जानकी राव, शांति बघेल, हरिप्रसाद कश्यप, विष्णु प्रताप कश्यप, बुधराम कश्यप, दलपत राय, दुर्जन कश्यप, नानी राम कश्यप, जयपाल नाग, धर्मेंद्र ठाकुर, मिशल बघेल, चमरा सेठिया, सुरेश सिंह, लेखन यादव, लखमू राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में दरभा डिविजन की दो महिला नक्सली ढेर



- एक पर 5 तथा दूसरे पर 2 लाख का ईनाम घोषित
- डीआरजी, बस्तर फाईटर्स व डीएसएफ दंतेवाड़ा को मिली सफलता
- चुनाव से पूर्व एक्टिव मोड में पुलिस

**दंतेवाड़ा,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। नक्सलियों के विरूद्ध दंतेवाड़ा में जारी अभियान को आज उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली, जब डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ में दरभा डिविजन की दो महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया। इनमें से एक पर 5 और दूसरे पर 2 लाख का ईनाम घोषित है। मारी गई नक्सलियों के शव बरामद हो गए हैं, साथ ही एक इंसास रायफल सहित अन्य हथियार एवं सामान बरामद किये गए हैं।

दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के विरूद्ध अभियान लगातार जारी है। 19 सितंबर की रात अरनपुर क्षेत्र के छोटे हिड़मा एवं डुगिंनपारा के जंगल में दरभा डिवीजन एसजेडसीएम चैतु, एसजेडसीएम देवा, डीव्हीसीएम जगदीश, डीव्हीसीएम जयलाल के साथ लगभग 20-25 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति होने की सूचना पर डीएसपी नक्सल ऑपरेशन राहुल कुमार उईके के नेतृत्व में डीआरजी, बस्तर फाईटर्स एवं डीएसएफ दन्तेवाड़ा का बल रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान छोटे हिड़मा एवं डुगिंनपारा के जंगल/पहाड़ी में पूर्व से घात लगाये नक्सलियों के द्वारा पुलिस पर जान से मारने एवं हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। पुलिस बल द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई। पुलिस की जबावी कार्यवाही से नक्सली जंगल/पहाडी़ की आड़ लेकर भाग गये।

मुठभेड़ पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग पर 2 महिला नक्सलियों के शव, 1 नग इंसास रायफल, 1 नग 12 बोर बन्दूक, वाकीटाकी सेट, नक्सली पिट्ठू बेग, 29 राउण्ड, 3 इंसास मैगजीन, 3 रेडियो, 2टिफिन बम, 3 नग डेटोनेटर, दैनिक उपयोगी सामग्री, नक्सली साहित्य एवं दवाईयॉ बरामद की गई। मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सलियों में 1 की पहचान मलांगेर एरिया कमेटी सदस्य/एरिया मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ, कुमारी लक्खे उर्फ जिलो माड़वी निवासी चोलनार पटेलपारा के रूप में की गई है। इस पर 5 लाख का ईनाम घोषित है। दूसरी महिला शव की पहचान प्लाटून 24 सदस्य (विमला की गार्ड) मंगली पदामी उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी पैद्दागेलूर थाना बासागूड़ा ज़िला बीजापुर के रूप में की गई है। इस पर 2 लाख का इनाम घोषित है। मलांगेर एरिया कमेटी सदस्या/एरिया मिलिशया कमाण्ड इन चीफ कुमारी लक्खे पर पूर्व से 5 लाख रूपए का ईनाम घोषित है। इनके विरूद्ध थाना किरन्दुल एवं अरनपुर में कुल 6 अपराध पंजीबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्श में जारी नक्सल विरोधी अभियान को लगातार सफलता मिल रही है।

# जटिल त्वचा रोग से ग्रसित शिशु का सफल उपचार



- दंतेवाड़ा के एसएनसीयू विशेषज्ञों की मेहनत रंग लाई
- 1 से 2 लाख बच्चों में किसी एक को ही होता है यह रोग

**दंतेवाड़ा,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के प्रसूति विभाग में जटिल त्वचा संबंधी बीमारी से ग्रसित शिशु का सफल उपचार किया गया। इसके अनुसार ग्राम पोटाली (कुआकोंडा) मिचीपारा निवासी महिला श्रीमती पोजजे मंडावी पति (मुकाराम मंडावी) द्वारा 26 अगस्त 2023 को असामान्य विलक्षण शिशु को जन्म दिया गया। अत्यंत दुर्लभ त्वचा रोग से ग्रस्त उक्त शिशु को तत्काल जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। उपस्थित चिकित्सकीय स्टाफ ने इलाज की गंभीरता को समझते हुए त्वरित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश ध्रुव को सूचित किया, जिससे डॉ. ध्रुव के निर्देशन में शिशु का उपचार प्रारंभ किया गया। गौरतलब है कि शिशु की समस्या बहुत ही जटिल एवं विलक्षण थी और इस तरह के शिशु बहुत ही कम जन्म लेते हैं। जो कि एक प्रकार का दुर्लभ त्वचा रोग है, जिसे कोलौडियन बेबी या जन्मजात इचिथोसिस भी कहा जाता है। यह जन्मजात त्वचा रोग जो लगभग 1 से 2 लाख बच्चों में सिर्फ एक बच्चे को हो सकता है। इसमें शिशु का पूरा शरीर एक चर्म पत्र की तरह से झिल्ली से ढका होता है, जिसे पपड़ीदार स्किन कंडीशन भी कहते हैं। यह रेयर स्किन डिजीज जीन के म्यूटेशन के कारण होता है, जिसे जन्मजात ऑटोसोमल रिसेसिव भी बोला जाता है। इसमें शिशु का चेहरा एवं चमड़ी विकृत हो जाता है, और आंखों की पलकें बाहर की तरफ निकली होती है, एवं बच्चों के होंठ बाहर की तरफ निकल जाते है।

इस तरह के विलक्षण स्किन डिजीज वाले शिशु का रखरखाव अत्यंत कठिन होता है क्योंकि ऐसे मामलों में शिशु की जन्म के एक हफ्ते के अंदर ही मृत्यु हो जाती है, और इनमें कई तरह की जटिलताएं जैसे डिहाइड्रेशन, ठीक से दूध नहीं पी पाना स्किन इन्फेक्शन इलेक्ट्रोलाइट उत्पन्न हो जाती हैं। जिससे शिशु को बचाना अत्यंत कठिन होता है। ऐसे में बहुत सावधानी लेकर ऐसे शिशुओं को उपचारित किया जाता है। इस क्रम में उक्त शिशु का जिला चिकित्सालय एसएनसीयू दंतेवाड़ा से सफलतापूर्वक सफल उपचार किया गया। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश ध्रुव एवं एसएनसीयू नर्सिंग स्टाफ तथा संपूर्ण अस्पताल प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा। बहरहाल शिशु के प्रसन्न माता-पिता ने इसके लिए अस्पताल एवं प्रबंधन का आभार जताया हैं, और उन्होंने सभी के लिए धन्यवाद दिया है।

# चोरी के 2 आरोपी 5 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव पुलिस द्वारा चोरी के 2 आरोपी को 5 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने के साथ ही चोरों से गैस चूल्हा, सिलेण्डर दो नग पीटीओ साफ्ट लोहे का ट्रेक्टर पार्ट्स, नगदी रकम 5000 रूपए जप्त किया गया। एसपी वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में, एडि.एस.पी. दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन व एस.डी.ओ.पी.कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागांव पुलिस ने सुने घर में ताला तोडकर चोरी करने वाले आरोपी अनिल कोर्राम और रूपेश तलवार को गिरफ्तार किया।



प्रार्थी सुरेश कुमार देवांगन द्वारा थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि एन.एच.30 मेन रोड कोण्डागांव में महेन्द्रा शोरूम के सामने अपना घर बनवा रहा है, जिसका का काम चल रहा है। 18 सितम्बर 2023 के रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के निर्माणाधीन मकान के कमरे का ताला तोडकर अंदर घुसकर कमरे में रखे एक नग गैस चूल्हा, एक नग गैस सिलेण्डर, दो नग पीटीओ साफ्ट लोहे का ट्रेक्टर पार्टस कुल कुल कीमती 17000 रूपये का सामान एवं 5000 रूपये नगदी चोरी कर लिया गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध क्र.319/2023 धारा 379, 457 भा.दं.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

अज्ञात आरोपी एवं माल मशरूका का पता तलाश एवं विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही अनिल कोर्राम और रूपेश तलवार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, दोनों ने सुरेश कुमार देवांगन के नवनिर्मित भवन में चोरी करना कबूल किया। आरोपीगण के कब्जे से एक नग गैस चूल्हा व सिलेण्डर, नगदी रकम 5000 रूपये एवं दो नग पीटीओ साफ्ट लोहे का ट्रेक्टर पार्टस जप्त किया गया। आरोपी अनिल पिता फुलचंद कोर्राम 39 वर्ष निवासी अड़काछेपडापारा, रूपेश पिता स्व.मंगत तलवार 43 वर्ष साकिन महात्मा गांधी वार्ड कोण्डागांव को मामले में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रहलाद यादव, सउनि चिन्ताराम ध्रुव, प्र.आर.अशोक कुमार व म.प्र.आर. 190 विमला माला का विशेष योगदान रहा।

# चुनाव का हर काम महत्वपूर्ण, दिखाएं गंभीरता : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। समय सीमा की बैठक में आज कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन का प्रत्येक कार्य अति महत्वपूर्ण होता है। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन कार्य के अपने आप को तैयार कर लें।



कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन कार्य को पूरी गंभीरता, सतर्कता और पारदर्शिता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर भेजे जाने वाले दिशा निर्देशों का भी पूरी गंभीरता के साथ अध्ययन कर उनका पालन करें। निर्वाचन संबंधी कार्य को बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है अत: सभी अधिकारी कर्मचारी दी गई जानकारियों को बारीकी से समझे। बैठक में प्रत्येक नोडल अधिकारी को सौंपे गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य में प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अत: निर्वाचन कार्य में जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे उन्हें निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और निर्वाचन कार्य पूर्ण आत्मविश्वास, ईमानदारी एवं पारदर्शी हो सकें। सभी नोडल अधिकारियों की जो जवाबदेही सुनिश्चित की गई है उसका एक्शन प्लान भी निर्धारित प्रारूप में तैयार करें। इसके साथ ही बैठक के दौरान कलेक्टर श्री नंदनवार ने प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास को अतिशीघ्र प्राथमिकता के साथ कराएं और साथ ही कोई हितग्राही प्रधानमंत्री आवास से वंचित ना हो। उन्होंने गिरदावरी, खरीफ विपणन के तहत किसान पंजीयन की प्रगति बारदाने की व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष के तहत चावल उपार्जन की प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री नंदनवार ने परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु प्रस्तावित विशेष शिविर के माध्यम से 18 वर्ष पूर्ण कर लिए युवाओं का ड्राइविंग लाइसेंस बनाना सुनिश्चित करें।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश



**दंतेवाड़ा,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की फरियादे सुनी। जिले के ग्रामीणों जन एवं आम नागरिकों द्वारा जनदर्शन में अपनी छोटी या बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करते है। कलेक्टर श्री नंदनवार ने आवेदन पर विचार कर संबंधित विभाग प्रमुख को समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गुणवत्ता के साथ समय में पूर्ण करें कारीडोर : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज निरीक्षण कर दिशा-निर्देश संबंधितों को दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री नंदनवार ने परिसर में चल रहे सभी कार्यों को बारीकियों से जायजा लेते हुए प्रस्तावित नक्शे अनुसार कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि मंदिर की ऐतिहासिकता को बरकरार रखते हुए उसे नए स्वरूप दिए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुरे जोर प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में मंदिर परिसर में निर्माणाधीन ज्योति कलश भवन, रिवर फ्रंट, कॉरिडोर सहित अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इस प्रकार मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के निष्पादन के साथ ही मन्दिर को विश्वव्यापी स्वरूप प्राप्त होगा।



- दंतेश्वरी मंदिर परिसर में जारी निर्माण कार्यों का जायजा
- शारदीय नवरात्र के पूर्व निर्माण पूर्ण करना बड़ी चुनौती

इस दौरान कलेक्टर ने मन्दिर परिसर में पैदल घूमकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करते जल्द ही कार्य को पूर्ण करें। इसके साथ ही उन्होने यह भी कहा कि मंदिर में हो रहे निर्माण कार्यो से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित सबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र के पूर्व ये निर्माण कार्य पूर्ण करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। बारिश की वजह से काम में बाधा आ रही है, इसके बावजूद संबंधित निर्माण एजेंसी और ठेकेदार दिन-रात काम कर रहे हैं। ज्योति कलश भवन का काम बड़ी तेजी से हो रहा है, वहीं सामने का द्वार भी निर्मित हो रहा है। रिवर फ्रंट के काम में बारिश के चलते थोड़ी असुविधा जरूर हो रही है, इसके बावजूद प्रशासन की सक्रियता से यह उम्मीद जतायी जा रही है कि दंतेश्वरी कारीडोर का निर्माण अपेक्षित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा। यहां निर्माण में उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण है। प्रशासन स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है और ठेकेदारों को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिये गए हैं।

# जिपं सदस्य ने किया समर्थन छग स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल का

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। बालसिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य कोंडागांव, 20 सितम्बर 2023 को छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में डीएनके ग्राउंड धरना स्थल पर पहुंचे और अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस की सरकार वादा खिलाफी की सरकार है, सभी वर्गों को ठगा है, सरकार में आने के लिए जो मन में आया वह वादे किए और आज इस सरकार की 5 वर्ष पूरे होने वाले हैं फिर भी इस सरकार ने जिन वादों को जनता से किया, उसे पूरा नहीं कर रही है, जिसके चलते आज स्कूल सफाई कर्मचारी संघ को यहां अनिष्चितकालीन हड़ताल पर बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है। 4 सितंबर से हड़ताल पर बैठे इन कर्मचारियों को मैं जिला पंचायत सदस्य जनप्रतिनिधि के नाते इनकी समस्या को समझते हुए पूर्ण समर्थन देता हूं, सरकार इनकी एक सूत्रीय मांग कम से कम दैनिक वेतन दर कर्मचारी के रूप में कार्य करने हेतु आदेशित करे। आज जहां खड़ा हूं, यहां से स्थानीय विधायक और सरकार में मंत्री मोहन मरकाम और विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम के खिलाफ ही आवाजें सुनने को मिल रही है। यदि सरकार इन कर्मचारियों की मांग को पूरा नहीं करेगी तो, जिस जनता ने सत्ता पर बिठाया है, वही जनता कांग्रेस को सत्ता से नीचे उतारेगी।



# आकांक्षी ब्लॉक फैलो पद के लिए आवेदन 29 तक

**जगदलपुर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा मिशन संचालक, नीति आयोग के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला बस्तर के विकासखण्ड तोकापाल में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन वित्तीय समावेश और बुनयादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने के लिये आकांक्षी ब्लॉक फैलो का 1 पद नियुक्ति किया जाना है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी इच्छुक, उम्मीदवारों से 29 सितम्बर 2023 तक शाम 05.30 बजे तक शैक्षणिक योग्यता अनुसार दिये गये संलग्न निर्धारित प्रारूप में जिला के विभागीय वेबसाईट 222.ड्डड्ढह्यह्लड्डह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाईन लिंक में आवेदन - अवलोकन कर सकते हैं एवं कार्यालयीन समय में जिला पंचायत बस्तर में भी आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदन पत्र कोई विचार नहीं किया जायेगा । अधिक जानकारी के लिए विकास सहायक श्रीमती शेफाली यादव के मोबाईल नं. 8529639008 एवं पीपीओ फैलो परिधि सिंह, 9140674280 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# ग्रामीण यांत्रिकी व ग्राम सड़क निर्माण विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक 27 को

**जगदलपुर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुक्त श्याम धावडे़ की अध्यक्षता में 27 सितम्बर को दोपहर 02.30 बजे से आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण यांत्रिकी एवं ग्राम सड़क निर्माण विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क के विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संभाग के सभी जिलों के सम्बन्धित विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता शामिल होंगे।

# निर्वाचन से संबंधित वीडियोग्राफी कार्यों हेतु निविदा 6 अक्टूबर तक

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी आम निर्वाचन 2023 एवं 2024 के लिये कोण्डागांव जिला अंतर्गत समस्त विधान सभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केंद्र, मतदान केंद्र, मतगणना, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु राज्य स्तरीय पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं एवं फर्मों से प्रति 08 घण्टे प्रति कैमरा प्रति दिन की दर से निर्धारण हेतु कोण्डागांव जिले के लिए निविदा 1 वर्ष के रेट कांट्रेक्ट हेतु आमंत्रित की गयी है। निविदा फार्म 6 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 2 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### एनएमडीसी स्टील प्लांट के...

होता है सारे बस्तर वासियों को आगे आना होगा। जब बस्तर के एक वर्ग का विकास होगा, तो निश्चित ही उससे अन्य लोगो भी लाभ होगा। एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट हमारे सपनों का उद्योग है हमारे साथ खिलवाड़ हम नही सहेंगे। आज सीएसआर की राशि ग्राम पंचायतों को नहीं मिल रही। प्रभावित ग्राम पंचायतों के विकास के लिए समय पर राशि मिले इसके लिए सभी ग्राम पंचायत को साथ आना होगा ।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय...

सत्र से ही विधि के स्नातक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे। बस्तर विश्व विद्यालय द्वारा भी इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। 20 सितंबर से 27 सितंबर तक विधि के स्नातक एलएलएम के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकेंगे।

# आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा संकल्प सप्ताह, माकड़ी में होंगे कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चयनित ब्लॉकों में 3 अक्टूबर से संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली स्थित नीति आयोग के कार्यालय से आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में इसकी तैयारियों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान जिला कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से कलेक्टर दीपक सोनी भी शामिल हुए। संकल्प सप्ताह का 30 सितंबर को शुभारंभ प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में किया जाएगा। कोंडागांव जिले के माकड़ी विकास खण्ड को भी आकांक्षी विकास खण्ड की सूची में शामिल किया गया है। इस विकास खण्ड में संकल्प सप्ताह के अंतर्गत 3 अक्टूबर को स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संपूर्ण स्वास्थ्य एक संकल्प कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसवपूर्व देखभाल शिविर, टीकाकरण अभियान, असंक्रामक रोगों की जांच, एनीमिया जांच एवं उपचार, टीबी जांच और टीबी को हरा चुके लोगों की रैली का आयोजन किया जाएगा।

सुपोषित परिवार के तहत 4 अक्टूबर को सुपोषण मेला का आयोजन होगा, जिसमें शिशु और गर्भवती माताओं का वजन लिया जाएगा, आंगन बाड़ी केन्द्रों में गोदभराई और अन्न प्रासन्न समारोह, चैपाल लगाकर संतुलित आहार की जानकारी देकर एवं मेरा पौष्टिक बगीचा के तहत सर्वोत्तम किचन गार्डन विकसित करने के संबंध में चर्चा करने के साथ ही मिलेट के रंग-बिरंगी थाली के तहत व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



## कार्यक्रम की तैयारी हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई चर्चा, शामिल हुए कलेक्टर

स्वच्छता संकल्प के तहत 5 अक्टूबर को स्वच्छ घर, गांव एवं ग्राम पंचायत अभियान चलाते हुए वाद-विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर विषय के तहत जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन, 6 अक्टूबर को कृषि महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें शासकीय योजनाओं, नवीनतम तकनीक, सर्वोत्तम प्रथाएं, पर्यावरण अनुकूल जैविक कृषि पद्धति, किसान बाजार, कृषि उत्पाद प्रदर्शन, कृषक भ्रमण, खेत से थाली तक फूड फेस्टिवल, गोबर धन पर जागरुकता एवं जैविक कृषि संसाधनों की जानकारी दी जाएगी, शिक्षा एक संकल्प के तहत 7 अक्टूबर को प्राथ. एवं माध्य.शालाओं में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, सीखने का आनंद के तहत स्कूल क्लब प्रतियोगिता, पढ़ेगी बेटी तभी तो बढ़ेगी बेटी के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा उत्कृष्ट शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समृद्धि दिवस के तहत 8 अक्टूबर को प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में जागरुकता, विभिन्न शासकीय योजनाओं पर जागरुकता, व्यवसाय विचार प्रतियोगिता, डिजीटल मार्केटिंग, वित्तीय साक्षरता, ई-कॉमर्स की तथा 9 अक्टूबर को संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन का आयोजन विकास खण्ड स्तर पर किया जाएगा, जिसके तहत कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी, सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी के साथ सभी क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया एवं खण्ड स्तर पर विकास हेतु तैयार रणनीति को प्रदर्शित किया जाएगा।

# यूनिसेफ इंडिया के अधिकारियों ने जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का किया अवलोकन



## कलेक्टर से मुलाकात कर यूनिसेफ के अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। यूनिसेफ इंडिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी लुइजी डैच्चिनो सहित यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि के रूप में पश्चिम अफ्रीका के रेने एहोनु एक्पिनी, बेल्जियम के गुंटर बूसरी, चोल थाबो आयुल, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब जैकारीया, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह के द्वारा मंगलवार को कोण्डागांव में संचालित यूनिसेफ के कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ के दल द्वारा केशकाल विकास खण्ड के अंतर्गत बांधापारा और नाकापारा आंगन बाड़ी केंद्र में ग्राम स्वास्थ्य स्वचछता 'मया मंडई', पोषण दिवस और एनीमिया मुक्त कोण्डागांव के बारे में युवाओं एवं ग्रामीणों के संग चर्चा की गई साथ ही गर्भावस्था के दौरान योग के विषय में चर्चा करते हुए केन्द्र में योगाभ्यास को देखा। उन्होंने आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन और एएनएम से टीकाकरण, एनीमिया मुक्त कोण्डागांव के कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की और जिले में चल रहे कार्यों को समझा साथ ही सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बस्तरिया हल्बी गानों की धुन पर बच्चों एवं युवोदय स्वयं सेवकों के संग नृत्य किया।

इस दौरान उन्होंने योजनाओं से कैसे समाज के तीनों वर्गों में बचपन, युवा वयस्क, और वृद्ध वयस्कों तक पहुंचाया जा रहा है और कैसे स्कूलों में स्वयंसेवकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा की जा रही है और समुदाय में उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्यों ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और स्वयंसेवकों ने भी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के परिणामस्वरूप उनके जीवन में परिवर्तनों एवं अनुभवों को साझा किया। इस दौरान बीएमओ डॉ.ए.एल.रोहलेडर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.रूद्र कश्यप, सीडीपीओ दिपेश बघेल, बीपीएम उमेश मरकाम, प्रियंका वर्मा, सरपंच, पंच, वरिष्ठ नागरिक, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, समूह के कार्यकर्ता, पॉल कुमार, कमल पांडे, आरती, सूर्यकांत के सहित जिले के सक्रिय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

यूनिसेफ दल ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर कोण्डागांव में नवाचार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य एवं कुपोषण से लड़ने के लिए तैयार की गयी योजनाओं की प्रशंसा की। दल द्वारा विशेष तौर पर 'मया मंडई', 'एनिमिया मुक्त कोण्डागांव' अभियान एवं 'युवोदय कोंडानार चैम्प्स' स्वयं सेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसके क्रियान्वयन में सहयोग एवं अन्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना निर्माण पर जोर देते हुए समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु गहन विमर्श किया। जिले में चल रहे स्वास्थ्य कार्यों की स्थिति पर विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# शिवसेना ने समस्याओं को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत क्षेत्र में आम जनता अपनी जन समस्या, मांगों को लेकर परेशान है व्यथित है। सालो बितने के बाद भी भानुप्रतापपुर नगर जन समस्याओं, मांगों पर कांग्रेस भाजपा के जनप्रतिनिधियो द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। शिवसेना द्वारा पूर्व में कई बार भानुप्रतापपुर नगर के जनता की विभिन्न मांगो जन समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को विभिन्न माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। किन्तु शासन प्रशासन में बैठे भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता की जन समस्या, मांगो पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है भानुप्रतापपुर नगर के जनता के मांगो, जन समस्याओं को लेकर शिवसेना द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा गया, शिवसेना द्वारा सौपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि भानुप्रतापपुर नगर पंचायत क्षेत्र में वर्षो से निवासरत लोगों को नि:शुल्क कब्जाधारी भूमि (आवास) का पट्टा दिया जावें, भानुप्रतापपुर नगर को धुल मुक्त किया जावें, भानुप्रतापपुर नगर के चारो रोड पर चल रहे सड़क निर्माण को तत्काल पूरा किया जावें, भानुप्रतापपुर राजाबांधा तालाब से श्मशान घाट तक सड़क का निर्माण किया जावें, भानुप्रतापपुर बस स्टैण्ड कि साफ सफाई नियमित किया जावें, भानुप्रतापपुर बस स्टैण्ड प्रतिक्षालय कि साफ सफाई, पेयजल, पंखा, बिजली कि सुचारू व्यवस्था कि जावें, भानुप्रतापपुर के विभिन्न वार्डो में नियमित रूप से नाली, सड़क कि साफ सफाई कि जावें, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट कि सुचारू व्यवस्थित व्यवस्था कि जावें, भानुप्रतापपुर सब्जी मण्डी, मटन मार्केट, मछली मार्केट में सुचारू रूप से साफ सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था कि जावें, भानुप्रतापपुर के विभिन्न वार्डो में टुटे, फुटे, सी.सी. सड़क, नाली का मरम्मत किया जावें, भानुप्रतापपुर के विभिन्न उद्यायनो कि व्यवस्था सुधारी जावें, प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव के समय नगरीय निकाय कि जनता हेतु किये वादो को नगर पंचायत भानुप्रतापपुर क्षेत्र में तत्काल लागू किया जाये। ज्ञापन की कापी शिवसेना द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर कांकेर को भी प्रेषित किया गया है शिवसेना ने कहा है कि अगर इन मांगो पर द्वारा नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता है तो शिवसेना भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगी।



# लगातार हो रहे नपं क्षेत्र में विकास कार्य से भाजपा में बौखलाहट





**भानुप्रतापपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर के विकास कार्यों को कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी पर सीधा निशाना साधते हुए कहां की भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों से भाजपायों को नहीं आ रही है रास। कांग्रेस के दो युवा नेताओं निकेश सिंह ठाकुर व रवि दुग्गा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा को घेरा। लगातार हमारे नगर पंचायत अध्यक्ष को बदनाम करने के लिए लगातार आरोप लगा रहे है नगर में हो रहे विकास कार्य में बाधा डाल रहे हैं उनके द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है 15 सालों में इन्होंने तो नगर को कोई बड़ी सौगात नहीं दी लेकिन प्रेदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष सुनिल बबला पाढ़ी के भरपूर प्रयास ने नगर के खेल मैदान 2 करोड़ और अमृत मिशन के तहत नगर में पेयजल व्यवस्था हेतु 28 करोड़ की बड़ी स्वीकृति दिलवाकर नगर वासियों को सौगात दी है खेलने वाले युवा साथी एवम नगर वासी कई वर्षों तक याद रखेंगे ये दोनो काम नगर की जनता और कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ है।

# जनसंपर्क अभियान के तहत भोपाल पटनम पहुंची सीपीआई की टीम

## कांग्रेस समर्थित सहित 40 से अधिक लोगों ने थामा सीपीआई का दामन : भाकपा



**बीजापुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। आज 20 सितंबर को सीपीआई की टीम जिला सचिव कमलेश झाड़ी के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान के तहत् भोपाल पटनम ब्लॉक पहुंची। कई गावों में आदिवासी ग्रामीणों से चर्चा किया लोगों ने मौजुदा सरकार और वर्तमान विधायक स्थानीय कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों पर झूठे वादे, शोषण भ्रष्टाचार जल जंगल जमीन और वन संसाधानों को अंतर्राज्यों में बेचने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं सीपीआई जिला सचिव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजुदा पूंजीवादी परस्त साम्राज्यवादी ताकतों से लैस घोर भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने जल जंगल जमीन को बचाने और सीपीआई के पक्ष में वोट करने की अपील की है। साथ ही सीपीआई के विचारधारा से प्राभावित होकर 40 से अधिक लोगों ने लाल झंडे को थमा है सभी साथियों को सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने लाल गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। इस दौरान सीपीआई के वरिष्ठ नेता पी लक्ष्मी नारायण जी, राजू तेलाम, रिंकू, योगेश आदि जिला कमेटी के साथी मौजूद रहे।

# छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे भानुप्रतापपुर प्रवास पर



**भानुप्रतापपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सचिन राजपूत एक दिनी प्रवास पर भानुप्रतापपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया इस दौरान भानुप्रतापपुर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने उनसे भेंट की। जस्टिस सचिन राजपूत के साथ योगेश पारीख,जिला एवं सत्र न्यायाधीश-उत्तर बस्तर कांकेर जी.के.नीलम,अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-भानुप्रतापपुरश्रीमती लीना अग्रवाल,अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-उत्तर बस्तर कांकेर,भूपेन्द्र कुमार वासनीकर,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट- उत्तर बस्तर कांकेरआनंद बोरकर,व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 भानुप्रतापपुर भी उपस्थित रहे।

# तहसील कार्यालय मर्दापाल के भृत्य को किया गया निलंबित

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। विगत दिनों कलेक्टर दीपक सोनी को प्राकृतिक आपदा राहत स्वीकृत कराने के एवज में अवैध रूप से वसूली की जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर कलेक्टर द्वारा त्वरित जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव के द्वारा जांच की गयी। जांच में प्रथम दृष्टया तहसील कार्यालय मर्दापाल के भृत्य दिलीप कोर्राम को दोषी पाया गया है। जिस पर उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है साथ ही उनके विरूद्ध नियमानुसार विभागीय जांच भी संस्थित की गयी है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र केशकाल में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# निर्वाचन के दौरान वाहन, जुलूस, सभा, रैली आदि की अनुमति हेतु व्हीसी से दिया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग में लाये जाने वाले वाहनों की अनुमति के साथ ही सभा, रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए अनुमति के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गये प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले सहित प्रशिक्षकगण उपस्थित थे। जिला कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, कोण्डागांव अनुविभागीय दण्डाधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, केशकाल अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकरलाल सिन्हा सहित सभी तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक संतराम नेताम ने सिंगनपुर में किया बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**कोण्डागांव,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक संतराम नेताम द्वारा सिंगनपुर में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। केशकाल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा 248.57 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 2.9 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए छग विधान सभा उपाध्यक्ष सह केशकाल विधायक संतराम नेताम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रमुखों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।




ज्ञात हो कि सिंगनपुर के ग्रामवासियों द्वारा लंबे समय से उक्त सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए विधायक संतराम नेताम ने मुख्य मंत्री भूपेश बघेल एवं विभागीय मंत्री के समक्ष मांग रखी और वहां स्वीकृति कराया। इसके लिए सरपंच व सभी ग्रामवासियों ने विधायक संतराम नेताम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान केशकाल विधायक संतराम नेताम ने कहा कि केशकाल विधान सभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को तेज करने और ग्रामीणों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। ग्राम सिंगनपुर में सड़क निर्माण होने से जहां आमजनों को आवागमन में सहूलियत होगी, वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं भी तेजी से विकसित होंगी। आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने प्रदेश की भूपेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोंडागांव जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि आप सब क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग चली आ रही थी, जो आज पूरी हुई है। कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करती भी है। प्रदेश सरकार ने जो भी वादे किए थे, सभी पूरे किये जा रहे हैं। हम सब को भविष्य में भी विधायक संतराम नेताम के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है। इस दौरान मुख्य रूप से जपं अध्यक्ष महेंद्र नेताम उपाध्यक्ष गिरधारीलाल सिन्हा, सगीर अहमद कुरैशी, जपं सदस्य नरेश नेताम, सरपंच संगीता नेताम, उपसरपंच नंदकिशोर नेताम, यूनुस पारेख, विकास दुबे, अरुण अग्निहोत्री, सरपंच शिव सलाम, सुरेखा मरकाम, माहेश्वरी हिडको समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# अवैध शराब विक्रेताओं व सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान करने वालों पर कार्रवाई

**भानुप्रतापपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कुम्हारपारा संबलपुर में अवैध शराब रखकर बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी महेन्द्र निषाद पिता स्व. हेमू राम निषाद उम्र 31 वर्ष जाति केंवट निवासी नयापारा क्रांति चौक संबलपुर को गिरफ्तार कर उसके विरूध्द धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट का कार्यवाही किया। आरोपी प्लास्टिक थैला लेकर कुम्हारपारा संबलपुर में खड़ा था और शराब ब्रिकी करने हेतु ग्राहक तलाश रहा था। 2 लीटर हाथ भट्टी से बना देशी महुआ शराब मिला।

## सलिहापारा चौक के पास सार्वजनिक जगह पर शराब पीते एक गिरफ्तार

सलिहापारा चौक के पास रोड़ के किनारे बैठकर शराब पी रहा महेश पद्दा पिता पाण्डू राम पद्दा उम्र 40 वर्ष निवासी कोर्रामपारा कुल्हाड़कट्टा को पुलिस ने हिरासत में लेकर शराब मुलाहिजा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर से कराया गया। जिसमें डक्टर ने महेश पद्दा को शराब सेवन किया होना लेख किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।

## कच्चे पुलिस ने भी एक शराबी पर की कार्रवाई

कच्चे पुलिस ग्राम हाटकोंदल सिवनी तराईघोटिया का ग्राम भ्रमण कर वापस आते समय ग्राम वयनर पहुंचे थे कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पर्रेकोडो से वयनर जाने का मुख्य मार्ग किनारे सार्वजनिक जगह में कुछ लोग शराब पी रहे है।

पुलिस पहुँची तो कुछ लोग पुलिस पार्टी को देखकर भाग गये मौके से विनोद गावडे पिता स्व. पुनित गावडे उम्र 28 वर्ष पर्रेकोडो मिला। जिसके कब्जे से एक 330 एमएल की शीशी में करीबन 200 एमएल देशी हाथ भटठी महुआ शराब एवं 02 नग स्टील गिलास मिला गिलास मिला। आरोपी के विरुद्ध धारा 36(च)1 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरप्तारी किया गया।

# बीजापुर नपा परिषद में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आगाज



**बीजापुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में स्वच्छ्ता लीग के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ सफल आयोजन। जिसमें समस्त सफाई मित्रों एवं उनके परिवार के सदस्यों का भी नि:शुल्क स्वच्छता परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रक्त जांच परीक्षण उपरांत नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। इसके साथ ही इस शिविर में आए समस्त सफाई मित्र एवं उनके परिजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं राशन कार्ड जैसी विभिन्न जानकारियां दी गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतीय नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सल्लुर व नगर पालिका सीएमओ वी के एस पॉल दास एवं स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्यवयक एन कृष्णा रेड्डी व एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर श्याम जांगड़े एवं समस्त नगर पालिका के पार्षद व कर्मचारी व अधिकारी गण मौजूद थे।

# परिवर्तन यात्रा नहीं, पश्चाताप यात्रा निकालें भाजपा के नेता : गीतेश गांधी

**कोण्डागांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस महामंत्री व पीसीसी मिडीया पैनलिस्ट गीतेश गाँधी ने भाजपा द्वारा निकाले गए परिवर्तन यात्रा पर भाजपा के नेताओं को आईना दिखाते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं को परिवर्तन यात्रा की बजाय पश्चाताप यात्रा निकालना चाहिए। छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार 15 वर्षों तक भाजपा को मौका दिया और लगातार 15 वर्षों तक डॉ.रमन सिंह के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने छग की जनता को धोखा देने का काम किया है। अब छग की खुशहाल जनता राज्य में परिवर्तन नहीं चाहती और चीख चीख कर कह रही है, भूपेश है तो भरोसा है। और 'बदलबो ए दारी लेकिन दिल्ली में बैठे मोदी सरकार ला बदलने के है बारी' के नारों के साथ गुंजायमान कर रही है। साथ ही परिवर्तन यात्रा में आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के लिए गीतेश गाँधी ने कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। 15 वर्षो तक रमन सरकार की वादाखिलाफी और विगत 9 वर्षों से मोदी सरकार के जुमलों का रिपोर्ट कार्ड जनता के पास है, परिवर्तन यात्रा के साथ अरुण साव घूम-घूम कर झूठ परोस रहे हैं। आज भाजपा के नेताओं की छवि जनता से छल करने वालों और जुमलेबाजों के रूप में हो चुकी है। अरुण साव भले ही स्वीकार करें या न करें, जनता के रिपोर्ट कार्ड में और गूगल में सब कुछ दर्ज है। अरूण साव गूगल में सिर्फ झूठा या जुमलेबाज लिखकर तस्दीक कर लें झूठा, भ्रम, गलत बयानबाजी और वादाखिलाफी का रिकॉर्ड भाजपा का है। 15 साल रमन सिंह के कुशासन में किसानों को बोनस के नाम पर ठगा गया, युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करके बेचते रहे, छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित किया गया। बस्तर के 700 गांव से तीन लाख से अधिक आदिवासियों को पलायन के लिए मजबूर किया 2003 में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक आदिवासी परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा था। 15 साल सरकार में रहते रमन सिंह को याद नहीं आया। हर गांव में एक महिला और एक पुरुष को ग्राम प्रहरी बनाने का वादा किया था, बने एक भी नहीं। प्रत्येक आदिवासी परिवार को 10 लीटर दूध देने वाली जर्सी गाय देने का वादा था, जो दिए नहीं। 2003 में छग में भाजपा के नेताओं ने वादा किया था प्रत्येक 12 वीं पास को 500 रूपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का नहीं दिए, किसानों को 2100 रुपए धान का समर्थन मूल्य और 300 रु प्रति चिंटल बोनस देने का वादा किए थे, नहीं दिए। दूसरी ओर आम जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने का रिकॉर्ड कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने बनाया है। जो वादा किया था निभाया है। आज किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2640 रुपए प्रति चिंटल मिल रहा है, उनका कर्जा माफ हो गया है। बिजली बिल हॉफ हो रहा है। समृद्धि और सुशासन के सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है। भूपेश सरकार ने तो वादे से ज्यादा करके दिखाया है। रमन राज में जो 3000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए थे, उन्हें भूपेश सरकार ने पुनः शुरू कराया है। इसके अलावा उच्च गुणवत्ता युक्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए भूमिहीन कृषि श्रमिक न्याय योजना के तहत 7000 रुपया प्रति वर्ष और बेरोजगारी भत्ता ढाई हजार रुपया प्रतिमाह जो 2018 के घोषणा पत्र के वायदों के अतिरिक्त है, गायता पुजारी गुनिया, सिरहा अठपहरियों को 7000 रुपए प्रतिवर्ष मानदेय मिल रहा है। आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं मितानिनों का मानदेय बढ़ा दिया गया है, छग के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के 5 वर्ष के कार्यकाल ने पूर्व मुख्य मंत्री रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल को शून्य साबित कर दिया है और जिस प्रकार से छग की भुपेश बघेल के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार ने छग की जनता की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्य किये हैं, उसको परिलक्षित करते हुए छग की जनता ने फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है।



# सुख-समृद्धि की कामना के साथ जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा



**भानुप्रतापपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। मंगलवार से गणेशोत्सव का आगाज हो गया गणपति बप्प्पा मोरया के जयकारों से कई जगह मूर्ति स्थापना संग पूजा-अर्चना शुरू हो गई। आने वाले ग्यारह दिनों तक सभी भक्त गजानन के रंग में डूबे रहेंगे। भानुप्रतापपुर नगर समेत अंचल में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है और जगह जगह पंडाल में गणपति बप्पा विराजमान हो गए। सुबह से ही मंदिरों से लेकर घरों में गणपति बप्पा को विराजित करने का दौर शुरू हो गया था। यानि अब दस दिन तक शहर से लेकर गांव व घर-घर में गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरया का जयघोष सुनाई देगा। लोग अपने अपने वाहनों से गणेशजी की प्रतिमाओं को शोभायात्रा के जरिए ले गए और उन्हें विराजित कराया।

## राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा



शिवशक्ति गणेशोत्सव समिति, अयोध्या नगर, मठपुरैना



श्रीरामजानकी मंदिर अयोध्या नगर



शिवशक्ति गणेशोत्सव समिति, कपड़ा मार्केट चौक, पण्डरी



रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, रामकुण्ड

# राजधानी में गणपति को पहनाया गया 35 लाख के सोने का मुकुट



**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में गणेशोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाता है गोलबाजार का गणेशोत्सव पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है यहां गणेश प्रतिमा पर सजा लाखों का सोने का मुकुट आकर्षण का केंद्र है इस पंडाल में गणपति बप्पा को सोने की मुकुट के साथ सजाया गया है बप्पा को 700 ग्राम सोने और रत्नों से जड़े हुए मुकुट को पहनाया गया है सोने के मुकुट की कीमत वर्तमान बाजार भाव के अनुसार 35 लाख रुपये है जिस स्थल पर बप्पा विराजमान हैं वहां तक जाने वाले हर मार्ग पर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं शफ़ी बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति हनुमान मंदिर गोलबाजार के द्वारा इस गणेशोत्सव का आयोजन किया गया है देर शाम गणेश भगवान को स्वर्ण रत्न जड़ित मुकुट की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सिर पर मुकुट लेकर शोभायात्रा में पैदल चले फिर भगवान गणेश को मुकुट पहनाकर आरती की समिति के पदाधिकारी केदार गुप्ता ने बताया कि गणेश जी की प्रतिमा को सोने के मुकुट से सजा कर सभी लोगों के दर्शन के लिए खुले तौर रखा जाता है पूरे भारत में यह पहला ऐसा पंडाल है जहां बप्पा की प्रतिमा को सोने के मुकुट के सजाया जाता है उन्होंने आगे बताया कि समिति के कुछ अलग करने की चाहत के साथ सोने के मुकुट का विचार सामने आया है इसके बाद साल 2018 में स्थानीय व्यापारियों ने मिलकर इस सोने के मुकुट तैयार किया गया था जिसे उन्होंने गणपति बप्पा को समर्पित कर दिया है।

### मुख्यमंत्री बघेल के घर विराजे गणपति



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज गणेश चतुर्थी के अवसर पर भिलाई-3 स्थित अपने निवास में भगवान गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की। उन्होंने भगवान गणेश जी की विधि-विधान-पूर्वक पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज से 11 दिन तक भगवान गणेश घर-घर में विराजमान हो रहे हैं। श्रद्धालु भक्तगण भक्ति-भाव से 11 दिनों तक उनकी पूजा अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा-भाव से अपने निवास में रिद्धी-सिद्धी के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की।

# भवन निर्माण कराने वाले पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज



**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के अश्वनी नगर में भवन निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर दो मासूमों की मौत मामले में भूमि स्वामी के खिलाफगैर इरादतन हत्या के तहत अपराध दर्ज किया गया है। स्वजनों की मांग पर भूमि स्वामी बृज लाल देवांगन के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। मकान निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर दो मासूमों की मौत हो गई। घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक अश्वनी नगर रोड पर एक व्यक्ति के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। तलघर के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी भरा हुआ है और यह स्थल पूरी तरह खुला है। दोपहर को आतिफखत्री 12 और मोहम्मद आवेश ;8 खेलते.खेलते पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे। काफी देर तक बच्चों के नहीं दिखने पर स्वजन ने तलाशना शुरू किया तो दोनों बच्चे पानी में डूबे मिले। आसपास के लोगों की मदद से बच्चों को गड्ढे से बाहर निकालकर एम्स ले जाया गया जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों को पीएम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। आवेश के पिता आटो चालक मो महमूद हैं और आतिफके पिता शब्बीर खत्री बाइक मैकेनिक हैं।

**गड्ढे में डूबकर हुई थी दो बच्चों की मौत**

#### नहीं है सुरक्षा व्यवस्था

स्थानीय लोगों ने बताया कि एक व्यवसायी द्वारा भवन या कांप्लेक्स बनवाया जा रहा है। पिछले एक माह से निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है। सिर्फएक गेट लगाकर छोड़ दिया गया है। इसमें न ताला हैए न ही कोई सुरक्षाकर्मी है। पीछे के रास्ते से अक्सर लोग अंदर आते रहते हैं। आसपास के बच्चे कुछ दिनों से पानी से भरे गड्ढे के पास खेलने के लिए आ रहे थे। गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ है। इसे देखते हुए आसपास के लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की थी, लेकिन अनदेखी कर दी गई। लापरवाही के कारण मासूमों की मौत हो गई।

# चचेरे भाई का गला घोंटकर पत्थर से कुचला सिर, हत्या कर नदी में फेंकी लाश

**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बुधवार शाम हत्या का एक मामला सामने आया है। एक युवक ने पारिवारिक कलह की वजह से अपने चचेरे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने अपने भाई को जान से मारने के बाद उसकी लाश को खारून नदी में फेंक दिया। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ये पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। धमतरी का रहने वाला ओमकेश्वर साहू 25 अगस्त को काम के सिलसिले में रायपुर आया था। वो गुढ़ियारी इलाके में अपने बड़े पापा नंद कुमार साहू के साथ किराए के मकान में रह रहा था। नंद कुमार अपने खुद के परिवार और सगे बेटे से ज्यादा महत्व अपने भतीजे को देता था। इसी वजह से उसका परिवार भी उससे अलग रह रहा था।

**बेटे को चिढ़ हत्या की वजह बनी:** अपने पिता की इस हरकत से अंकित साहू नाराज रहता था। उसे पिता का ये भेदभाव पसंद नहीं आता था। इसी वजह से वो ओमकेश्वर से चिढ़ता रहता था। जिसके चलते वो उसे हमेशा के लिए रास्ते से हटाना चाहता था और मौके की तलाश में था।

**बोला- पिता उसे ज्यादा चाहते थे इसलिए मार दिया**

**नदी किनारे शराब पिलाने के बहाने लेकर गया, फिर हत्या कर दी:** 13 सितंबर की रात साढ़े 10 बजे के करीब अंकित ने अपने भाई ओमकेश्वर को फोन किया। उसने शराब पिलाने का उसे ऑफर दिया। फिर दोनों भाई खारून नदी के किनारे सूनसान इलाके में शराब पीने बैठ गए। ओमकेश्वर को खूब शराब पिलाई और फिर नशे की हालत में उसका गला घोंट दिया। मौत होने के बाद भी अंकित ने पत्थर से उसका सिर कुचला जिससे उसकी पहचान न हो सके। फिर लाश को नदी में फेंक दिया।

**अंतिम कॉल से आरोपी फंस गया :** इस घटना के दो दिन बाद नंदकुमार ने अपने भतीजे की गुमशुदगी की रिपोर्ट रामनगर चौकी में दर्ज करवायी। पुलिस ने जब मोबाईल के कॉल डिटेल को खंगाला तो मृतक को अंतिम कॉल आरोपी ने ही किया था। जिसके बाद पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की। तो उसने हत्या की बात कबूल ली और फिर पूरा सच उगल दिया।

# न्यूड वीडियो बनाकर लोगों से लाखों ठगे

**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। जहां पहले बैंक कर्मचारी बनकर ठग ओटीपी व एटीएम नंबर लेकर खाते से पैसे गायब करते थे या लॉटरी के नाम पर लोगों को ठगते थे वहीं अब ठगों ने वीडियो कॉल का एक नया तरीका इजाद किया है जिसमें 30. 45 वर्ष के शादीशुदा पुरुष इसमें आसानी से फंस रहे हैं और लाखों रुपए गंवा रहे हैं। वहीं खरोरा परिक्षेत्र में ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं जिसमें लोगों ने लाखों रुपए गंवा दिए। एक पीड़ित ने बताया कि पुलिस में जाने से मीडिया समेत पूरे क्षेत्र में बात फैल जाती इसलिए उन्होंने पहले पुलिस से शिकायत नहीं की। वहीं पीड़ित ने नाम सामने न लाने की शर्त पर उसने कहा कि यह जो मेरे साथ हुआ है वही किसी के साथ भी हो सकता है। सचेत करने के लिए वह अपनी आपबीती बता रहा है। बंगोली में वाट्सएप पर लड़की के वीडियो कॉल के बाद प्राथमिक शाला के शिक्षक से 2 लाख 16 हजार रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद उसने साइबर सेल में शिकायत की। 43 वर्षीय युवक के मोबाइल पर 16 सितंबर की सुबह 9.30 बजे वीडियो कॉल आया। फोन करने वाले ने अपना नाम सबीना शेख बताया। उसने न्यूड होकर कॉल किया और उसे भी उकसा कर न्यूड करा लिया। इसके बाद इसका वह वीडियो बना लिया। शाम 5.30 बजे उसने कॉल कर पैसे मांगे और नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। दूसरे दिन सुबह 10.45 बजे फिर कॉल किया। इस बार कॉल करने वाले ने खुद को साइबर सेल का अफसर सुशील सिंह बताया। कहा सबीना शेख नाम की युवती ने उसका अभद्र वीडियो वायरल किया है। उसे रोकने यू. ट्यूब ब्रांच पर बात करके डिलीट कराना होगा। कांस्टेबल से उस नंबर पर शिक्षक ने बात की तो उसने वीडियो बंद करने पैसे मांगे। पैसे डालने के लिए पेटीएम नंबर दिया। कांस्टेबल ने 47 हजार 500 रुपए फोन पे पर लिए। उक्त व्यक्ति ने कहा कि उसके 3 वीडियो हैं। इसके बाद शिक्षक ने फोन पेए पेटीएम अकाउंट से 2 लाख 16 हजार रुपए दिए पर पैसे की मांग खत्म नहीं हुई। परेशान होकर उसने साइबर सेल में शिकायत की। सीएसपी विधानसभा उदयन बेहार ने कहा कि जागरूक करने साइबर जागरूकता कार्यक्रम जारी है। अंजान व्यक्ति से निजी जानकारी साझा न करें। कोई ब्लैकमेल करता है तो पैसे का लेनदेन न करें और पुलिस थाने में संपर्क करें। वहीं खरोरा के पास एक गांव के 34 वर्षीय युवक ने बताया कि ऑनलाइन ठगों द्वारा कैसे उसे 8 लाख रुपए की चपत लगाई गई। पीड़ित ने बताया कि फेसबुक में उन्हें एक लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। इसके बाद रोज उससे बातें करने लगा। कुछ दिनों बाद एक.दूसरे को अपना मोबाइल नंबर दिया और फोन पर बात होने लगीं। कुछ दिनों बाद उस लड़की ने अचानक वीडियो कॉलिंग में अश्लीलता की और उसका स्क्रीन शार्ट लेकर पैसे मांगने लगी। वहीं पैसे न देने पर स्क्रीन शॉर्ट वायरल करने की धमकी देने लगी। उसने इज्जत के डर से लड़की को आठ लाख रुपए किस्तों दे दिए। उसके बाद भी जब लड़की ने पीछा नहीं छोड़ा और ब्लैकमेल करती रही तो पीड़ित ने थाने में शिकयत करने की बात कही जिसके बाद से उस लड़की ने पीड़ित को परेशान करना बंद किया। जिले के साइबर सेल प्रभारी गौरव तिवारी ने कहा कि ठगी से बचने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिना जान पहचान वालों से दोस्ती न करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी के साथ ऐसी घटना हो जाती है तो घबराएं नहीं सीधे पुलिस के पास आए आपकी सूचना गुप्त रखी जाएगी। ऑनलाइन एफआईआर दिखती है उसमें भी इन मामलों को सेंसिटिव केसेस में रखते हैं। खरोरा के पास गांव बनरसी के एक युवक को महिला ने फेसबुक में फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। धीरे.धीरे दोनों की दोस्ती पक्की होती गई और दोनों वीडियो कॉल पर अश्लील हरकतें करने लगे। महिला ने उस व्यक्ति का वीडियो बना लिया और उससे पचास हजार रुपए मांगे। जब उसने पैसे देने से इंकार कर दिया तो उस युवती ने पीड़ित का वीडियो उसके फेसबुक में मौजूद दोस्तों को भेज दिया। उसके साथ ही पैसे न देने की शर्त पर वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने की बात कही। इसके बाद युवक ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस बोली- घबराएं नहीं शिकायत करें**

# अवैध शराब की ब्रिकी करते 3 युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक ;विधानसभाद्ध रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। मुखबिर से सूचना मिला कि एक नीले रंग का टी शर्ट पहना व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम जोता पुल के पास अवैध रूप से शराब बिकी हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है कि सूचना तस्दीक पर हमराह तिल्दानेवरा पुलिस स्टाफके रवाना होकर मुखबिर सूचना से अवगत कराकर नोटिस देकर सहमति प्राप्त कर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम सलमान खान उर्फखुर्शीद आलम पिता याकुब खान उम्र 27 साल सा0 वार्ड क्र 09 मखहूम नगर धरसीवा, थाना धरसीवा, जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर 98 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब रखा मिला जिसे गवाहों के समक्ष बरामद कर सलमान खान उर्फखुर्शीद आलम को उक्त शराब रखने के संबंध में वैध कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई दस्तावेज नही होना लिखित दिया। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक के बोरी के अंदर रखा 98 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक पौवा में 180.180 मि ली शराब भरी हुई कुल मात्रा 17.640 लीटर कीमती 10780 को समक्ष गवाहा जप्त किया गया जाकर आरोपी का उक्त कृत्य अपराध धारा 34;2आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार सूचना परिजनों को दिया जाकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया जहाँ जेल वारंट बनने पर जेल भेजा गया। वही एक अन्य मामले में अभनपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिरोदा नाला के पास दो व्यक्ति बेचने हेतु शराब रख कर परिवहन कर रहे हैं। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी अभनपुर के नेतृत्व में थाना अभनपुर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पतासाजी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम जीवन साहू निवासी सारखी ,परमेश्वर साहू निवासी सारखी थाना अभनपुर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में शराब रखा होना पाया गया। जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### धारदार चाकू के साथ 2 युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत जगन्नाथ चौक के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी सुकून खान पिता मोहम्मद हातिम खान उम्र 22 वर्ष निवासी बोरिया खुर्द आरडी कॉलोनी थाना टिकरापारा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त किया गया। इसी प्रकार थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत लालपुर स्थित शराब दुकान पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी सुभाष बेशरा पिता दयालु बेशरा उम्र 20 साल निवासी गणेश राम स्कूल के पास अमलीडीह थाना न्यू राजेन्द्र नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# जूते-चप्पल की दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख



**रायपुर,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के खमतराई थाने के इलाकें के श्रीनगर के पास बुधवार की देर रात दुकान में भीषण आग लग गयी। बताया जा रहा है कि आग दुकान में जल रहे दिए की वजह से लगी। इस घटना से दुकान में रखें लाखों रुपये के जूते.चप्पल जलकर राख हो गए है। फिलहाल इस मामले में खमतराई पुलिस आगे की जांच कर रही है।

**गणपति की पूजा कर रात में जलता दिया दुकान में छोड़ा**

**भगवान की पूजा.पाठ कर जलता दिया छोड़ दिया:** खमतराई पुलिस टीआई बी.एल चंद्राकर में बताया कि प्रारंभिक जांच में ये बात सामने आई है कि दुकान मालिक ने गणपति भगवान का पूजा पाठ कर दिया जलाया। फिर उसे रात में जलते हुए वहीं छोड़ दिया। और दुकान बंदकर मालिक अपने घर चले गया। देर रात करीब 1 बजे पहले आग आसपास के एरिया में लगी। फिर कुछ देर में वो पूरे दुकान में फैल गई।

**लाखों का माल राख:** जानकारी के मुताबिक दुकान में बड़ी मात्रा में जूते चप्पल और उसके कार्टून रखे हुए थे। इसके अलावा फोम जैसी चीजें भी मौजूद थी। जिससे दुकान में आग लगते ही वो भड़क उठी। वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। लेकिन 1 घंटे के भीतर ही पूरी दुकान जलकर राख हो गई। यहां मौजूद सैकड़ो जूते चप्पल इस आग में जल गए।

**लोहे के शटर का भी कुछ हिस्सा पिघल गया:** बताया जा रहा है कि ये आग इतनी भयानक थी कि दुकान के शटर का भी कुछ हिस्सा हाई टेम्परेचर से पिघल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैकअप के लिए फायर ब्रिगेड की कुछ और गाड़ियों को भी बुला लिया था। जिसके बाद एक घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- अगर तुम लड़कियों का पीछा नहीं छोड़ोगे, तो तुम जल्दी ही मर जाओगे।
आदमी- लड़कियों का पीछा करने से कोई कैसे मर सकता है?
डॉक्टर- उनमें से एक लड़की मेरी है।

# जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में सरलीकरण के बावजूद जिला प्रशासन की उपेक्षा से लोग परेशान





## विरोध में रैली व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**दुर्ग,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति समाज के लोगों को शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण के बावजूद इसका लाभ नहीं मिल रहा है। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिये आज भी अधिकारीगण संबंधित परिवार का 50 वर्ष पुराना रिकार्ड मांग रहे है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के तुरंत समाधान की मांग को लेकर आज समता सुरक्षा सेना ने डॉ. अरविंद चौधरी पार्षद अजीत वैद्य के नेतृत्व में जुलूस निकाला। जुलूस इंदिरा मार्केट, पटेल चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां पर कलेक्टर दुर्ग को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा।

पार्षद अजीत वैद्य ने प्रेस को बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदेश जारी कर देने के बावजूद जिला प्रशासन नियमों की अनदेखी कर जाति प्रमाण पत्र नहीं बना रहा है। नगर निगम दुर्ग द्वारा भी विशेष सामान्य सभा में शासन की मंशा के अनुरूप प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। इसके बावजूद दुर्ग जिला प्रशासन अपनी हथधर्मिता पर अड़ा हुआ है। अनुसूचित जाति, जनजाति के लिये जाति प्रमाण पत्र बनाने में आनाकानी कर रहे है। लोगों को भटकना पड़ रहा है।

आज की रैली में अनिल जोग, विजय बोरकर, शैलेष भिमटे, अजय शेंडे, बबलू चौरे, अनिल वासनिक, पंचभाई कौशिक, शंकेश राहूलकर, बी.आर.कटामने सहित अनेक लोग शामिल थे।

# आज शहर में निकलेगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

**दुर्ग,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा कल 21 सितंबर गुरूवार को दुर्ग शहर विधानसभा में पहुंचकर नगर भ्रमण करेगी। पश्चात दोपहर 12 बजे सतरूपा शीतला मंदिर के सामने सिविल लाईन मैदान में विशाल आमसभा का आयोजन किया जायेगा। इस आमसभा को परिवर्तन यात्रा के साथ आ रहे मुख्य वक्ता, पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पाण्डेय एवं सांसद विजय बघेल की उपस्थितिमें विशेष रूप से संबोधित करेगें।

इस संबंध में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि परिवर्तन यात्रा की तैयारियां पूरी हो चुकी है। शहर में 13 स्थानों पर स्वागत किया जायेगा। परिवर्तन यात्रा भिलाई से निकलकर वायशेप ओव्हर ब्रिज होते हुए दुर्ग शहर रायपुर नाका में प्रवेश करेगी। यहां से यात्रा के आगे आगे बाईक रैली निकलेगी।

■ **सिविल लाईन में सभा, 13 स्थानों पर होगा भव्य स्वागत**

यहां से आगे बढ़ते हुए परिवर्तन यात्रा मालवीय चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, सिंधी कालोनी सिंधी धर्मशाला, गुरूद्वारा, ग्रीन चौक, अग्रसेन चौक, पोलसाय पारा चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, पटेल चौक, हिंदी भवन के सामने से होकर सिविल लाईन मैदान सतरूपा शीतला मंदिर के सामने हाकी मैदान में पहुंचेगी। इसी मैदान में आमसभा ली जायेगी। सभा को पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास, डॉ. रमन सिंह, डॉ. सरोज पाण्डेय, विजय बघेल सहित अन्य नेता संबोधित करेगें।

परिवर्तन यात्रा के साथ ही आमसभा की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की पूरी टीम जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, चतुर्भुज राठी, ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, देवनारायण चंद्राकर, विनायक नातू, राजेन्द्र पाध्ये, डॉ. सुनील साहू सहित पार्टी कार्यकर्ता लगे हुए है।

इसके अलावा विभिन्न चौक चौराहों में भी यात्रा के स्वागत की तैयारियों की जा रही है। पटेल चौक से लेकर सिविल लाईन मैदान तक भाजपा के झंडे लगाये गये है। लगातार रिक्शा माईक द्वारा लोगों को सभा में शामिल होने की अपील की जा रही है।

# गौरव पथ हुआ रोशन, खर्च 55 लाख विधायक व महापौर ने किया लोकार्पण



**दुर्ग,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। सिविल लाईन गौरवपथ सौंदर्यीकरण योजना के तहत आज महिला समृद्धि बाजार से लेकर महात्मा गांधी प्रतिमा तक 61 विद्युत पोल का लोकार्पण विद्युत बटन दबाकर विधायक अरूण वोरा, एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा संयुक्त रूप से रौशन किया गया।

इस तरह विगत समय से अंधकार में डूबा गौरव पथ एक बार फिर आधुनिकतम रौशनी से जगमगा उठा है। इसी मार्ग पर 19 पोल को और रौशन किया जाना है। प्रत्येक ट्यूब लाईन 220 वाट की है।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष से गौरव पथ के आधुनिकरण का कार्य जारी है। इसके तहत गौरव पथ के चौड़ीकरण, पक्कीकरण, रोड डिवाइडर लगाने के बाद अब विद्युत प्रकाश व्यवस्था तेजी से चलाई जा रही है। इसके तहत आज 55 लाख की लागत से 61 पोल का लोकार्पण किया गया। शेष कार्यो के लिये आज महापौर धीरज बाकलीवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक कर चर्चा कर जरूरी निर्देश दिये।

इस अवसर पर एमआईसी के प्रभारीगण अब्दुल गनी, दीपक साहू, मनदीप भाटिया, अलताफ अहमद, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, जितेन्द्र समैया सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ऋषि पंचमी पर शिवनाथ नदी से छातागढ़ तक निकाली गई कांवर यात्रा





**दुर्ग,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। ऋषि पंचमी पर आज पारिवारिक कांवरियां संघ द्वारा शिवनाथ नदी दुर्ग के महमरा घाट से जल लेकर प्राचीन शिवमंदिर छातागढ़ तक की 8 किलोमीटर की पदयात्रा कर कांवरियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवर यात्रा में बच्चों से लेकर बड़ी उम्र तक के अनेक लोग भगवान शिव व अन्यगणों की वेशभूषा में डीजे की धुन पर शिवभक्ति के गीतों के साथ झूमते गाये चल रहे थे। पूरे मार्ग में लोगों ने कांवर यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कांवर यात्रा का नेतृत्व नगर निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन पार्षद मनीष साहू, सहित अनेक श्रद्धालु कर रहे थे ।

समिति के अध्यक्ष छेदीलाल चक्रधारी ने बताया कि कांवर यात्रा का यह 27 वां वर्ष है। यह यात्रा सभी वर्गो के सहयोग से निकाली जाती है। कांवर यात्रा के पश्चात विशेष हवन पूजन व भंडारा किया गया। इस अवसर पर पं. विक्रांत पुरोहित ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर कराया। इसमें प्रमुख रूप से पूरन दुबे, रामावतार शर्मा, रमणीय महाराज, ओम प्रकाश शर्मा, दीनू देवांगन, जयलाल यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मोहनलाल खंडेलवाल का निधन उपरांत देहदान

**दुर्ग,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। प्रतिष्ठित व्यवसायी पद्मनाभपुर निवासी मोहनलाल खंडेलवाल का आज निधन



हो गया। नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर खंडेलवाल परिवार के सदस्यों सुपुत्र सचिन खंडेलवाल भांजे विक्रम खंडेलवाल साले श्याम खंडेलवाल की सहमति से उनकी पार्थिव काया देहदान के रूप में शंकराचार्य मेडिकल कालेज के सुपुर्द कर दिया गया। देहदान कराने की प्रक्रिया में खंडेलवाल परिवारजनों के अलावा नवदृष्टि फाउण्डेशन के राज आढ़तिया, रितेश जैन, कुलवंत भाटिया, सहित अनेक युवक शामिल रहें।

# कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र परिषद का शुभारंभ



**दुर्ग**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थषास्त्र परिषद का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने परिषद के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आव्हान किया कि उन्हें विभागीय गतिविधियों के साथ-साथ महाविद्यालय की अकादमिक एवं गैर अकादमिक गतिविधियाँ में भी सक्रियता से भागीदारी निभानी चाहिए।

विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राओं द्वारा ग्रीन आर्मी का गठन किया गया है जो पूरे सत्र भर महाविद्यालय की स्वच्छता एवं बगीचों के संधारण में अपना योगदान देगी। ग्रीन आर्मी एवं अर्थशास्त्र परिषद की प्रभारी डॉ. मुक्ता बांखला ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को परिषद के महत्व को बताते हुए स्पष्ट किया कि परिषद को अपने कार्यों के अन्तर्गत विभागीय गतिविधियाँ का संचालन कैसे करना चाहिए ? नेट/स्लेट की तैयारी, पावर पाईंट प्रस्तुति, पोस्टर प्रदर्शनी, शैक्षणिक भ्रमण, व्याख्यानमालाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाना है। ग्रीन आर्मी को भी उन्होनें विभिन्न दायित्व सौंपते हुए अपेक्षा की कि महाविद्यालय की अन्य छात्राओं के लिए भी ये छात्राएँ उदाहरण प्रस्तुत करेंगी। प्राध्यापक डॉ. दीपक कश्यप ने सभी छात्राओं को पावर पाईंट प्रस्तुति एवं नेट/स्लेट जैसी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा की। अर्थशास्त्र परिषद के निम्न पदाधिकारी इस प्रकार है। अध्यक्ष- कु. आमिनी साहू, उपाध्यक्ष- कु. कोमल देवांगन, सचिव- कु. देवंतिन कुंजाम, सहसचिव- कु. भारती साहू, कोषाध्यक्ष- कु. वंदना शर्मा। अध्यक्ष, कु. आमिनी साहू ने प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रीन आर्मी के माध्यम से महाविद्यालय को स्वच्द रखने में अपने टीम के साथ पूर्ण सहयोग देने का वायदा किया।

# दो विपत्तिग्रस्त परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि मंजूर

**बेमेतरा**, 20 सितंबर (देशबन्धु) ।राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर पी एस एल्मा द्वारा बुधवार को जिले के दो विपत्तिग्रस्त परिवार को चार-चार लाख रुपये की मान से 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के निकटतम वारिसान को यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बेमेतरा के ग्राम राउरपुर निवासी कु. हसीना की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन सुनील कोशले को चार लाख रुपये एवं तहसील बेरला के ग्राम मंगलोर निवासी ईश्वर यादव का नदी मे डूबने से मृत्यु होने पर परिजन सालिक यादव को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# पेंडरवानी में आंगनबाडी केंद्र भवन का लोकार्पण



**गुरूर**, 20 सितंबर (देशबन्धु) ।जिले के ग्राम पेंडरवाणी मे लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। जंहा मुख्य अतिथि के रूप मे कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत बालोद के सभापति ललिता पीमन साहू मंचासीन थी, जिन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पेंडरवानी में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम में पक्की नाली निर्माण कार्य का भूमिपुजन का ग्रामीणों को सौगात दी। इस अवसर पर जीवराखन साहू पूर्व महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस गुरूर, सत्यवान साहू सरपंच, गिरधारी देवांगन पूर्व सरपंच व वरिष्ठ कांग्रेसी, खिलेश कुमार साहू उपसरपंच, कुंजलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, बेनीलाल साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज, नारायण साहू, सुदर्शन यादव उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति व समस्त पंचगण, आंगनबाडी कार्यकर्त्ता गण सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विभिन्न विकास कार्यों का विधायक संगीता ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**गुरूर**, 20 सितंबर (देशबन्धु) ।संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम चिटौद में विधायक निधि से 6 लाख रु. की लागत से बनने वाले साहू समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।



इसी तरह ग्राम पलारी में विधायक निधि से 05 लाख में बनने वाले ओपन जिम तथा 6.50 लाख से बनने वाले आदिवासी सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण, ग्राम पेंडरवानी में 05 लाख से बनने वाले ओपन जिम, ग्राम मुड़पार में 14.50 लाख रु से बनने वाले सामुदायिक भवन एवं ग्राम अकलवारा में 05 लाख रु से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को सौगात दी। वही ग्राम फागुनदाह में 14 लाख रु से निर्मित किसान कुटीर एवं 25 लाख रु से निर्मित खाद गोदाम का लोकार्पण किया। ग्रामवासियों ने उक्त विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हितग्राहियों को प्रदान किया जनसम्पर्क अनुदान का चेक



विधायक संगीता सिन्हा ने जनसम्पर्क अनुदान मद से अपने विधानसभा क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद हितग्राहियों को चेक प्रदान किया, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर, स्वास्थ्यगत समस्या से ग्रस्त, निराश्रित व वृद्धजनों को गुरुर स्थित अपने कार्यालय में जनसम्पर्क अनुदान का चेक प्रदान किया। जनसम्पर्क अनुदान का चेक पाने वाले समस्त लाभान्वितों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही समस्त कार्यकर्ताओ एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# नगर में आज का रुट चार्ट तैयार

**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु) राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के जयंती स्टेडियम भिलाई आगमन पर यातायात पुलिस द्वारा पार्किंग प्लान तैयार किया गया है जिसमें अलग.अलग दिशाओं से आने वाले आम जनता के वाहनों के लिए रूट चार्ट के तहत कवर्धा, बेमेतरा, धमधा की ओर से आने वाले वाहन चालक धमधा नाका, ग्रीन चौक, राजेन्द्र प्रसाद चौक, मालवीय नगर चौक, वाय शेप ओवर ब्रिज, 32 बंगला, सेक्टर-9 चौक, सेक्टर-8 चौक होते हुए बीएसपी स्कूल मैदान सेक्टर-7 में बस पार्किंग एवं दशहरा मैदान सेक्टर 07 में कार पार्किंग करेंगें। राजनांदगांव, बालोद की ओर से आने वाले वाहन चालक पुलगांव चौक, बोरसी चौक,जेल तिराहा, ठगडा बांध ओवर ब्रिज, एमडी चौक होते हुए पंथी चौक के बाजू मैदान सेक्टर 10 ग्राउण्ड में बस एवं रूआबांधा सप्ताहिक मार्केट के सामने कार पार्किंग करेंगें। रायपुर, अहिवाराए कुम्हारी, भिलाई-3 की ओर से आने वाले वाहन चालक पॉवर हाऊस मुर्गा चौक, बीएसएनल चौक.पाण्डेय चौक होते हुए सेक्टर-2 भिलाई विद्यालय ग्राउण्ड में एवं सेक्टर-6 पुलिस ग्राउण्ड में बस तथा सिविक सेंटर मार्केट पार्किंग स्थल में कार पार्क करेंगे। धमतरी, अभनपुर, पाटन, उतई की ओर से आने वाले बस चालक रिसाली दशहरा मैदान एवं कार चालक डी.पी.एस. स्कूल के सामने पार्किंग करेंगे। नेहरू नगर की ओर से आने वाले वाहन चालक सेक्टर-7 मार्केट के सामने एवं पानी टंकी मैदान में अपने वाहन पार्क करेंगे। व्हीव्हीआईपी पास वाहन चालक बेरोजगार तिराहा; से बैक परिसर पार्किग में वाहन खडा करेगें। व्हीआईपी पास एवं मीडिया वाहन चालक जंयती स्टेडियम कटिंग फारेस्ट एवेन्यू मार्ग से स्टेडियम के पीछे वाहन पार्क करेगें। भारी वाहनो का प्रवेश खुर्सीपार, पावर हाउस से सेक्टर की ओर, उतई से मरोदा सेक्टर की ओर, पुलगांव चौक से बोरसी, जेल तिराहा की ओर पुलगांव चौक से दुर्ग शहर की ओर, धमधा नाका से व्हाय सेप ओरव ब्रिज की ओर नेहरू नगर से सेक्टर की ओर प्रतिबंधित रहेगा। आम नागरिक सेंट्रल एवेन्यू मार्ग का प्रयोग करने वाले जाम से बचने के लिये गैरज एवम फॉरेस्ट एवेन्यु मार्ग का प्रयोग करे।'

## वार्षिक आमसभा 24 को

**भिलाईनगर।** इस्पात कर्मचारी कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर 6 की वार्षिक आमसभा 24 सितंबर को सुबह 10.0 बजे से परशुराम भवन सेक्टर 2 भिलाई में रखी गई है। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा ने बताया कि आमसभा में वार्षिक प्रतिवेदन के अलावा अंकेक्षित वित्तीय पत्रक वर्ष 2022-23 का अनुमोदनए वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन एवं वर्ष 2022-23 के अनुपूरक बजट का अनुमोदन, वर्ष 2022-23 का देय लाभांश का अनुमोदन, कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 की एक्सप्रेसिया राशि का भुगतान करने बाबत संचालक मंडल के निर्णय का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखा पत्रको का अंकेक्षण हेतु संपरीक्षक की नियुक्ति व अन्य विषय पर चर्चा अध्यक्ष की अनुमति से होगी। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने बताया कि आमसभा में शामिल होने सदस्यों को भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जारी गेट पास एवं संस्था की पासबुक लाना अनिवार्य है।

# विभागीय कार्यों की आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक



**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा कार्यालय के सभागार में आज बुधवार को निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान निगम के राजस्व संपदा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लेखा शाखा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने कहा कि राजस्व विभाग के कामकाज में लगे सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्ड में वसूली करने के साथ अवैध निर्माण की जानकारी एवं आवारा पशु बाहर छोड़ने वालो की जानकारी से प्रभारी अधिकारी को दैनिक रूप से अवगत करायें । राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व.सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रत्येक घर का सर्वेक्षण कर पशुपालकों की जानकारी संकलित करने निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे महिला बाल विकास अधिकारी, निगम भिलाई-चरोदा के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, एनयूएलएम मैनेजर आदित्य भट्नागर, सहायक ग्रेड.1 राजू वर्मा, उपअभियंता विक्टर वर्मा के अलावा नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता की आयुक्त ने दिलाई शपथ

निगम भिलाई.चरौदा प्रशासन द्वारा गणेशोत्सव सहित अन्य आने वाले त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए एहतियातन विशेष सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया है। निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक बीनू वर्मा ने बताया कि महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी द्वारा दिये गये आदेशानुसार सार्वजनिक जगहो जैसे पूजा पंडाल स्थल, बाजार मार्केट, खेल मैदान वं मेला स्थल पर विशेष फोकस कर सफाई की जा रही है। जिससे कही भी लोगो को असुविधा ना हो। इस दौरान सडक के किनारे एकत्र हुए धुल और डस्ट को हटाने के साथ अनुपयोगी पदार्थ जो जमीन और प्रांगन में पाये गये उन्हे समेटते हुए सभी स्थानों पर गडडो की लेवलिंग की जा रही है। नालियों से कचरा निकालने के साथ क्लोरिन टैबलेट का का वितरण और स्वच्छता बरतने संबंधी समक्षाईस भी नागरिकों देने का कार्य सफाई मित्र, स्वच्छता दीदी द्वारा मितानिनों के सहयोग से किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत भिलाई-चरौदा निगम के एन.यू.एल.एम. दल ने कन्या शाला की बालिका विद्यार्थियों को दिलाई शपथ निगम भिलाइ-चरौदा कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विषय पर निगम राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक आदित्य भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर निर्मल कोसरे एवं कमिश्नर अजय त्रिपाठी से प्राप्त आदेश के परिपालन में निगम क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। इसी क्रम में भिलाई-3 के कन्या उच्चतर माध्यिमिक विधालय में शिक्षणरत बालिकाओं को शपथ दिलाई गयी। जिसमें हम अपने शहर को साफ रखेगे, गंदगी नही करेंगे। साथ ही किसी को करने भी नही देंगे। शपथ के दौरान स्कूली छात्राओं के साथ सामुदायिक संगठक श्रीमती कुंती वर्मा, श्रीमती सुषमा पांडे तथा स्कूल प्राचार्य उपस्थित रहे।

# बीएसपी सोसाइटी ने रिटायर कर्मियों को दी विदाई



**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जुलाई-अगस्त या फिर उसके पहले रिटायर हुए सदस्य कर्मियों को समारोह में विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि अपने सेवाकाल में जीवन का सर्वश्रेष्ठ देने वाले वरिष्ठ साथियों का सोसाइटी से रिश्ता बना रहेगा। श्री मिश्र ने कहा कि इन वरिष्ठ लोगों ने भिलाई इस्पात संयंत्र की अपनी सुदीर्घ सेवा में जो अनुभव अर्जित किया है वह हम सबकी अनमोल पूंजी है। इन रिटायर बीएसपी कर्मियों में राजेश जैन, माहंगु लाल चौधरी, नंद कुमार, टेकराम साहू, संदीप श्रीवास्तव, मटुकदास जोशी, भागवत प्रसाद, प्रदीप कुमार, गोकुल सिंह, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, ओंकार लाल साहू, सुनील कुमार फड़के, एम. तुलसीदास, खूबचंद नागेश, पोखनलाल, रमेश चंद्र, शिव प्रकाश, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सतेंद्र कुमार, खलीलुल्लाह, श्रीमती यू.सावित्री, पूजन प्रसाद, एमके साहू, एमके जैन, त्रिनाथ पांडेय, भील सिंह, प्रवीण पीटर, राम नगीना, नरेश कुमार, यूएम राव, सनत राम और सीतुल राम दीवान शामिल हैं। कुछ रिटायर कर्मियों ने अपने उद्गार भी व्यक्त किए। वहीं सदस्यों में संदीप श्रीवास्तव और एस.के. देवांगन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सोसाइटी के साथ अपने लंबे जुड़ाव के अनुभवों को साझा किया। साथ ही साथ पर संस्था के संचालक धनंजय चतुर्वेदी व कुलेश्वर चंद्राकर सहित संस्था के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# निगम कार्यालय में गणपति की प्रतिमा स्थापित

**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई.चरौदा कार्यालय परिसर में गणेश की मूर्ति स्थापित की गयी। जिसका पूजन अगले दस दिनों तक कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। बता दे कि भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में पिछले कई वर्षो से भगवान गणेश और विश्वकर्मा देवता की पूजा होती आ रही है। समय-समय पर अलग-अलग कर्मचारियों द्वारा इसकी पहल कर निगम कार्यालय में देव स्थापना कर पूजा-अर्चना किया जाती रही है। निगम कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा का पूजन-हवन कर प्रसाद वितरण किया गया। दोनों ही दिवसों पर शहर के प्रथम नागरिक महापौर निर्मल कोसरे पूजन में उपस्थित रहे। उनके साथ शहर सरकार में उनके साथी एम.आई.सी. सदस्य मोहन साहू, पार्षद डे साहाब वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, आशीष वर्मा एवं अन्य भी उपस्थित रहे। निगम कर्मचारियों में अविनाश चन्द्राकर, चेतन देवांगन, श्याम सुंदर सिंह, टिकेन गोस्वार, बलराम चेलक, सुखनंदन यादव, अश्विनी चंद्राकर, लिंगेश्वर राव, मनोज मैथिल, मनोज हरकंडे, पुरानिक साहू एवं अन्य मौजूद रहे।



# रेलवे कालोनी में राम मंदिर-प्रेम मंदिर की झलक




**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नव युवा चेतना मंच द्वारा चरोदा के जोन-2 रेलवे कॉलोनी में इस बार भी गणेशोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जा रहा है। इस बार यहां बनाए जा रहे एक ही पंडाल में अयोध्या के राम मंदिर, वृंदावन के प्रेम मंदिर की मनमोहक प्रतिरुप आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसके अलावा पंडाल में 15 फीट ऊंची भगवान गणेश जी की प्रतिमा विराजमान कर आकर्षक झांकियां भी रखी जाएगी। नव युवा चेतना मंच द्वारा चरोदा के जोन-2 रेलवे कॉलोनी में गणेशोत्सव का यह 17 वां वर्ष है। गत वर्ष यहां सेन्ट्रल विस्टा के प्रतिरुप का भव्य तरीके से बनाया गया पंडाल जबरदस्त तरीके से आकर्षण बिखेरने में सफल रहा था। आयोजन समिति इस बार के गणेशोत्सव के लिए ऐसा पंडाल तैयार कर रही है जो सामान्य रूप से देखने में एक लगेगा, लेकिन गौर से देखने पर अयोध्या के राम मंदिर के साथ-साथ वृंदावन के प्रेम मंदिर की झलक दिखाई पड़ेगी। पश्चिम बंगाल से आए लगभग 40 कारीगरों का समूह इस पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। नव युवा चेतना मंच के संरक्षक एवं पार्षद चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, अध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय व कोषाध्यक्ष सनातन कुमार ठाकुर ने बताया कि एक ही गणेशोत्सव पंडाल में देश के प्रसिद्ध दो भव्य मंदिरों का प्रतिरूप इस बार खास है। लाइटिंग सिस्टम ऐसी रखी जाएगी कि हर आधे घंटे के अंतराल में पंडाल का कलर बदलता रहेगा। वहीं पिछले 16 वर्षों के आयोजन में तैयार किए जा चुके अलग-अलग पंडाल और उसमें विराजे भगवान गणेश की प्रतिमाओं को इस बार झांकी के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा चन्द्रयान थ्री की झांकी भी बन रही है। उन्होंने बताया कि गत वर्षों की तरह इस बार भी आने वाले दर्शनार्थियों के मनोरंजन के लिए गणेशोत्सव पंडाल के सामने मीना बाजार और झूले का भी विशेष रूप से व्यवस्था रहेगी।

# 10 वर्षीय पलाश ने भारत के लिए जीता स्वर्ण

## भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश व भूटान के खिलाड़ी हुए शामिल



**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ की टीम ने साउथ एशियन लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023 में जो की 8 से 10 सितम्बर को पांडुचेरी में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कुल 5 देश भारत नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं भूटान के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें छत्तीसगढ़ के टीम के प्रतिभागियों ने अपने कैटिगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निकटतम प्रतिद्वंदी से जीत कर जो भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किए। भारत के ये सारे प्रतिभागी 6 वर्ष से 16 वर्ष के आयु के बीच के है। जिसमे डेमोस्ट्रेशन में स्वर्ण पदक जितने वालो में पलाश अग्रवाल, आर्षवीर राजवीर सिंह, सौम्या ताम्रकार, विनय यादव इसी कड़ी में लाठी फाइट में स्वर्ण पदक जितने वाले आर्षवीर राजवीर सिंह, सौम्या ताम्रकार, विनय यादव, आलिया फातिमा, जेसिका बघेल, लावण्या बघेल और ईशान खंडेलवाल रहे। रजत पदक एवं कांस्य प्राप्त करने वाले में रेयांश परमार, अदिति जायसवाल, प्रतीक्षा अग्रवाल, शिवानी भदौरिया, दिव्या साहू आदि रहे।

इस प्रतियोगिता में भारत की तरफ से परचम फैलाने वाले लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के महासचिव संदीप ताम्रकार एवं कोच अंजना राजवीर सिंह, सीमा राहंगडाले, ठाकुर कारन सिंह एवं विनय यादव की भूमिका सराहनीय रही। उनके अथक प्रयास एवं कठिन परिश्रम से ही भारत को इस खेल में पदको की प्राप्ति हुई। ये सम्पूर्ण टीम अक्टूबर 2023 में दुबई में होने वाली अगली इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए भाग लेगी। इस अवसर पर लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, कार्यकारी अध्यक्ष मनमीत सिंह चावला, उपाध्यक्ष राजेश ताम्रकार, अनुभव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष चार्टड अकाउन्टेड प्रतीक अग्रवाल, कार्यकारी सदस्य मनीष सिंह, नागेंद्र सिन्हा ने प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की । ये जानकारी लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गनाशन छत्तीसगढ़ के मिडिया प्रभारी रामकृष्ण मुखर्जी ने दी।

# आज प्रियंका की सभा जयंती स्टेडियम मैदान में



**भिलाईनगर,** 20 सितंबर (देशबन्धु) आज 21 सितंबर गुरुवार को जयंती स्टेडियम मैदान में कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सम्मानित करेगी। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। आज कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था देखने भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, निगम भिलाई आयुक्त रोहित ब्यास, सीआरपीएफ के अधिकारी, जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और सुरक्षा सहित तमाम इंतजाम की जानकारी ली। एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि 21 सितम्बर को महिला सम्मेलन में प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अनेक नेतागण और बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैं। जिसके मद्देनजर सुरक्षा और अन्य व्यवस्था के तहत तैयारियों का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। डोम शेड, मंच, कार्यक्रम प्रवेश द्वार, पार्किंग व्यवस्था हो चुकी है। सिविक सेक्टर भिलाई में राज्य स्तरीय महिला समृद्धि सम्मेलन में प्रियंका गांधी आयेगी। वे गुरुवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर भिलाई आ रही हैं। वे भिलाई में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन में शामिल होंगी। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय नेताओं का लगातार दौरा चल रहा है। महिला वोटर्स को साधने प्रियंका गांधी आ रही हैं। भिलाई में बड़ी सभा का आयोजन किया जा रहा है। महिला समृद्धि सम्मेलन में लगभीग डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाओं को लाने की तैयारी चल रही है। इस बार के चुनाव में महिला वोटर्स की संख्या पुरुषों के मुकाबले ज्यादा है। लिहाजा इस ध्यान में रखकर कांग्रेस ने इस सम्मेलन का आयोजन किया है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है, कि प्रियंका गांधी भिलाई के सम्मेलन में महिलाओं के लिये कोई बड़ी घोषणा भी कर सकती है।

## आवार मवेशियों की धर-पकड़ जारी

**भिलाईनगर।** महापौर निर्मल कोसर एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के आदेशानुसार भिलाई.03 और चरौदा क्षेत्र में प्रमुख राजमार्ग मुख्य सड़क को आवारा पशुओं से मुक्त कराने कार्यवाही नियमित की जा रही है। विगत दिनो कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा समय सीमा की बैठक में इस विषय पर निर्देशित करते हुए अपने पालतू जानवर रोड पर छोड़ने वालो के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने अधिकारियों को आदेश प्रदान किया गया है। जिस पर लगातार भिलाई.चरौदा निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मवेशी पकड़कर उन्हे सडको से हटाया जा रहा है। इस दौरान निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा गंभीरता पूर्वक मुख्य राजमार्ग सहित अन्य आवागमन वाली प्रमुख सड़कों से आवारा घुमंतू पशु पकड़ने की कार्यवाही काउ कैचर के माध्यम से की जा रही हैए साथ ही अपने पालतू मवेशी बाहर छोड़ने वाले पर अर्थदंड भी लगाया जा रहा है।

# कवि कोकास बनी फिल्म की कहानी, लोगों को आ रही पंसद

**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कवि व लेखक शरद कोकास की कहान काउंटर के पीछे मुस्कुराता चेहरा पर बनी फिल्म फेसबुक एमएक्स प्लेयर पर धूम मचा रही हैं। शरद बताते हैं कि यह उन दिनों की कहानी है जब बैंक इंटरनेट से नहीं जुड़े थे और एमटी यानी मेल ट्रांसफर से पैसे भेजे जाते थे। फिल्म में एक जरूरतमंद युवक के खाते में आए पैसे के कथानक के इर्द गिर्द प्रेमकथा है। शरद कोकास ने बताया कि उनकी कहानी काउंटर के पीछे मुस्कुराता चेहरा का पाठ उत्तराखंड की साहित्यकार स्मिता कर्नाटक ने किया था और उसका ऑडियो भी रिलीज हुआ था। स्मिता का बेटा कार्तिक कर्नाटक एक सिनेमैटोग्राफर है। शरद कहते हैं अपनी कहानी पर फिल्म बनने से वह बेहद खुश हैं। उन्होनें बताया कि यहां गाँव के एक युवक सौरभ की कहानी है। इस फिल्म का अंत आपको आश्चर्य और करुणा से भर देगा। सौरभ के खाते में पैसा कहाँ से आया। इस फिल्म के निर्देशक विकास ठाकुर, निर्माता वी एंड के फिल्मस हैं। नायक सौरभ की भूमिका में प्रतीक श्रीवास्तव, नायिका गौरी शर्मा की भूमिका में नायरा हैं। फिल्म के सिनेमेटोग्राफर कार्तिकेय स्मिता कर्नाटक, एडिटर विकास ठाकुर, सह कलाकारों में राजन त्रिपाठी, सुधांशु राणा, सहायक निर्देशक भारद्वाज महिदा और प्रकाश प्रधान, पोस्टर एंड वीएफएक्स आरबीआर फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट, क्रिएटिव डायरेक्टर प्रमोद कंडेल, आर्ट डायरेक्टर प्रकाश प्रधान और नेरेशन स्मिता कर्नाटक का है। फिल्म में गांव का एक किसान का बेटा शहर में कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए आता है और एक किराए की खोली में रहता है। उसके पिता एम टी यानी मेल ट्रांसफर के माध्यम से उसे बैंक में पैसा भेजते हैं। उसके पास जब पैसा खत्म हो जाता है और उधार बढ़ जाता है तो वह बैंक जाकर पता करता है कि उसका एक हज़ार रुपये का मेल ट्रांसफर आया या नहीं।



कई बार बैंक जाने के बावजूद बैंक में काम करने वाली लड़की बताती है कि नहीं उसका पैसा नहीं आया है। इस बीच मकान मालिक और ढाबे के मालिक द्वारा उसे दुत्कारे जाने की दृश्य भी है उसके मन में आत्महत्या का ख्याल भी आता है। वह लड़की उसे लड़के के प्रति आकर्षित होने लगती है। दोनों के बीच संवेदना से भरे संवाद फिल्म में है। लेकिन वह लड़की बताती है कि उसका पैसा आ गया और उसे 1000 उसके खाते से निकाल कर दे देती है। इतने में उसके पिता का पत्र उसे मिलता है कि इस बार फसल नहीं बिकी है इसलिए वह पैसा नहीं भेज पाया है। वह सोचता रह जाता है कि जब उसके पिता ने पैसा भेजा ही नहीं है तो उसके खाते में पैसा किसने जमा किया होगा। उस लड़की के मन में इस युवा के प्रति प्रेम का अंकुर उगता है। करुणा और संवेदना से भरे हुए प्रेम के सुंदर दृश्य फिल्म में है।

# कांग्रेस घोषणा पत्र में सिनीयर सिटीजन पर हो फोकस : जैन

**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री शैलजा को लिखे एक पत्र में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के पूर्व महामंत्री एवं प्रवक्ता ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा बनाए जाने वाले घोषणा पत्र में सीनियर सिटीजन को सुविधा दिए जाने के संदर्भ में विचार किया जाना चाहिए। 65 वर्ष की उम्र पूरी होने पर जहां बैंक, बीमा पॉलिसी, नीजि की फाइनेंस कंपनी के द्वारा फाइनेंस की सुविधा न दिया जाना, रेलवे में दिया जाने वाली सुविधा को समाप्त कर दिया जाना, ड्राइविंग लाइसेंस समाप्त कर दिया जाने से सभी सुविधाएं लगभग समाप्त हो गई है। केंद्र की सरकार द्वारा जब सभी सुविधाओं को सीनियर सिटीजन के लिए समाप्त कर दिया जाएगा तो उनकी आजीविका का साधन क्या होगा। श्री जैन ने कहा कि केंद्र की सरकार सीनियर सिटीजन सामान्य वर्ग के लिए के लिए 50000 दिए जाने की घोषणा हो अन्यथा चिकित्सा सुविधा हर स्थिति में निशुल्क दी आनी चाहिए इसका उल्लेख किया जाए। कांग्रेस नेता ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि सीनियर सिटीजंस को हर तरह की सुविधा केंद्र और राज्य सरकार की ओर से दी जानी चाहिए। श्री जैन ने यह भी कहा कि एक और जहां आयुष्मान कार्ड में ओबीसी वर्ग के लिए 5 लाख की राशि यह जाने का उल्लेख है वहीं सामान्य वर्ग को मात्र 50 हजार की राशि का ही दोहरा मापदंड समाप्त किया जाना चाहिए। आयुष्मान कार्ड में सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 3 से 5 लाख और हर तरह की सुविधा दिए जाने का उल्लेख किया जाना चाहिए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अपना घोषणा पत्र बनाने के वक्त इस बात का विशेष दिया ध्यान दिया जाना चाहिये ताकि सामान्य वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी आसानी से मिल सके मात्र 50 हजार में सामान्य वर्ग कि चिकित्सा सुविधा संभव नहीं है। इस राहत मिलने से सिनीयर सिटीजन को काफी मदद होगी

# सेंट थॉमस में कला प्रतिभा प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा की कला एवं साहित्यिक इकाई द्वारा कला प्रतिभा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा एवं डीपीएस दुर्ग की संगीत शिक्षिका सुश्री अनुष्का पांडे थी। उन्होंने कहा कि कला प्रतिभा एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को उनकी छुपी हुई कला प्रदर्शित करने में सहायता करता है जो निश्चय ही उनके भविष्य में उपयोगी सिद्ध होता है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य एवं रसायन विभाग की अतिरिक्त अध्यक्ष डॉ चंदा वर्मा तथा मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ देबजानी मुख़र्जी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ चंदा वर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता के आयोजन के माध्यम से एक योग्य छात्र का चयन कला प्रतिभा सम्मान के लिए होता है। जो कला प्रतिभा के समस्त प्रतियोगताओं में सर्वाधिक अंक अर्जित करता है कार्यक्रम के आरंभ में कला एवं साहित्यिक इकाई की संयोजक डॉ सपना शर्मा ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, पोस्टर मेकिंग, त्वरित चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली, मेहँदी, वाद-विवाद, त्वरित नाट्य, नाटिका, क्विज़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। गीत एवं साहित्यिक कार्यक्रम कराये गए। संगीत में एकल गायन, एकल लाइट वोकल, समूह गायन, एवं धुन की प्रतियोगिता रखी गयी। साहित्य में वाद-विवाद तथा त्वरित नाट्य की प्रतियोगिता आयोजित की इसी तरह नृत्य में एकल शास्त्रीय नृत्य, तथा समूह नृत्य की प्रतियोगिता रखी गयी, त्वरित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, रंगोली एवं मेहँदी प्रतियोगिता तथा नाटिका एवं क्विज़ का आयोजन किया गया। छात्रों ने पुरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्राध्यापकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कला एवं साहित्यिक इकाई के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शिक्षक ही समाज के उन्नति के है सूत्रधार : विधायक छाबड़ा

**बेमेतरा,** 20 सितंबर। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेरा(का) में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। मां सरस्वती छत्तीसगढ महतारी की तैल चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए।




इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों का भविष्य निर्माण में शिक्षकों की जिम्मेदारी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है,आज इस मंच में आपके सामने खड़े होकर भाषण दे रहा हु,उसके पीछे भी मेरे गुरुजनों का बड़ा योगदान है,आगे बढ़ने के लिए सबसे ज़्यादा ज़रूरी है,अभी कुछ दिन पूर्व ही 05 सितंबर को कृषि उपज मंडी प्रांगण मे डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस के रूप के भव्य कार्यक्रम आयोजित कर गुरूजनों का सम्मान करने का अवसर मिला आज राष्ट्रनिर्माण और समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है,आप सभी गुरुजन ईमानदारी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करते रहें जिससे की हमारे बच्चे आगे बढ़ते रहें,आप सभी शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनका भविष्य बेहतर ढ़ंग से निर्माण करने में अपना सहयोग प्रदान करते है,स्कूली बच्चों का भविष्य गढ़ने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ जुटे रहने वाले शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान पी आर राजपूत सर जिनका आज सम्मान करने का गौरव प्राप्त हुआ जिन्होंने ग्राम बहेरा में सन 1990 से 2023 तक अपनी सेवाये दी इनके मार्गदर्शन में बहेरा से एक से बढ़कर एक होनहार छात्र/छात्राएं अनेकों पद काबिज होकर अपनी सेवाये दे रहे है।

इस अवसर पर मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,बहल सिंह वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, ऋषि वर्मा,टेकराम साहू, चेमन नेताम सरपंच प्रतिनिधि, सजेंद्र वर्मा सरपंच, सुरीत ध्रुव,खिलावन वर्मा,संतोष धुव,भोला वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, मेहतर वर्मा, सत्यनारायण पाटिल,रामनुज वर्मा, देवनारायण पाटिल,चेतन वर्मा, धंजय वर्मा,जगदीश वर्मा, रावेंद्र वर्मा,दिनेश वर्मा,गणेश साहू,डोमन वर्मा, संजय वर्मा, दाऊ वर्मा,सुनील वर्मा,मुकेश वर्मा, अंगेस्वर वर्मा,राकेश वर्मा, हेमू वर्मा, खरे बीईओ, गणेश कुर्रे प्राचार्य, झवेंद्र साहू प्रधान पाठक सहित बडी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# जनपद सदस्य निधि से विद्यालय आहता निर्माण का भूमिपूजन

## क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता : संजय बैस

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। आदीवासी ब्लाक के ग्राम पंचायत कुसुमकसा के टोलापारा में शासकीय प्रथमिथक शाला परिसर के अहाता निर्माण जनपद निधि से पांच लाख रूपय का भूमिपूजन जनपद सदस्य संजय बैंस ने किया।कार्यक्रम में सरपंच शिवराम सिंदरामे उपसरपंच दीपक यादव पंच गण सहित आम नागरिक उपस्थित रहे। शाला विकास सीमित के अधक्ष्य रोमन ताराम अजय रावटे ने जनपद सदस्य संजय बैस का गर्म जोशी से अभिनंदन कर आभार प्रकट किया शाला विकास सीमित के अधक्ष्य रोमन ताराम ने कहा की हमारे स्कूल का अहाता बहुत जर्जर हो गया था जिसे हम सभी शाला समिति के सदस्य गांव वालो के साथ क्षेत्रीय मंत्री एवं सांसद तक अपनी समस्या रखे पर किसी ने भी हमारी समस्या का निदान नहीं किया हमारे जनपद सदस्य ने समस्या को गंभीरता से लेकर अपने निधि से पांच लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर भूमिपूजन किए मैं पूरे शाला परिवार के तरफ से उनका आभार मानता हुं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बैंस ने कहा की मुझे शाला समिति के सदस्य व ग्रामीण जन अपनी समस्या रखे थे जो वाजिब भी था। जिसे पूर्ण करने में खुशी महसूस कर रहा हुं। क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है आगे भी आप सब के आशीर्वाद व आप सभी के सहयोग से शिक्षा के साथ समस्त क्षेत्रों के जनहित कार्यों को पुरा करने की मेरी कोशिश रहेगी। इस अवसर पर सरपंच शिवराम सिंदरामे ने बताया की हमारे जनपद सदस्य के पास हर समस्या का निराकरण है लाखो रुपए की राशि हमारे ग्राम पंचायत के विकास के लिए स्वीकृति प्रदान करा चुके है इस नए विकास कार्य के लिए भी में व ग्रामिण जन उनका आभार मानता है। उप सरपंच दीपक यादव ने कहा की संजय बैस सामाजिक धार्मिक कार्य जनहित के विकास कार्य सहित लोगों के दूख सुख में हमेशा आगे के पंक्ति में खड़े रहते है। इनके कार्य धरातल में भी फलिभूत होती है। उपसरपंच यादव ने यह भी कहा की वास्तव में स्कूल की अहाता बहुत ही जर्जर हो गया था दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती थी नए आहता बनने से समस्या के निदान के साथ प्राथमिक शाला की सुरक्षा दृष्टि से भी अच्छा होगा।कार्यक्रम में पुस्पजीत बैंस लोकेश सिन्हा गोल्डी धनकर कीर्तिन ठाकुर नोहर रावटे हेम लाल सेन हेमेंद्र भुआर्य लखन पटेल जागेश्वर भुआर्य पन्ना लाल डोमन पटेल उपस्थित रहे।





सिध्दीविनायक गणेश मंदिर

## निधन

### विठ्ठलदास मेश्राम

**भिलाईनगर,** 20 सितंबर।



पंचशील नगर, जोन-1 खुर्सीपार सेक्टर 11 निवासी 85 वर्ष का आज 20 सितम्बर को सुबह 10 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। दिवंगत विठ्ठलदास मेश्राम, असीम मेश्राम, बबिता कामले के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा उनके निवास पंचशील नगर, सेक्टर-11, भिलाई से संध्या 4 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### जयसिंह ठाकुर

**सरायपाली** 20 सितंबर। जयसिंह ठाकुर (20) का रायपुर में सड़क हादसे में 19 सितंबर मंगलवार की रात को निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर में शोक की लहर छा गई। जय सिंह युवाओं के बीच काफी मिलनसार था रायपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था जय सिंह ठाकुर भगवान सिंह का पोता सुनील सिंह का सुपुत्र, शिक्षक धीरज शेरू का भतीजा था अंतिम संस्कार शाम को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया।



### राधादेवी जोशी

**दुर्ग,** 20 सितंबर। मोहन नगर निवासी राधादेवी जोशी (82) का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज दोपहर शिवनाथ मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता बजरंग जोशी की धर्मपत्नी तथा श्रीकांत, ललित और अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी की माता थी। अंतिम संस्कार में नगर के अधिवक्तागणों के अलावा विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी राधेश्याम शर्मा तथा राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण समाज के लोगों के साथ ही नागरिकों ने भी शामिल होकर श्रद्धांजलि दी ।



### उत्तमचंद लूनिया

**महासमुंद,** 20 सितंबर। स्थानीय महावीर कालोनी निवासी जैन समाज के वरिष्ठ उत्तमचंद लूनिया 84 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय लूनिया, उमेश लूनिया के पिता व पारस, गौतम, देवराज लूनिया के भाई थे।



### यशवंत निषाद

**महासमुंद,** 20 सितंबर। ग्राम बिरकोनी निवासी यशवंत निषाद 33 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 20 सितंबर को गृह ग्राम बिरकोनी में किया गया। वे बिरकोनी सोसायटी में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे।



### जगदीशचंद्र अग्रवाल

**पिथौरा,** 20 सितंबर। नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक व भाजपा नेता डॉ. संपत अग्रवाल के पिता जगदीशचंद्र अग्रवाल 90 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। जगदीशचंद्र की अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे उनके गृह निवास जगदीशपुर रोड स्थित निवास से मुक्तिधाम बसना में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में नगरवासी सहित, भारी संख्या में राजनीति से जुड़े नेता शामिल हुए।



# कलेक्टर ने निर्वाचन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए



**बिलाईगढ़,** 20 सितम्बर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली कि लोकार्पण शिलान्यास के कितने कार्य पूर्ण हैं। कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत तहसीलवार पंजीयन और गिरदावरी में त्रुटि रहित कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ सिद्दीकी को अधिकारियो ने बताया कि लक्ष्य से अधिक रासायनिक खाद का बिक्री वितरण किया गया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के संभाग स्तरीय कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने निर्वाचन के सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इन कार्यों में मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं मतदान भवन, पेयजल, बिजली आपूर्ति, रैंप, शौचालय, आदि के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा करना, , मोबाइल नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापना, वेब कास्टिंग के अधीन आने वाले मतदान केंद्रों में इंटरनेट की स्पीड निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार करना, निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टी और अन्य निर्वाचन ड्यूटी की समीक्षा कर किसी भी कर्मचारी का एक ड्यूटी निर्धारित करना शामिल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# एसपी बेमेतरा ने साहसी युवक को किया सम्मानित

## सुरही नदीं के तेज बहाव में बहते 25 वर्षीय युवक को सुरक्षित निकालने वाले युवक अमन हुए सम्मानित



**बेमेतरा,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) द्वारा आज 20.09.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में, ज्ञात हो कि विगत दिनों सुरही नदीं में डुब रहे युवक को देवकर के ही रहने वाले अमन राजपूत ने अपनी जान पर खेल कर बचा लिया। उसकी अदम्य साहस (बहादुरी) का प्रशंसा सभी क्षेत्र वासियों ने की। देवकर वार्ड नं.14 के रहने वाले प्रेमकुमार यादव ऊर्फ प्रेमू 25 वर्षीय को नदी के तेज बहाव में बहते हुए देख वार्ड नं. 01 देवकर निवासी 28 वर्षीय अमन राजपूत ने अपनी जान की बाजी लगाकर डुब रहे प्रेमु की जान बचाई। डुब रहे युवक को अपनी जान का परवाह किये बगैर अदम्य साहस (बहादुरी) का परिचय देते हुए सुरक्षित बाहर निकालने वाले अमन राजपूत (अभिषेक) को उनके इस उत्कृष्ट कार्य हेतु उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला कुर्मी समाज की बैठक संगठात्मक गतिविधियों पर चर्चा



**बेमेतरा,** 20 सितंबर। जिला मुख्यालय स्थित कुर्मी भवन में बुधवार को जिला कुर्मी समाज की बैठक हुई।बैठक में समाज प्रमुखों ने जिला कार्यकारणी के पदाधिकारियों ,युवा ,महिला संगठन गठन और समाज की अन्य सामाजिक गतिविधियों को लेकर आगामी समय के लिए रूपरेखा और उनकी तैयारी के बारे में चर्चा की गई । बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक देवदत्त वर्मा , घासीराम वर्मा ,जिला अध्यक्ष तोरण नायक, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ,जिला कोषाध्यक्ष ज्ञान लाल चंद्राकार, घनश्याम वर्मा, गोवेंद चंद्राकर ,घनश्याम चंद्राकर,सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने आगे जानकारी देते बताया कि कुर्मी समाज की जिला पदाधिकारी की बैठक अगले माह रखी जायेगी उक्त बैठक में चर्चा किए गए पदाधिकारी का चयन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ।

# वनांचल के युवा विहिप से जुड़ कर करेंगे सनातन धर्म की रक्षा

## वनांचल क्षेत्र गांवों में गौरक्षा टीम का गठन कर गौतस्करी में लगाया जाएगा रोक : बलराम गुप्ता

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता जिला सत्संग प्रमुख बोधन भट्ट व रेंगाडबरी विहिप के सदस्य नेमन साहू आज डौंडीलोहारा ब्लाक के वनांचल क्षेत्र रेंगाडबरी खैरकट्टा,मंगचुवा,जुन्नापनी डूमाटोला के दौरे पर रहे व आमजनता से मुलाकात की जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने इन ग्रामों में सनातन धर्म से जुड़े व कार्य कर रहे हिंदूवादी कार्यकर्ताओ से मुलाकात की व आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी विहिप नेताओ ने 26 सितंबर को राजनांदगांव में राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे व प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा के आगमन व संगठन विस्तार पर भी चर्चा की ।जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने वनांचल क्षेत्र के सदस्यों से कहा कि आज समय है। हम सबको एक साथ खड़े रहने का कुछ धर्म विरोधी ताकतें हमको कमजोर समझ कर लगातार धर्मविरोधी बयान दे रहे है। हमारे क्षेत्र के मठ मंदिरो पर हमला कर रहे है। और वो इसलिए कर रहे है। कि सनातन धर्म पुरी तरह खत्म हो जाए लेकिन ऐसे धर्म.विरोधी कृत करने वालों को यह पता होना चाहिए की अब हिंदू धर्मसेवक जाग गए है। व ऐसे लोगो का कड़ा विरोध भी करने आगे आ रहे है। समाज के लोग अब सड़को पर उतर रहे है। अब वनांचल क्षेत्र के युवाओं को भी सतर्क रहना होगा,हम सबको सिर्फ वोटबैंक मानने वालों को भी कड़ा जवाब देना होगा। धर्मविरोधी ताकतों को रोकना होगा इसके लिए आवश्यक है कि हम एक साथ एक जूटता के साथ पूरी ताकत के साथ ऐसे लोगो का विरोध करे। इस दौरे में ग्राम जुन्नापनी में दिलीप देशमुख,टूमन नेताम,प्रकाश यादव जोतराम साहू,जलेश्वर साहू,केशव हिरवानी शंकर मानिकपुरी,मोहित साहू,दिलीप साहू,आकाश यादव,दीपेश कुमार,धीरज कुंजाम,अखिलेश्वर साहू,विक्की सहारे,केशव हिरवानी,दशरथ साहू सहित अन्य सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वनांचल क्षेत्रो के युवाओं जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता बताया कि डौंडीलोहारा राणाखुज्जी,बंजारी रेंगाडबरी व जुन्नापनी मार्ग से देर रात गौ तस्करी का काम हो रहा है। तस्कर इन क्षेत्रों के मार्गो का उपयोग गौ तस्करी के लिए कर रहे है। लेकिन अब वन्य ग्रामों में भी गौरक्षा टीम का गठन कर इस पर रोक लगाया जाएगा ।और वन्य क्षेत्रों के युवा संगठन से जुड़कर धर्म समाज की सेवा करने आगे आ रहे है।



# नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने ग्राम चरोटा में किया कला मंच का लोकार्पण

**कुरूद,** 20 सितंबर (देशबंधु)। तपन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद के मुख्य आतिथ्य में ग्राम चरोटा ठाकुर पारा में मंगलवार को कला मंच का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मोर संगवारी लोक कला मंच भोथली की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



श्री तपन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जन जीवन में और यहां के तीज त्यौहार , संस्कृति में कला का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, जो यहां कि परंपराओं से भी परिपूर्ण है और ग्राम पंचायत चरोटा के कलाकार छत्तीसगढ़ की कला को पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक ले जायेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हंस फलेन्द्र सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कुरुद एवम विशिष्ट अतिथि योगेश्वरी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत चरोटा, परमेश्वरी बंजारे उपसरपंच, दुलेश्वर साहू पूर्व सरपंच व ग्रामीण अध्यक्ष लोहारापथरा,पारथ नेटी ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, सनत पटेल ग्रामीण सचिव चरोटा, रूपराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, रेखराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, चन्द्र कुमार नेताम ग्रामीण पटेल चरोटा, घनश्याम साहू अध्यक्ष साहू समाज, श्रीमती खिलेश्वरी राय आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, मुकेश साहू शिक्षक भेण्डरा, डां. साई राम महोबिया, डां. संजय साहू कोर्रा, श्रीमती मंजूबाला बोरकर शिक्षिका आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष पोषण साहू, सचिन रूपेश कुमार, कोषाध्यक्ष राम नारायण एवं सदस्य गण भीमरास सेन, चूड़ामणि, यशपाल नेटी, रूप कुमार नेटी, अमित, शेखर, थानेश्वर, प्रवीण, सहित राजीव युवा मितान क्लब चरोटा (लोहारपथरा), आल द बेस्ट गणेशत्सव समिति ठाकुर पारा, एवं समस्त ग्रामवासी चरोटा का सराहनीय योगदान रहा।

# महिला बील पास होने से स्व. राजीव गांधी का सपना होगा पूरा : नलिनी



**डोंगरगढ़,** 20 सितंबर। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती नलिनी मेश्राम ने महिला विधेयक बिल 2023 पेश होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि विपक्ष के शोर शराबे के बीच महिला विधेयक बिल 2023 पेश किया गया । यह महिला सशक्तीकरण से संबंधित विधेयक है द्य पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की भी सोच थी कि महिलाओ के लिए संसद में विधेयक बिल पास होना चाहिए और महिलाओ को सत्ता में बराबर की भागीदारी मिले अन्य दलों की सहमति नहीं बनने के कारण यह विधेयक पास नही हो सका अब जो विधेयक पास तो हो गया है द्य किंतु यह 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू नहीं किया जाता है तो यह मात्र वोट लेने का फंडा साबित हो जायेगा जिसे जनता भली भांति समझ चुकी है यदि महिलाओ को वाकई में सत्ता का लाभ दिलाना है तो इसे जल्दी से लागू करना होगा।

# जर्जर सड़क बनाने व नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने जिपं सदस्य प्रभा ने रखी मांग



**डोंगरगढ़,** 20 सितंबर। क्षेत्र जिला पंचायत सदस्य प्रभा रमेश साहू ने बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय पहुंच क्षेत्र की जर्जर सड़क को बनाने व नवीन उचित मूल्य दुकान की शाखा खोलने की मांग की है । जिला पंचायत सदस्य श्रीमती साहू ने बताया कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिहापुरी (नवागांव ) के एनएचद्र6 जी रोड से मेड़ा पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण हो चुका है एवं सड़क में बड़ा बड़ा बहुत सारी गड्ढा हो चुका है जिससे मेरे क्षेत्र वासियों को चलने में भी बहुत परेशानी हो रही है सामने नवरात्रि पर्व लगने वाला है और यह सड़क मार्ग ह।द्र6 से डोंगरगढ़ मेला स्थल को जोड़ती है उन्होंने तत्काल इस सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है ताकि ग्रामवासियों व नवरात्रि में आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा मिल सके । इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू ने जिला खाद्य अधिकारी, खाद्य विभाग, राजनांदगांव से लाल बहादुर नगर में उचित मूल्य की दुकान निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान करने की भी मांग की है जिला पंचायत सदस्य श्रीमती साहू ने जिला खाद्य अधिकारी को दिए ज्ञापन मे अवगत कराया कि लाल बहादुर नगर में एक ही उचित मूल्य की दुकान संचालित है जिसमे राशन कार्ड की संख्या 1250 से अधिक होने के कारण बहुत ही असुविधा हो रही है साथ ही शासन के गाइडलाइन के अनुसार ऑनलाइन सिस्टम के कारण समय ज्यादा लगता है। जिस वजह से जिस महीने ग्रामीणों को राशन मिलना चाहिए उस महीने के अंदर कई लोगों को राशन नहीं मिल पा रहा है और ग्रामीणों द्वारा निरंतर नवीन उचित मूल्य दुकान शाखा खोलने की मांग की जा रही है। अत: ग्रामीणों को हो रही है असुविधा को देखते हुए ग्राम में नवीन उचित मूल्य दुकान की शाखा खोलने की मांग उन्होंने की है।

# बैरिस्टर छेदीलाल को कांग्रेस नेताओं ने किया नमन



**पिथौरा,** 20 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय दीपक बैज जी के निर्देश अनुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में पिथौरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर का 67वीं पुण्यतिथि 18 सितंबर को फॉरेस्ट हाउस में मनाया गया , मुख्य रूप से उपस्थित माननीय मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रथम बैरिस्टार छेदीलाल ठाकुर के जीवन शैली पर प्रकाश डाला एवं अनंत सिंह वर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ने जीवनी कथा की पूर्ण रूप से बात रखा इसी दौरान ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह दीवान द्वारा कहा गया कि छेदीलाल ठाकुर द्वारा भारत देश के आजादी के लिए योगदान की सहराना की तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किया आभार प्रदर्शन कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष फिरोज खान ने कि कार्यक्रम का संचालक शैलेंद्र डंडसेना ने किया कार्यक्रम में उपस्थित गौतम साहू नरेंद्र सेन प्रदेश सचिव देवराज ठाकुर सरपंच पवन रात्रे समनव्यक यूथ अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला हराधन साहू ब्लॉक सचिव राम उजाला सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने मौन धारण किया।

# भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को बनाया अपराध का गढ़ : डॉ रमन

■ आज पटवारी से लेकर कलेक्टर तक करप्ट

■ भाजपा से निष्कासित पार्षदों का फिर हुआ प्रवेश



**बेमेतरा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार देर शाम को बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची। इस यात्रा में भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह, विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, सम्भागीय प्राभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित हुए।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बेमेतरा के लोगों के ऐतिहासिक स्वागत से मुझे अपनापन महसूस हुआ। यहां कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि बेमेतरा में कमल खिलने वाला है। तीजा के उपवास के बाद भी महिलाओं की भीड़ ने परिवर्तन की लहर दिखा दी है और हाल ही में मोदी जी ने महिलाओं को एक बड़ी सौगात भी दी है।

भूपेश सरकार पर वार करते हुए डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि बीते 5 साल में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। हमने भाजपा शासन काल में गांव-गांव में सड़कों का जाल, नेशनल हाईवे को डेवलप करने, सिंचाई प्रोजेक्ट जैसे अनेक विकास कार्य किए हैं। लेकिन इस 5 साल में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य का विकास शून्य हो गया है।

उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर तंज करते हुए कहा कि आज पटवारी से लेकर कलेक्टर तक करप्ट है। खुद कांग्रेस का विधायक नोट लेकर बैठा है, विधायक ने तो महज लाखों की लूट की है मुख्यमंत्री तो करोड़ों के घोटाले कर रहे हैं। सब का रेट फिक्स है। कलेक्टर के पोस्टिंग का तो ऑप्शन होता है। जो ज्यादा रेट देगा उसे वैसा जगह मिलता है।

डॉ रमन ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर है। सरकारी शराब का 40 प्रतिशत पैसा भूपेश बघेल के पास जमा हो रहा है। कोयला, पीडीएस का चावल, गोबर सबमें सरकार ने घोटाले किए हैं। हाल ही में महादेव एप के जरिए हजारों करोड़ का घोटाला सामने आया है। अब कांग्रेस की चार चिन्हारी चोरी, बेईमानी, भ्रष्टाचार और लबारी है। बेमेतरा विधायक की तो चोरी की लीला ही अपरंपार है।


उन्होंने कहा कि विकास 5 साल में धर्म का बार-बार अपमान हुआ है। चाहे वह कवर्धा की घटना हो या बीरमपुर की। डॉ रमन ने जो विकास कार्य कर दिया है उसे भूपेश बघेल की तीन पीढ़ियों तक नहीं कर पाएंगे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब के जीवन में सुखद परिवर्तन लाया है।

विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि बीते 5 साल में केवल भ्रष्टाचार हुआ है। बेमेतरा जिला में हिंदू धर्म के साथ अत्याचार साक्षात है। लव जिहाद के चलते निर्दोष भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई, जिसमें आज तक गिरफ्तारी तक नहीं हो पाई है। भूपेश सरकार में हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलना तक मुश्किल हो गया है। जो छत्तीसगढ़ भाजपा शासन काल में शांति का टापू था वह आज अपराध का गढ़ बन गया। इस सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए कर्ज माफी, धान के समर्थन मूल्य, बार दाने के पैसे जैसे अनेक मामलों में जनता को छला है। कार्यक्रम के अंत में भाजपा से निष्कासित पार्षद नीतू कोठारी नीलू प्रवीण राजपूत देवलाल साहू को फिर भाजपा में प्रवेश दिलाया गया ।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, अमित चिमनानी, संध्या परगनिहा, परमेश्वर वर्मा ,नरेन्द्र वर्मा, भीम वर्मा, पुष्पा साहू, विकास घरडे, विजय सिंहा, दीपेश साहू, ललिता साहू,प्रहलाद रजक, बलराम पटेल, मोंटी साहू, अजय तिवारी, छोटू साहू, यशवंत वर्मा, पोषण वर्मा ,हर्ष तिवारी, निशा चौबे ,योगेश वर्मा,राकेश मोहन शर्मा,विजय सुखवानी,संतोष वर्मा,युगल देवांगन,तारण राजपूत,निखिल साहू,विनय साहू धर्मेंद्र साहू,गोपी देवांगन,तुषार साहू,केशव साहू, पुण्यांश श्रीवास्तव,रामावतार साहू,शेखर देवांगन, दोहाई वर्मा, दिना साहू,अभिनव राजपूत,यशवंत लहरे,शिव साहू,लक्ष्मण यादव, साधे लाल, कमलेश वर्मा, गोलू कोसले,सहित जनसमूह उपस्थित रहे।

# नगर के मरार पारा में स्थित स्वयंभू गणेश की दिन प्रतिदिन बढ़ रही ख्याति, भक्तों की करते हैं हर मनोकामना पूरी

**बालोद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर में भगवान गणेश जी का एक 100 साल पुराना मंदिर है। जहां मान्यताएं हैं कि यहां संतान की प्राप्ति होती है। ये मंदिर बालोद के मरार में स्थित है। गणेश मंदिर की मान्यताएं पूरे क्षेत्र में प्रचलित है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर में स्थित भगवान की मूर्ति जमीन से प्रकट हुई है जो लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसलिए इसे भूमि फोड़ गणेश मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। गणेश मंदिर के सदस्य और पार्षद सुनील जैन ने बताया कि जिला मुख्यालय के मरारापारा गणेश वार्ड में लगभग 100 साल पहले जमीन के भीतर से भगवान गणेश प्रकट हुए थे। सबसे पहले स्व सुल्तानमल बाफना और भोमराज श्रीमाल की नजर पड़ी थी।



सुनील जैन ने बताया कि बाफना परिवार के किसी सदस्य के सपने में बप्पा आए थे जिसके बाद दोनों व्यक्तियों ने स्वयंभू गणपति के चारों ओर टीन शेड लगाकर एक छोटा सा मंदिर बनाया था। इसके बाद लोगों की आस्था बढ़ती गई और मंदिर का विस्तार होता गया। जैन ने बताया कि बाफना परिवार और मोरिया मंडल परिवार के सदस्य पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। स्वयं.भू श्री गणेश के घुटने तक का हिस्सा अभी भी जमीन के भीतर है। देखने वाले बताते हैं जब भगवान गणेश की मूर्ति बढ़ती है तो कभी कभी जमीन में दरारें पड़ने लग जाती है। भक्तों का कहना है कि पहले मूर्ति का आकार काफी छोटा था लेकिन धीरे धीरे बढ़ता गया। आज बप्पा विशाल रूप में हैं। आकार लगातार बढ़ता देख भक्तों ने वहां पर मंदिर बनाया। अब मंदिर में दूर दूर से लोग अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। भगवान गणेश की पूजा कर मन्नत मांगते हैं वह पूरी भी होती है।

# कुम्ही के किसानों ने चना फसल बीमा की राशि नही मिलने पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**खैरागढ़,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम कुम्ही के किसानों ने चना फसल का बीमा राशि नहीं मिलने से नाराज किसानों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा को बुधवार 20 सितंबर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि चना फसल बीमा की राशि नही मिलने से किसान चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पिछले साल अधिक वर्षा व ओलावृष्टि होने के कारण चना के फसल को भारी नुकसान हुआ था। सेवा सहकारिता समिति अमलीपारा, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक,ग्रामीण बैंक व अन्य बैंकों के साथ मिलकर ग्रामीण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने का प्रयास किया था। लेकिन इसके अलावा, राजस्व विभाग ने भी इस मामले में रिपोर्ट दी थी। लेकिन बीमा कंपनियों के द्वारा निर्धारित राशि नही मिलने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। ग्राम कुम्ही व आसपास के किसानों को चना फसल बीमा योजना का लाभ नही मिल रहा है। कुम्ही के किसानो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों में पीएलव्ही गोलुदास साहू, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, लीलादास साहू, हेमूदास साहू, रामचंद्र साहू, गंगादास साहू, उत्तम साहू,धनुष साहू, नंदकुमार, नारद निषाद, दीपक साहू रेकचंद, मनी, रतन,रामकुमार,निहाली रूपचंद, दुर्योधन, तामरज, पलटूराम तोमनलाल, धीरपाल, रामविलास, गोकुल,ज्ञानदास , खुलाश, उभे राम, बैसाखू ,कोमल उसैन, टिकंजन, कृष्णा, यशवंत, विशंभर,धर्म सिंह,जनक,बोधन साहू सहित अन्य कृषकगण उपस्थित रहे।

# छ ग में कांग्रेस की भूपेश सरकार सिंडिकेट और बिचौलियों की: रघुवर दास

**बेमेतरा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को स्थानीय होटल में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस की भूपेश सरकार को सिंडिकेट और बिचौलियों की सरकार कहते हुए जमकर हमला बोला पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार शराबबंदी लागू करने और बेरोजगारों को रोजगार देने की घोषणा कर प्रदेश वासियों को ठगने का काम किया है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को केंद्र सरकार से एक मुश्त मिलने वाली राशि को चार किस्तों में प्रदान कर बघेल सरकार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी कर रहे है।

उन्होंने राज्य के कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार माफिया, बिचोलीये और सिंडिकेट के लोग राज्य के नीति निर्देश का निर्धारण कर रहे है। भूपेश सरकार ने पांच सालो में छत्तीसगढ़ वासियों को कलंकित करने का काम किया है। कांग्रेस के पांच सालों में छत्तीसगढ़ राज्य को कांग्रेस की सरकार ने बिचौलिए माफिया और सिंडिकेट के भरोसे भूपेश की सरकार चल रही है। छत्तीसगढ़ में बिचौलिए इतनी शक्तिशाली है कि राज्य की नीति निर्धारण और परिणाम तय कर रहे हैं। सिंडिकेट के लोग कमीशन के आधार पर शराब का काम और अन्य बड़े बड़े कार्य कर रहे इसी तरह छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधन कोयला की रेवेन्यू राज्य सरकार की खजाने में भरना चाहिए जो की भूपेश बैंक में जमा हो रहा है। इसी लिए आज माइनिग सेक्रेटरी और मुख्यमंत्री के ओ एस डी जेल में है। कमीशन खोरी के चलते बघेल सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता बदलने का मन बना चुकी है। अब परिवर्तन करेगी आगे आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की सरकार तहसील से लेकर राज्य तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र बिना पैसे का कोई काम तहसील में नहीं हो पा रहा है उन्होंने राज्य के भ्रष्टाचार पर कहा कि बघेल बैंक चल रहा है। आम जनता का पैसा सिंडिकेट शराब माफिया और कोयले की कमीशन बघेल के बैंक में जमा हो रहा है। 50त्न राशि दिल्ली में बैठे कांग्रेस दरबार में पहुंचाने का काम बघेल सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता ने जनादेश दिया था ।की राज्य में पूर्ण शराबबंदी 5 सालों में होना था उस वायदे से मुकर गए । महिला स्व सहायता समूह ग्रुप के लोन के संबंध में कांग्रेस ने माफ करने की घोषणा की थी उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की बघेल जुमलेबाजी तय कर चेहरा चमकाने में लगे हैं। धरातल में कोई काम नहीं है उन्होंने छत्तीसगढ़ पीएससी के संबंध में कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार अधिकारी और मंत्री के परिवार के लोगों को पीएससी में नियुक्ति दे रही है और बेरोजगार युवक भटक रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर खुलेआम आरोप लगाया है ।कि महादेव सट्टा भूपेश सरकार चलाकर लोगों को जुआ खेलने प्रेरित कर रही है । कमीशन खोरी तथा लव जिहादी का मामला भी इस जिले में हुआ साजा बीरामपुर में हुए साहू समाज के परिवार के सदस्य को पीट-पीट कर हत्या कराने का भी आरोप लगाया उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री के पांच दावेदार है। इस तरह से अब कांग्रेस 50 सालों से जनता को लूटी है। अब समय आ गया है कि बीजेपी को अवसर मिले उन्होंने मोदी सरकार की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विकास कार्य से पूरे विश्व में भारत का सम्मान बड़ा है। महिला आरक्षण पर पूछे गए सवाल पर कहा कि 33त्न लोकसभा और विधानसभा में नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए नीति का निर्धारण प्रधानमंत्री मोदी ने किया । सनातन धर्म के संबंध में कहा कि पूरा विश्व एक परिवार है। चुनौती देते हुए कहा कि सनातन धर्म आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता जवाब देगी की सनातन धर्म क्या है। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस में मुख्यमंत्री के पांच दावेदार है। भूपेश बघेल, टी एस बाबा ,गृहमंत्री ताम्रधवज एवम चरणदास के बीच प्रति स्पर्धा चल रही है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा , भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी, पूर्व मंत्री दयाल दास बघेल पूर्व सांसद लखन लाल साहू, संध्या परगनिया, भाजपा मंडल बेमेतरा अध्यक्ष मोंटी साहू भूपेंद्र सवन्नी, राजीव अग्रवाल एवं प्रदेश संगठन के वरिष्ठ नेता एवं बेमेतरा जिला भाजपा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# तालाब में मिली विक्षिप्त महिला की लाश, जांच मे जुटी पुलिस

**बालोद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम सोहतरा में बुधवार सुबह एक महिला की लाश तालाब में मिली। मृत महिला की पहचान गंगा बाई 40 के रूप में हुई है। उसकी शादी नहीं हुई थी और वो अपने माता पिता के साथ रहती थी। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली प्रभारी रवि पांडे ने बताया कि ग्राम सोहतरा के तालाब में महिला के शव मिलने की जानकारी पर वे मौके पर पहुंचे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई थी। शव को तालाब से निकलवाया गया जिसकी पहचान गंगा बाई के रूप में हुई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। उसकी शादी भी नहीं हुई थी। बुधवार को जब कुछ ग्रामीण तालाब में नहाने के लिए गए तो उन्होंने उसकी लाश देखी और उन्हें सूचना दी। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजहों का खुलासा हो सकेगा।

# नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी रैली निकाल आम नागरिकों को दिया स्वच्छता का संदेश

■ नगरिकों से अपने आसपास साफ सफाई रखने पौधारोपण करने किया प्रेरित:सीएमओ देवांगन



**डौण्डी,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौण्डी द्वारा भारत सरकार द्वार आयोजित 16 से 22 सितंबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत इंडियन स्वच्छता लीग का शुभारंभ किया गया। जिसमे बुनियादी शाला के छात्र, छात्राओं, शिक्षकों, नगर पंचायत के अधिकारी संतोष देवांगन एवं स्वच्छता दीदी सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाल कर आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया ।इसके अलावा पेयजल के स्त्रोतों साफ रखने व पौधरोपण करने का भी संदेश देने के लिए गतिविधियां की जा रही है। ग्रामिणों को सुखे कचरे और गीले कचरे का अलग अलग निपटान करने की जानकारी दे रहे है। साथ ही अपने आस पास की साफ सफाई पौधारोपण करने लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी, संतोष देवांगन स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी भूपेंद्र दिली लेखापाल रत्नाभूषण वाहन जिला समन्वयक रामगोपाल सिन्हा संदीप यादव, स्वच्छता दीदी ,स्वच्छता कमांडो नगर पंचायत के समस्त अधिकारी /कर्मचारियों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी शाला के आस पास की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया, जिससे पूरे शहर को स्वच्छ बनाया जा सके ।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें स्वच्छता के कार्य में जोड़ना है। नगर पंचायत अधिकारी संतोष देवांगन डौण्डी निवासियों को इस अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ कर को सफल बनाने अपील की गई है।

# ट्रैक्टर के ठोकर मारने से बफरा पंचायत सचिव की हुई ,मौत

## पंचायत सचिव संघ ने दी श्रद्धांजलि



**खैरागढ़,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बफरा में सचिव के पद पर पदस्थ समयलाल साहू को ट्रैक्टर चालक ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मृतक समयलाल साहू ग्राम मदनपुर का रहने वाला है। अपने निजी कार्यों से ग्राम सलिहा गया हुआ था। वहा से वापस खैरागढ़ के लिए लौट रहा था। तभी मुतेड़ा मोड़ के पास ट्रैक्टर ने जोरदार ठोकर मार दी ।जिससे सचिव की मौके पर ही मौत हो गई। रहागीरो की मदद से 108 से मृतक समयलाल को सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डॉ. पंकज वैष्णव ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। खैरागढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर चालक गौकरण यादव उम्र 25 वर्ष निवासी मदराकुही के खिलाफ 279, 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया है।

# नगर के कला केन्द्र में हुआ कला उत्सव का आयोजन, छात्र छात्राओं ने लिया भाग

**बालोद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के कला केंद्रों में कला उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए कार्यक्रम रखा गया है ताकि बच्चों का कला सबके सामने आ सके। समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानना था। स्कूली छात्र छात्राओं को चिन्हित कर गीत संगीत नृत्य नाटक और मिट्टी कला सहित अलग अलग विधाओं में अपने कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं की प्रतिभा देखते ही बन रही थी। कला उत्सव कार्यक्रम में 10 विधाओं में स्कूली छात्र छात्राओं में अपना जौहर दिखाया। शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत वादन, संगीत स्वर, वाद्य शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला, द्विआयामी दृश्य कला समेत स्थानीय खिलौने और खेल नाटक एकल अभिनय की बच्चों ने प्रस्तुति दी। विशेष कर मिट्टी कला के लिए बच्चे अपने अपने घरों और गांव से मिट्टी लेकर पहुंचे थे। खूबसूरत कलाकृतियां मिट्टी के माध्यम से उकेरने का प्रयास स्कूली छात्र छात्राओं ने किया। कला उत्सव में चयनित बच्चों को विकासखंड स्तर पर मंच प्रदान किया गया। वहां से चयन होकर आए बच्चों को अब जिला शिक्षा विभाग ने बालोद शहर के कला केंद्र में मंच दिया। यहां पर संगीत की सारी सामग्रियां उपलब्ध हैं। वृत्त के लिए भी मंच की व्यवस्था यहां पर पहले से मौजूद है।

# भावपूर्ण उपलब्धियों से परिपूर्ण नवोदय बेमेतरा में पूर्व छात्रों का पहला स्नेह मिलन

■ नि:शुल्क नवोदय प्रवेश परीक्षा की कोचिंग देकर 200 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न नवोदय में चयन करवाने वाले शिक्षक गुनाराम चंदेल और डोगेंद्र वर्मा का किए सम्मान



**बेमेतरा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा जिला बेमेतरा में बोरई, डोंगरगढ़,माना, मल्हार के पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह बीते रविवार को आयोजित किया गया। जिसमे इन विद्यालयों से पधारे 68 पूर्व विद्यार्थी उस्पस्थित थे। जवाहर नवोदय विद्यालय की पूरे देश में अलग नाम व पहचान है। यहां से पढ़कर निकलें विद्यार्थी आज पूरे देश में विभिन्न प्रशानिक* *सेवाओं, सामाजिक, राजनीतिक , औधोगिक वा अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहें है। भले ही कोई किसी पद पर हो पर जहां नवोदय या नवोदयन नाम आता है सब फिर से नवोदय के विद्यार्थी नजर आते हैं। विद्यालय में पहुंचते ही विद्यालय की प्रचार्या लक्ष्मी सिंह स्टाफ वा छात्र, छात्राओ ने अपने भईया , दीदीयों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में 1993 के प्रथम बैच से लेकर 2020 तक के पूर्व विद्यार्थियों ने अपना पूर्ण परिचय दिया अपने विद्यार्थी जीवन के किस्से सुनाए। भूपेंद्र कुलदीप, रजिस्टार हेमचंद विश्वविद्यालय ने कैसे नवोदय जीवन में एक अच्छा माहौल, पढ़ाई और परवरिश मिलती है फिर नवोदय से निकलते ही बहुत सारी आर्थिक वा अन्य बाधाएं आती है। तरुण बंजारे कमांडर इंडो तिब्बत बॉर्डर फोर्स ने बच्चो को सेना की तरह ही हर मुश्किलों का डटकर सामना करने की सलाह दिया। सुधीर गोलछा, व्यापारी व समाजसेवी राजनांदगांव ने बताया की पूरे भारत वर्ष में नवोदय पूर्व विद्यार्थियों का बहुत बड़ा संगठन है जहां हर नवोदयन किसी भी नवोदयन के मुसीबत में अन्य सहायता के लिए तत्पर रहता है। बहन स्वेता साहू प्रोफेसर पीजी कॉलेज बेमेतरा ने बताया की नवोदय में पैर रखते ही उन्हें अपना पूरा विद्यार्थी जीवन आंखों के सामने नजर आता है। आज वो खुद कॉलेज की प्रोफ़ेसर है। इसी मंच पर गुनाराम चंदेल शिक्षक सुरुजपुरा और शिक्षक डोगेन्द्र वर्मा साजा ब्लॉक का श्रीफल व शाल से सम्मान किया गया। ये वो दोनो शिक्षक है जो नवोदय के विद्यार्थी तो नही रहें पर आज इनके द्वारा निशुल्क नवोदय प्रवेश की कोचिंग पढ़ाए 200 से भी अधिक विद्यार्थी अलग अलग नवोदयों में अध्ययनरत हैं।*

वर्तमान विद्यार्थियों को अच्छी लगन से पढ़ाई करने नवोदय की अनुशासित जीवन का पालन कर भविष्य में कुछ अच्छा बड़ा बनने के लिए प्रेरित सभी पूर्व विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नवोदय विद्यार्थी जीवन पर प्रस्तुतीकरण से समा बांधा वहीं पूर्व विद्यार्थियों के कुर्सी दौड़ का खूब मजा लिया। विद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल के लिए 25 पंखे व ट्यूबलाइट उपस्थित एलुमिनी सदस्यों के सहयोग से भेंट किए जाने का घोषणा किया गया। मंच संचालन ईश्वर साहू शिक्षक परसबोड ने किया वही पूरा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अवधेश पटेल पूर्व छात्र बोरई नवोदय व संचालक समाधान कॉलेज ने किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में पूर्व विद्यार्थियों के हाथो पौधारोपण के साथ किया गया। मंच संचालन ईश्वर साहू, आरुग ने किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी दुर्गेश पटेल, हृदयराम, विक्रम देवांगन, डॉ राज मनहरे, डॉ पवन धृतलहरे संचालक पलक हॉस्पिटल, अरविंद भगत आर. टी. ओ. अधिकारी, संजय मानिकपुरी, तिलेश सेन मिलाकर 68 पूर्व विद्यार्थी , विद्यालय के वर्तमान सभी विद्यार्थी व सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# स्थानीय लोक कलाकार गणेश-महेश दुबई में हुए सम्मानित



**कुम्हारी,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। विगत 14 सितंबर विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दुबई में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिंदी कथा सम्मान से डॉक्टर परदेसी राम वर्मा (भिलाई) को नवाजा गया। इस सम्मेलन में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता ,भोपाल एवं छत्तीसगढ़ के हिंदी के विद्वान आमंत्रित थे। दुबई के डबल ट्री होटल के सभागार में आयोजित इस भव्य आयोजन में जहां आमंत्रित विद्वानों ने हिंदी पर अपने विचार रखे वहीं शोध पत्र का वाचन भी हुआ साथ ही कवियों द्वारा कविताएं भी पढ़ी गई इसीबीच छत्तीसगढ़ के दो लोक कलाकार महेश वर्मा एवं राजेंद्र साहू उर्फ़ गणेश साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना गीत एवं राज गीत च्अरपा पैरी के धार...ज्ज गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं महेश वर्मा ने 14 सितंबर को भारत के प्रवासी मजदूर के सम्मान में एक श्रम गीत प्रस्तुत किया और गोधन न्याय योजना एवं छत्तीसगढ़ की नरवा गरबा गुरुवा बड़ी पर कविता एवं प्रहसन भी प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने बेहद पसंद किया। इस पूरे आयोजन का संचालन डॉक्टर सुधीर शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर उपस्थित देश विदेश के लोगों ने इस आयोजन को बहुत सराहा ।दोनों कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस पर दुबई में सम्मानित किये जाने पर स्थानीय साहित्य संस्था ऋांभरा साहित्य मंच के अध्यक्ष नारायण वर्मा सचिव सुरेश वाहने तथा कोषाध्यक्ष एवं प्रेस क्लब कुमारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद ओम नारायण वर्मा एवं विधायक प्रतिनिधि शीश बंसल सहित क्षेत्र के लोक कलाकारों ने इन कलाकारों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

# दूरस्थ अंचल में ग्रामीणों के बीच लगातार पहुंच रहे विधायक इंदरशाह, विकास कार्यों की दी सौगात

**मानपुर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। विधायक इंद्रशाह मंडावी संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन बुधवार को खड़गांव तहसील के दूरस्थ क्षेत्रों के दौरे पर रहे। विधायक इस दौरान सर्वप्रथम ग्राम पंचायत दोरबा तथा कमकासूर ग्राम पंचायत अंतर्गत कमकासुर, कट्टापार तथा पुसेवाडा में ग्रामीणों से शासन की योजनाओं के संबंध में बातचीत किया तथा उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण भी कराया। इस अवसर पर दिनेश शाह मंडावी, सईदा खान, अभिमन्यु मंडावी, बालचंद कोरेटी, मन्नू राणा, सुब्बू टोप्पो, हीरा ध्रुव, बृजलाल दुग्गा, ललित ठाकुर, जमुना टेकाम, संतराम मंडावी, राजाराम मारापी, करण बोगा, भारत सलामे, कुमार कोरेटी, जवाहर बोगा, देवानंद कौशिक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लाखों के विकास कार्यों का दिया सौगात

विधायक ने वनांचल क्षेत्र के दौरे में सर्वप्रथम दोरबा में 5.20 लाख की लागत से बनने वाली समग्र विकास योजना अंतर्गत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्राम कमकासुर में समग्र विकास योजनान्तर्गत सीसी रोड निर्माण कार्य 5.20 लाख तथा सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार पुसेवाडा में समग्र विकास योजना के तहत सीसी रोड 5.20 लाख तथा कट्टापार में शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत प्राथमिक शाला अतिरिक्त कक्ष भवन निर्माण 8.07 लाख का भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों का सौगात दिया।

## विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा की मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारा राज्य निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है किसान जवान सभी वर्ग के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। खडगांव में तहसील निर्माण का सौगात तथा आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल खुला है, किसानों का कर्जा माफ सहित सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, 65 प्रकार के लघु वनोपज का समर्थन मूल्य पर खरीदी, तेंदूपत्ता संग्राहको को 4000 मानक बोरा, किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषक मजदूर योजना, पटेल, बैगा, सिरहा, शासकीय सेवक के लिए कल्याणकारी कार्य, चिटफंड कंपनियों में फंसे राशि का वितरण जैसे जनहित के कार्य कांग्रेस सरकार में ही संभव हो पाया है। कांग्रेस की सरकार ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है जिसे लेकर हम पुन: छत्तीसगढ़ में 75 से अधिक सीट लेकर सरकार बनायेंगे।

## मोहला-मानपुर विधानसभा ने विकास के कई आयाम स्थापित किए

विधायक ने कहा की मोहला–मानपुर विधानसभा ने भुपेश बघेल जी के नेतृत्व में कई विकास के कार्यों को अंजाम दिया है। जिला निर्माण, तहसील, उपतहसील, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, धान खरीदी केंद्र, जिला सहकारी बैंक शाखा जैसे सभी क्षेत्रों में कार्य हुआ है। मैंने सभी क्षेत्र और सभी वर्गों को ध्यान में रखकर कार्य किया है यही कारण है की हमारे विधानसभा में ऐसे कई गांव है जहां आज तक कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंच पाए थे वहां भी मैंने जाकर लोगों के सुख दुख में शामिल होने का प्रयास किया हूं।

## दुमुहान नाला में बाढ़ के कारण 2 घंटे करना पड़ा इंतजार

क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात तथा ग्रामीण से मुलाकात करने गए विधायक का काफिला जैसे ही कमकासुर पहुंचा फिर तेज बारिश शुरु हो गई जिससे वापसी के दौरान दुलकी–कमकासुर के बीच दूमुहान नाला में बाढ़ का पानी बढ़ गया जहां पुलिया का निर्माण तो हो चुका है पर रपटा मार्ग का काम बाकी है। नाला में बाढ़ होने के कारण 2 घंटे के इंतजार तथा मशक्कत के बाद विधायक का काफिला नाला को पार कर पाया। इस दौरान विधायक स्वयं भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों के साथ नाला के पार वस्तुस्थिति का जायजा लेते रहे।

# युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाली सरकार का पीएससी एवं व्यापम का घोटाला देश का सबसे बड़ा घोटाला : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव के पूर्व सांसद एवम पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने आरोप लगाया है की पीएससी में जिस तरह से घोटाले के राज उजागर हो रहे हैं, वह राज्य के युवाओं के लिए चिंतनीय है, इसके साथ ही कल बिलासपुर हाईकोर्ट ने जिस तरह से कटु तथ्यात्मक टिप्पणी की है और जिस तरह से भाई– भतीजावाद के तहत चयनित लोगों को नियुक्ति देने से रोका है ,वह इस सरकार के मुंह पर कालिख मलने एवं वास्तविकता को आईना दिखाने वाला कृत्य है। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आरोप लगाया की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते थे कि छत्तीसगढ़ के युवा एक भी सबूत लाकर देंगे तो पीएससी के गड़बड़ घोटाले की तत्काल जांच करवाऊंगा,और अब जब उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक हो रही है और जिस तरह से गड़बड़ियाँ उजागर हो रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि ऐसा घोटाला देश में कहीं भी और कभी भी नहीं हुआ है। उसके बावजूद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस गंभीर विषय पर संवेदनहीनता, मौन और निष्क्रियता से भूपेश सरकार की पीएससी घोटाले में पूरी तरह संलिप्तता उजागर हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र के तहत जानबूझकर ऐसे लोगों को पीएससी में चयनित करने के लिए भेजा गया था जो लोग योग्यता के बजाय पैसे दे सकते हो। सही मायने में एक पूरा सिंडिकेट बनाकर इस सरकार ने युवा वर्ग के सपनो और भविष्य को बर्बाद कर दिया है। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ पीएससी की छवि सर्वाधिक भ्रष्ट ,सर्वाधिक बदनाम संस्था के रूप में उभर कर आई है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के युवा वर्ग का इस सरकार और पीएससी से विश्वास उठ गया है। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने जानकारी दी कि बहुचर्चित कुनो अभ्यारण जो कि मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है, जहां पर अफ्रीकी चीता लाकर छोड़ा गया था उस पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में एक अभ्यर्थी ने लिखा कि कूनो अभ्यारण असम में है उसे पूरे नंबर दिए गए। इसी तरह छत्तीसगढ़ियावाद का झूठा दंभ भरने वाली भूपेश सरकार की छत्तीसगढियावाद की



कलई भी इस पीएससी घोटाले में खुल गई, जब अंग्रेजी माध्यम में थोड़ा सा लिखने वाले रसूखदार छात्रों को पूरे अंक दिए गए जबकि जिन हिंदी माध्यम के छात्रों ने मेहनत करके पेपर में पूरा विस्तृत उत्तर दिया है उनको आधे मार्क्स भी नहीं दिए गए। यह भूपेश बघेल के खोखले छत्तीसगढ़ीवाद की हकीकत है। सही मायने में अपने चिन्हित लोगों को ज्यादा नंबर दिए जाने का ऊपर से निर्देश था और जिन योग्य लोगों ने सेटिंग नही की थी उन लोगों को अच्छा लिखने के बाद भी जानबूझकर कम अंक दिए गए। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने तंज कसते हुवे कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है और भूपेश बघेल की निष्क्रियता पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता है। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि यह सरकार केवल युवाओं को ठगने के लिए ढोंग रचती है, जबकि युवाओं को कम से कम 15 साल इस सरकार ने पीछे कर दिया। इसके पहले 2018 में सब इंस्पेक्टर प्लाटून कमांडर की भर्ती भाजपा सरकार ने निकाली थी किंतु आज तक भी इसकी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी, उल्टे अदालत में मामला खींच रहा है क्योंकि राज्य शासन को भान है की इसमें सरकार के विरुद्ध नकारात्मक परिणाम आने वाला है। पीएससी घोटाले में भूपेश सरकार के संलिप्तता, ढुलमुल रवैय्ये और राजनीतिक हस्तक्षेप से प्रदेश का युवा वर्ग व्यथित एवं प्रताड़ित है क्योंकि इस सरकार ने युवा वर्ग के लिए कुछ नहीं किया केवल छलने का काम किया है, जब की प्रदेश के मुखिया छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाकर कांग्रेस का खजाना भरने में लिप्त है, जिसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना होगा।

# गणेश उत्सव को लेकर राजनंदगांव पुलिस एक्शन मोड में

**राजनांदगांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा गणेश उत्सव को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जिले के प्रमुख स्थलों पर टीम के द्वारा चेकिंग कर निगाह रखी जा रही है जिस तारतम्य में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल उप पुलिस अधीक्षक दिलीप सिसोदिया के हमराह थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर कौशलेश देवांगन रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू अपने अपने बल को लेकर शहर के प्रमुख स्थल , रामाधीन मार्ग , जय स्तंभ चौक मानव मंदिर ,तिरंगा चौक,भारत माता चौक ,गंज चौक नदाई चौक,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रों में पुलिस जवानों के साथ बाइक पेट्रोलिंग किया गया है साथ ही शहर के होटल और लॉज की भी बारीकी से निगाह रखकर चेकिंग किया जा रहा है इसके अलावा शहर के अलग–अलग चौक चौराहा पर चेकिंग पॉइंट लगाकर चेकिंग किया जा रहा है



- शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर फिक्स पॉइंट लगाकर पुलिस की चेकिंग जारी
- शहर के आला अधिकारी शहर में घूम घूम कर ले रहे हैं कानून व्यवस्था का जायजा
- गज चौक , नंदाई चौक, भदोरिया चौक प्रमुख बाजार पर विशेष निगरानी

शाम के समय शहर में होने वाली भीड़ भाड़ को देखते हुए भारी वाहनों को शहर में प्रवेश रोकने के लिए व व्यवस्था बनाने के लिए भी पृथक से ट्रैफिक व्यवस्था लगाया जा रहा है

# एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्रों ने सिखाया एजोला उत्पादन का तकनीक

**डोंगरगांव/राजनादगांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवम अनुसंधान केंद्र, सुरगी (राजनांदगांव ) के बी.एस.सी. कृषि के चतुर्थ वर्ष के छात्रों *ईशा, गौरव महोबिया, गौरव कौमार्य, घनश्याम सिंह, गिरजा निर्मल, हुमेश पटेल, खिलेश कुमार, खुशबू ठाकुर, खुशी सिदार, किशन पटेल* द्वारा ग्रामीण कृषि अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्रामङ्कमोखला में *अधिष्ठाता डा. जयालक्ष्मी गांगुली* ( कीट विज्ञान विशेषज्ञ) तथा डा. द्विवेदी प्रसाद (सस्य विज्ञान ) के मार्गदर्शन में छात्रों ने किसानों को एजोला उत्पादन करना सिखाया और एजोला के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



डा. द्विवेदी प्रसाद (सस्य विज्ञान विशेषज्ञ) ने बताया की एजोला उत्पादन के लिए टंकी का आकार 2.5 मी. लंबा 1.5 मी. चौड़ा और 12 सेमी. गहरा गड्ढा तैयार किया जाता है जिसमे 10 किलो मिट्टी 2 किलो गोबर खाद और 30 ग्राम सुपर फास्फेट सहित उपरोक्त मिश्रण को 12 सेमी. गहरे पानी में मिलाया जाता है इसके बाद एजोला का जो एक जलीय फर्न है को तैयार किया गए मिश्रण में कुछ मात्रा में डाला जाता है। तैयार किए गए गड्ढे में 15ङ्क 20 दिनों में एजोला उपयोग के लिए तैयार हो जाता है डा. द्विवेदी प्रसाद ने बताया की एजोला दुधारू पशुओं के साथ भेड़ङ्कबकरी एवम मुर्गी के लिए परिपूरक आहार के साथ में जैव उर्वरक का कार्य करती है क्योंकि एजोला में 5त्न नाइट्रोजन पाया जाता है जो वायुमंडल में नाइट्रोजन स्थिरीकरण जीवाणु द्वारा स्थिर किया जाता है। और एजोला का उपयोग धान के फसल में किया जाता है जिससे खेत में यूरिया से होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है और इसका उपयोग जैविक उर्वरक के रूप में किया जाता है एजोला सदाबहार चारे के रूप में वर्षभर उपयोग किया जाता है जो पशुओं के लिए उत्तम आहार है। एजोला उत्पादन संबंधित जानकारी में अधिक संख्या में ग्रामीण किसान और सभी छात्र ङ्क छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# डोंगरगांव अजाक्स के अध्यक्ष बने क्षितिज शोरी

**डोंगरगांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छ.ग. अनुसूचित जाति ,जनजाति अधिकारी व कर्मचारी संघ ,पंजीयन क्रमांक 10/2001 , छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त संघ (अजाक्स) की बैठक बी.टी.आई. डोगरगांव में सम्पन्न हुई। बैठक में अजाक्स के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे , उपाध्यक्ष भूषण भूआर्य , कोषाध्यक्ष ईश्वरलाल चंद्रवंशी , सहसचिव प्रशांत सुखदेवे , महादेव वाल्दे तथा राजकुमार नागदेवे उपस्थित हुएं।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे ने अजाक्स के इतिहास , उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। इन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति तथा जनजाति समाज से ही इन वर्गों के अधिकारी तथा कर्मचारी प्रशासन में आते हैं इसलिए इन अधिकारियों तथा कर्मचारियों का नैतिक दायित्व है कि स्वयं के साथ–साथ समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए संगठन से जुड़े। प्रशांत सुखदेवे ने अपने सम्बोधन में संगठन की एकता और सक्रियता बनाए रखने की अपील की। जिला टीम के सदस्य महादेव वाल्दे ने समाज में विद्यमान अन्धविश्वास को त्यागकर वैज्ञानिकता को बढ़ावा देने की पूरजोर अपील की।



बैठक में डोंगरगांव ब्लॉक/तहसील स्तरीय अजाक्स का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसके लिए अध्यक्ष हेतु सभी ने एकस्वर में श्री क्षितिज सोरी के नाम का प्रस्ताव रखा , इसप्रकार क्षितिज सोरी अध्यक्ष के रूप में घोषित हुएं। जिला टीम ने इन्हें बधाई देते हुए अपनी टीम के गठन की प्रक्रिया की अनुमति प्रदान की जिसके तहत श्री सोरी द्वारा अपनी टीम इसप्रकार बनाई गई —

संरक्षक द्वय– श्री आर. एल. पात्रे तथा श्री आर. आर.राणा , अध्यक्ष– श्री क्षितिज सोरी , उपाध्यक्ष त्रय – श्री जयचंद पटेल , श्री देवेश देशलहरे तथा श्रीमती सविता ऊइके, सचिव– श्री दुर्गेशकुमार मालेकर , सहसचिव– श्री किशुन नेताम , कोषाध्यक्ष –श्री महेन्द्र पटौटी तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्री छत्रपाल पंचारी , श्री राकेश नेताम ,श्री धनसाय सलामे , श्री अन्नू कोर्राम, श्री सुरेश सलामे, श्री डी. एस. ठाकुर , सुश्री रश्मि ठाकुर , श्री डी.आर.पिंकेश्वर तथा श्री महावीर ऊइके को शामिल किया गया ।बैठक में उक्त पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी इंजीनियर प्रदीप रामटेके ने दी ।

# प्रयासों को सफलता मिली और खुज्जी विस के गांवों की तरक्की हुई: छन्नी साहू

**राजनांदगांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अलग–अलग गांवों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि ङ्क यह विकास का दौर है। इस पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस का एक ही लक्ष्य रहा है तरक्की। ग्रामीण क्षेत्र के ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों को आर्थिक सुरक्षा के साथ ही सशक्त बनाना ही इस तरक्की के रास्ते की पहली प्राथमिकता रही। आज आपकी खुशहाली की वजह सरकार की योजनाएं हैं।

विखं अंबागढ़ चौकी के ग्राम हज्जुटोला में विधायक छन्नी साहू ने 6.50 की लागत के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसी तरह ग्राम हालमकोड़ो व खड़खड़ी में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस दौरान वे



ग्रामीणों से भी मिली और आयोजनों के बीच समय निकालकर उनसे चर्चा भी की। निर्माण कार्यों की आधारशीला रखते हुए विधायक छन्नी साहू ने कहा कि ङ्क ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार पंचायतों ने प्रस्ताव तैयार किए जिस पर स्वीकृतियां मिली और अब इनका निर्माण शुरु हो रहा है। अधिकारियों से कहा गया है कि, काम जल्द से जल्द पूरा हो ताकि लोगों को इनका लाभ जल्द मिल सके। आपकी आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा गया है। हमारा प्रयास यही रहा है कि विकास की गंगा हर गांव–घर तक पहुंचे। भागीरथी प्रयासों को सफलता मिली है और खुज्जी विधानसभा के गांवों की तरक्की हुई है।

इन कार्यक्रमों के दौरान जिसमें मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल कटेगा, ललित मंडावी, द्वारका सहारे, सीमा तारम, ललिता नेताम, भैया लाल कुंजाम, जीतलाल चंद्रवंशी, लक्ष्मी बाई, गुलाब दास सहारे, मदन गजभिये, चतुर सिंह निषाद, अजित चौधरी, सीमा नेताम, धन्नू लाल अम्बादे, बारसू राम कमेटी, जितेंद्र जनबन्धु, श्याम राम जनबन्धु सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़ में विकास की अनेक संभावनाएं केवल राजनैतिक उपेक्षा ही रोड़ा

**डोंगरगढ़,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। साहू संघ नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने नगर विकास की संभावनाएं को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि डोंगरगढ़ में विकास की अनेक संभावनाएं है लेकिन केवल राजनैतिक उपेक्षा ही शहर के विकास में रोड़ा बनी हुई है। अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि जैसा की हम सभी को अवगत है डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में कितना महत्व पूर्ण स्थान रखता है लेकिन इस विषय को आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नही समझ पाया केवल निजी राजनैतिक लाभ रहा डोंगरगढ़ का चहुमुखी विकास पूर्ण रूप से कछुए की गति से भी धीरे है डोंगरगढ़ में बाईपास रोड की मांग, पर्यटन संबधी कुटीर एवम लघु उद्योग की स्थापना,डोंगरगढ़ विकास प्राधिकरण की मांग डोंगरगढ़ में रोजगार के अवसर बढाना, बेहतर स्वास्थ सुविधा, उच्च शिक्षा, नशे से मुक्त शहर आज युवा पीढ़ी नशे की गिरिप्त में है क्या ऐसी सोच रखना गलत है क्या हमारे जनप्रतिनिधि को इस विषय में बोध कराना गलत है क्या जिस शहर ने हमे दो वक्त की रोटी दी आज तक हमारे परिवार का पालन पोषण किया उस देवी नगरी के विकास के बारे में सोचना गलत है मेरा उद्देश्य किसी को भी टेश पहुंचना नही है मेरा इतना मानना है आने वाले समय चुनाव का है आप सभी से निवेदन है की कृपया डोंगरगढ़ के विकास के बारे में सोचे ताकि आने वाली पीढ़ी हम पर फर्क करे ना की अफसोस ।



# धान के कटोरे में सेंद करने वाले भाजपाई नेता खुद को धान से तौला रहे: कांग्रेस प्रवक्ता

- पूर्व सीएम के क्षेत्र में चुनावी सभा फेल ,गोवा सीएम ने खाली कुर्सियों को सुनाया भाषण :उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस
- कांग्रेस सरकार का च्नवा छत्तीसगढ़ देश का नम्बर वन मॉडल : ऋषि शास्त्री

**राजनांदगांव,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम के पार्षद दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री ने भाजपा की रैली को चुनावी आडंबर बताते हुए अपना बयान जारी किया है कि केंद्रीय सर्वे के मुताबिक आज देश की नंबर वन सरकार छत्तीसगढ़ सरकार को बताया गया है और केंद्र की कई एजेंसीयों ने यह तक सलाह दी है की बाकी के प्रदेश में भी अन्य सरकार को अपने–अपने प्रदेश में छत्तीसगढ़ सरकार की विजन के तहत कार्य प्रणाली को अपनाना चाहिए इसके साथ ही छत्तीसगढ़ मॉडल आज देश का ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपने उत्कृष्ट कार्यो से सभी को प्रभावित कर रहा है यह बात तो सर्वे की हो गई दूसरी और जनता की माने तो छत्तीसगढ़ सरकार ने सब का भरोसा जीत लिया है और छत्तीसगढ़ सरकार ने जन मानस से देश की शुदृण सरकार होने का गौरव भी प्राप्त कर लिया है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने का काम प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया जा रहा है आज छत्तीसगढ़ के हर एक पारंपरिक त्यौहार में शासकीय अवकाश घोषित कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तर के प्रयास किया जा रहे हैं साथ ही विलुप्त हो रही परंपरा एवं संस्कृति को एक नया आयाम देने का भी प्रयास किया है आज



छत्तीसगढ़ पारंपरिक खेल एवं खानपान सहित आस्था से जुड़े हुए कई केंद्र को अपनी नई पहचान दिलाने का काम वर्तमान सरकार ने किया है।

प्रदेश में पिछले सरकार की तुलना करें तो वर्तमान सरकार के कार्यो से बहुत कुछ परिवर्तन हुआ है किसानों का कर्जा माफ हुआ, बिजली बिल हाफ हुआ,किसानों के धान का समर्थन मूल्य बढ़ा,महिला समूह के कर्ज माफ हुआ,महिलाओ का सम्मान बढ़ा,गृहणी महिलाओ को रोजगार जोड़ा गया,भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहयोग मिला,बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिले,बेरोजगारी भत्ता मिला,गरीबो के बच्चे आज अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं कालेज में मुफ्त पढाई कर पा रहे है,गौ सेवा में नया मुकाम मिला,मुफ्त स्वास्थ सुविधा एवं दवाइया मिल रही,आदिवासियों को उनका अधिकार मिल रहा है,हर वर्ग निपूर्ण हो रहा है,छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ रहा है–छत्तीसगढ़िया का अभिमान बढ़ रहा है।

आगे कहां की केंद्र में भाजपा की सरकार है देश मे किसानों की दुर्दशसा, बढ़ती महंगाई,गरीबी,बेरोजगारी,दंगे की चिंगारी आग की तरह फैल रही है छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दा विहीन हो चुकी है साथ ही भाजपा यात्रा–रैली निकाल कर चुनावी आडंबर पेश करने में सफल हो न हो अपने पार्टी गतिविधियों में हो रहे बदलाव को उजागर करने में निश्चित ही सफल हो रही है इसी प्रकार से भाजपा के बैनर पोस्टर में बदलाव भी देखे जा सकते है यह भी नही यात्रा में बाइक रैली करने पहुचे कार्यकर्ता पेट्रोल पंप तक पहुचे रफूचक्कर हो गए भाजपा के वर्तमान विधायक पूर्व सीएम सहित मुख्यवक्ता गोवा के सीएम के आगमन पर विशाल कुर्सियां सजि दिख रही थी परन्तु श्रोताओ ने नही सुना नेताओं को खाली कुर्सियों को अपने बोल सुनाने पड़े ऐसा मंजर था कि जनता के बाद अब भाजपा कार्यकर्ता भी परिवर्तन की ओर चल पड़े हो।

**उल्टा पुल्टा**

दामाद 14 दिनों से ससुराल में था,
सास - दामाद जी कब वापस जा रहे हो?
दामाद- क्यों?
सास - बहुत दिन हो गये।
दामाद- आपकी बेटी तो छः-छः महीने मेरे यहाँ रहती है..
सास - वो तो वहां ब्याही गई है।
दामाद- और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं।




# केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की चर्चा बूथ स्तर पर करें : डॉ. दिलीप जायसवाल

**राजिम,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं जिला भाजपा के आह्वान पर राजिम विधान सभा के भाजपा मंडल छुरा में सभी शक्तिकेंद्र प्रभारी, शक्तिकेंद्र संयोजक व सहसंयोजकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रवासी संभागीय प्रभारी डॉ दिलीप जायसवाल, भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रोहित साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केशरी ध्रुव, मंडल अध्यक्ष छुरा पीलूराम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय संभागीय प्रभारी डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में हम विपक्ष की भूमिका में हैं, चुनाव के



दौरान प्रचार के समय केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की चर्चा बूथ स्तर पर करने के लिए प्रेरित किया गया। ताकि अधिक से अधिक मतदाता भाजपा के साथ जुड़ें।

**कार्यकर्ता पार्टी की रीड जिनके बदौलत हम पार्टी की नीतियों को धरातल पर प्रसार कर पाते हैं: रोहित साहू**- बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा कि यह समय परिवर्तन का समय है। सभी शक्ति केंद्र प्रभारी तथा कार्यकर्ता साथी हमारी पार्टी की रीढ़ हैं जिनके बदौलत हम धरातल पर पार्टी की नीतियों का प्रसार कर पाते हैं। सभी कार्यकर्ता परिवर्तन के संकल्प को लेकर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में सहयोग करें।भाजपा प्रत्यासी रोहित साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे उज्ज्वला योजना, फसल बीमा योजना, स्वर्ण चतुर्भुज योजना, नदियों को जोड़ने वाली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, आम आदमी बीमा योजना, कौशल विकास योजना को बूथ स्तर पर बताने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान लेखराज ध्रुवा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, थानसिंग निषाद, रमेश सिन्हा, चमन साहू, लोकेन्द्र चन्द्राकर, चिंता राम सिन्हा, बृजलाल ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्माण क्षेत्र से जुड़े मेहनतकश मजदूरों का भविष्य होगा उज्जवल


**महासमुंद,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के निर्माण क्षेत्र से जुड़े मेहनतकश मजदूरों का भविष्य उज्जवल होने जा रहा है। भूपेश सरकार की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में हर महीने 1500 रूपए मासिक पेंशन दी जाएगी। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा मजदूरों की जिदंगी में बदलाव लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे न केवल मजदूरों का जीवनस्तर में बदलाव हुआ है बल्कि उनको मान भी मिला है। श्रमिकों के रोजगार, स्वास्थ्य,



श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा सहित उनके आर्थिक स्थिति में बदलाव के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। लिहाजा श्रम विभाग की योजनाओं से पचास लाख से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है। इसी कड़ी में अब निर्माण क्षेत्र से जुड़े मेहनतकश मजदूरों को अब भविष्य की चिंता नहीं सताएगी। भूपेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना लागू की गई है। जिसके तहत निर्माण कार्य करने वाले ऐसे मजदूर जिनकी आयु 60 वर्ष पूरी हो चुकी हो तथा जो 10 साल तक पंजीकृत रहे हैं उन्हें जीवन पर्यंत हर महीने 1500 रूपये मासिक पेंशन दी जायेगी।

**मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में मिलेगी 15 सौ रूपए मासिक पेंशन**

# अंचल में गणेश उत्सव की धूम



**बलौदाबाजार,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)।अंचल में बड़े ही उत्साह से मनाये जा रहे है गणेशोत्सव। वर्मा पारा गणेशोत्सव समिति पड़कीडीह, श्री रायपुर सीमेंट प्लांट टाउनशिप कॉलोनी गणेशोत्सव समिति भरूवाडीह, साहड़ा देव चौक रावन में गणेश उत्सव की धूम है।

# 6 महीने बाद भी फसल क्षर्ति की राशि किसानों को नहीं मिली

**महासमुंद,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक डॉक्टर विमल चोपड़ा के नेतृत्व में पार्षद देवीचंद राठी, सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त कलेक्टर श्री वर्मा से भेंट कर झलप पटेवा एवं तुमगांव उप तहसील कार्यालय क्षेत्र में रवि फसल के दौरान ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का मुआवजा अब तक वितरण न करने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के आगमन तक वितरण न किया गया तो प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय एवं



स्थानीय विधायक का घेराव किया जाएगा। डॉ चोपड़ा ने विज्ञप्ति में बताया कि रवि फसल में ओलावृष्टि के कारण महासमुंद विधानसभा के किसानों को लगभग साढें तीन करोड़ की फसल का नुकसान हुआ है जिसके लिए 6 4 के अंतर्गत केंद्र सरकार की राशि प्रदेश सरकार की खाते में पड़ी रहती है एवं पिछले कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने रवि फसल के नुकसान को भी 6 4 के अंतर्गत शामिल किया परंतु छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार उसका उचित लाभ पहुंचाने में लापरवाही बरत रही है। लगभग 6 माह बीत जाने के बावजूद सैकड़ो किसानों के खाते में साढे तीस करोड़ की राशि पहुंच जानी चाहिए थी वह अब तक नही पहुंची है। उन्होंने बताया कि यदि किसानों को उनकी क्षतिपुर्ति नहीं की गई तो शीघ्र ही महासमुंद तहसील के किसान कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे एवं किसानों को उसे पर भी न्याय नहीं मिला तो जेलभर आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोलासिंह ठाकुर के 'ख' वर्ग में पदोन्नति

**बलौदाबाजार,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ4-06/2021/18 नवा रायपुर अटल नगर 15 सितम्बर को जारी किये गये पत्र अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालन) सेवाअंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर को ''ख'' वर्ग में पदोन्नत किया गया है। इस पदोन्नति पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षदगण व कर्मचारियों ने बधाई दी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश के अनुरूप वर्तमान एवं नवीन पदस्थापना स्थान यथावत रखा गया है। प्रशासनिक कसावट के साथ-साथ कार्य के प्रति लगन एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने के साथ ही शासन द्वारा दिये गये आदेशो का तत्काल अमल में लाते हुए कार्यवाही करने में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर की छवि को जाना जाता है।



**नपा अध्यक्ष, पार्षदगण एवं कर्मचारियों ने दी बधाई**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर की पदोन्नति पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदगण गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, संकेत शुक्ला, गौतम ठेठवार, धमेन्द्र कुमार वर्मा, रीटा केशरवानी, अंजनी भारद्वाज, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पूरैना, कमल टण्डन, रूपेश ठाकुर, सविता साहू, प्रियंका सोनी, डिगेश्वरी नामदेव, पंकज मरैया (गोल्डी), जितेन्द्र महाले, क्रांति साहू, रोहित साहू, सुरेन्द्र जायसवाल एवं एल्डरमेन गंभीर सिंह ठाकुर, मनोज प्रजापति, हेमचंद केशरवानी, अमित पंजवानी, सुखदेव साहू एवं कर्मचारीगण उपअभियंता विनोद यादव, स्वाती दुबे, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, लेखापाल दुर्गेश कुमार साहू, नमिता ठाकुर, मुकेश लहरे, गणेशराम पाड़े, आनंद राठौर, प्रसुन शर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, तुलसीराम यादव, भुवनेश्वर साहू, सुरेन्द्र सोना, कृष्णकांत कुर्रे, जय वर्मा, रामनरेश मतावले, रजनीश मिश्रा, धनेश पटेल, संजय कुमार साहू, टिकेन्द्र द्विवेदी, अजीत कुमार रजक, कृष्णा गेण्डरे, किशोर यादव, सालिकराम वर्मा, नंद किशोर नेताम, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों ने अपनी शुभकामनाए एवं बधाई दी।

# अमेरा में गणेश उत्सव की धूम



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। अमेरा में गणेश उत्सव धूम धाम से मनाया जा रहा है। यहां प्रतिदिन सुबह शाम पूजा पाठ कर प्रसादी वितरण भी किया जाता है। अमेरा के बस स्टैंड, गुडी चौक, घासीदास पारा, राम मंदिर पारा, शिव शक्ति पारा में गणेश विराजित किया गया है।

# महिला विधेयक पर सुधा ने पीएम का जताया आभार

**महासमुंद,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए महिला आरक्षण नारी शक्ति वंदन बिल विधेयक का स्वागत करते हुए इसके लिए जिला महिला मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। श्रीमती साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने हमेशा से ही देश के विकास में महिला शक्ति को आगे लाने का प्रयास किया है, और इसी कड़ी में महिला आरक्षण बिल लागू होने पर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं



के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। जिससे देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महिलाओं की शक्ति बढ़ेगी, साथ ही उनमें आत्मविश्वास भी जागृत होगा। श्रीमती साहू ने कहा कि देश की महिलाओं की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ने साहसिक निर्णय लिया है। इस विधेयक ने कई वर्षों तक बाधाओं का सामना किया। सरकार ने मंगलवार को नये संसद भवन में कार्यवाही के पहले दिन लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक.तिहाई आरक्षण प्रदान करने से ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# विधायक रंजना ने देश की महिलाओं को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के लिए दी बधाई

**धमतरी,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने संसद का स्पेशल सेशन बुलाया और फिर संसद में महिला आरक्षण बिल पेश कर दिया, महिला आरक्षण पारित कराने के लिए पिछले 27 साल में मौजूदा सरकार समेत 4 सरकारों की ये 11वीं कोशिश है। इस विधेयक में केंद्र जर्जर द्वारा कहा गया है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में 'यथांसभव एक तिहाई सीटें' महिलाओं के लिए आरक्षित होगीं। यानी अगर लोकसभा में 543 सीटें हैं, तो इनमें से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इन सीटों पर सिर्फ महिला उम्मीदवार ही चुनाव लड़ सकेंगी। देश की संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कार्य किया है जिसका वादा भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था, इस बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए धमतरी विधायक रंजना डिपेंद्र साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश सेवा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर



यह सिद्ध किया कि आज की नारी पुरूष से कहीं पीछे नहीं निश्चित ही यह बिल नारी सशक्तिकरण की दिशा में वरदान साबित होगा, साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की नीति और नीयत में है महिला सशक्तिकरण, आज 27 सालो से लंबित महिला आरक्षण बिल को पारित करना नए संसद भवन की सबसे सार्थक आरंभ को दर्शाता है। इस फैसले के लिए मैं देश की समस्त नारी शक्ति की ओर से अपनी सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूं। कांग्रेस और उसके साथियों ने सत्ता मोह में महिला आरक्षण बिल को लटकाए रखा, जबकि भाजपा सरकार ने 4 बार बिल को पारित कराने की कोशिश की। मोदी सरकार का यह निर्णय नीति निर्माण में महिलाओं की भूमिका बढ़ाएगा और एक मंत्र जो नारी शक्ति का प्रतीक है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: उस मंत्र को आज देश की जनता के सामने परिलक्षित किया है। देश की प्रत्येक महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के इस निर्णय का स्वागत करती है।

**यह 'महिला आरक्षण विधेयक' नारी सशक्तिकरण की दिशा में वरदान साबित होगा : रंजना साहू**

# मां भारती की सेवा में समर्पित केशव हमारे देश के असली हीरो हैं : रंजना

**धमतरी,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। सीआईएसएफ में पदस्थ केशव नेताम पिता स्व शिवराम नेताम ग्राम ढीमरटिकुर निवासी जिसका वर्तमान पोस्टिंग गुना मध्य प्रदेश था, जिनका आकस्मिक निधन 17 सितंबर को हो गया, स्वर्गीय केशव नेताम ने अपने 55 वर्ष कि उम्र में 33 वर्षों तक मां भारती की सेवा किए। आकस्मिक निधन होने पर क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू एवं स्थानीय जनपद सदस्य अवनेंद्र साहू ने श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके परिवारजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया। विधायक रंजना साहू ने कहा कि यह दुख की घड़ी है, जब हमारे भारत देश के वीर सपूत जिन्होंने अपने जीवन का 33 वर्ष मां भारती की सेवा में समर्पित किए, अपने परिवार से दूर रहकर भारत की समस्त जनमानस को अपना परिवार मानकर देश रक्षा के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिए ऐसे वीर स्वर्गीय केशव नेताम जी को मैं नमन करती हूं उनकी मां भारती की सेवा सदैव स्मरणीय रहेगा। स्थानीय जनपद सदस्य अवनेंद्र साहू ने बताया कि वीर शहीद केशव नेताम जी क्षेत्र के कर्मठ जुझारू कुशल गुणों के धनी थे, उन्होंने देश सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया, 22 वर्ष की उम्र में देश सेवा के लिए पूरी निष्ठा से निकल पड़े, उनका जाना हम सबके लिए दुखद है।स्वर्गीय केशव नेताम को श्रद्धासुमन अर्पित करने डीपेंद्र साहू, गांव सरपंच मोहनंदिनी गोपी पांडे, प्यारे लाल यदू, हेमंत गंजीर, नेमसिंह ध्रुव, जीवधन साहू, भारत साहू, धरम निषाद, रमन निर्मलकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**ढीमरटिकुर धमतरी के केशव के आकस्मिक निधन पर विधायक रंजना साहू ने दी श्रद्धांजलि**



# ग्राम खिसोरा में महिला का शव मिलने पर गांव में फैली सनसनी

**नवापारा** राजिम, 20 सितंबर (देशबन्धु)।समीपस्थ ग्राम खिसोरा मगरलोड़ में एक महिला का शव खिसोरा के कुकरीनाला के पास नूतन पटेल हसदा निवासी के खेत के मेड़ मे मिला।मृतक रूखमणी बाई साहू उम्र 40 वर्ष पति प्रेम साहू जो बिना बताएं 19 सितंबर को दोपहर को घर से निकल गई। मंगलवार रात्रि तक घर नहीं आने पर घर वालों ने रिश्तेदार तथा आसपास ग्राम में खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं नहीं मिली। दूसरे दिन बुधवार को दोपहर के समय ग्राम के ही कुछ लोगों ने शव को देखा और देखते ही ग्राम में सनसनी फैल गई।तत्काल



करेली चौकी पुलिस एसआई लक्ष्मी मड़लेश्वर को एवं रिखी राम साहू द्वारा सूचना देने पर करेली चौकी की टीम ग्राम खिसोरा पहुंचकर मर्ग कायम कर शव कब्जे में लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मगरलोड़ अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मौत का कारण अज्ञात है। मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार का चोट का निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। पुलिस जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# चुनाव नजदीक आते ही नेताओं की धड़कने बढ़ती जा रही

**भाटापारा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे भाटापारा के नेताओं के दिलों की धड़कन बढ़ती जा रही है 2023- 24 के विधानसभा को लेकर जहां भाजपा निश्चिंत है वहीं कांग्रेस पार्टी में टिकट को लेकर 52 आवेदन आए हैं जिसे केंद्रीय एवं प्रादेशिक नेताओं में रायशुमारी का दौर चल रहा है वही आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, सर्व आदिवासी समाज, जन चेतना पार्टी आदि पार्टियों में भी प्रत्याशियों को लेकर कवायत चल रही है कांग्रेस पार्टी में मुख्य रूप से अमित राधेश्याम शर्मा के नाम पर क्षेत्र में चर्चा हो रही है वहीं सर्वे में अमित शर्मा का नाम प्रमुख है वहीं कांग्रेस अपनी परंपरागत सीट को वापस लाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी जिसके लिए अलग-अलग सर्वे पार्टी द्वारा कराए जा रहे हैं जिसमें अमित राधेश्याम शर्मा का नाम प्रमुखता से आ रहा है श्री शर्मा पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री राधेश्याम जी शर्मा के सुपुत्र हैं जिनका कार्यकाल गरीब मजदूरों के लिए स्वर्णिम कार्यकाल था जिसमें कार्यकर्ताओं को काफी महत्व मिलता था और और आज भी क्षेत्र की जनता उनके जैसे विधायक की कल्पना नहीं कर पा रही स्वर्गीय शर्मा के चलते इस क्षेत्र में अनेक बेरोजगारों को सहकारी बैंकों में नौकरी मिली वहीं उनके कार्यकाल में अनेक गांवों में बिजली एवं पहुंच मार्ग बनाए गए जिसके चलते उनके बड़े बेटे श्री राजेश शर्मा यहां से जिला पंचायत का चुनाव जीते तथा उनके छोटे बेटे ने दतरेंगी से जनपद सदस्य बनकर 2010-15 में भाटापारा जनपद के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए और जो उनके नक्शे कदम पर चलते हुए अपने कार्यकाल में भाटापारा के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कांक्रीटीकृत सड़कें ,आवास ,सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन ,राजीव गांधी समरसता भवन, चेक डैम, नए तालाब बनवाए जिसके चलते क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हुए श्री अमित राधेश्याम शर्मा पूर्व में युवक कांग्रेस का चुनाव भी लड़ा जिसमें वह प्रदेश सचिव बने और युवाओं में भी यह काफी लोकप्रिय हुए और उनके पास युवाओं की जो टीम है वो और किसी दावेदार के पास नहीं श्री अमित शर्मा ने भाटापारा क्षेत्र के अलावा सिमगा क्षेत्र में भी काफी काम किया है वह दामाखेड़ा समिति से बैंक प्रतिनिधि का चुनाव जीत कर गए तथा यहां के किसानों में अपनी अलग ही पैठ रखते हैं श्री अमित राधेश्याम शर्मा से जब हमारे संवाददाता मिलने गए तब भी



ग्रामीण अंचल के अनेक व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर बैठे हुए थे श्री शर्मा ने पूछने पर बतलाया कि मुझे अपने पिता स्वर्गीय राधेश्याम जी शर्मा से प्रेरणा मिलती है और मैं समस्या लेकर आने वाले व्यक्तियों से स्वयं मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करता हूं क्योंकि मेरे पिताजी इस क्षेत्र के विधायक थे और उनके किए कार्यों का लाभ एवं जनता का विश्वास मैंने बनाए रखा है इन कार्यों में मेरे बड़े भाई जो की भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रहे श्री राजेश शर्मा जी का भी मुझे मार्गदर्शन प्राप्त होते रहता है श्री शर्मा ने बतलाया कि वह गुटबाजी से हटकर कांग्रेस के प्रत्येक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं तथा समय-समय पर कांग्रेस के विचारों एवं रीती नीतियों को लेकर पदयात्रा ,जनसंपर्क गांव-गांव करते रहते हैं उन्होंने बूथ चलो अभियान ,घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस आदि कार्यक्रमों को लेकर पूरे विधानसभा का दौरा किया सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर उनका प्रचार वाहन पूरे विधानसभा में घूम रहा है जब हमारे संवाददाता ने पूछा कि कांग्रेस में 52 व्यक्तियों ने टिकट मांग की है इसे आप किस प्रकार देखते हैं तो श्री अमित शर्मा ने बड़ी सहजता से कहा कि कांग्रेस एक बड़ा परिवार एवं लोकतांत्रिक पार्टी है इसमें दावेदारी करने का अधिकार सभी को है लेकिन जिसे भी टिकट मिलेगी उसे जितवाने का कार्य सभी कांग्रेस जन करेंगे श्री शर्मा ने पूछने पर कहा की आने वाले समय में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, किसानों की खुशहाली, बिजली बिल हाफ योजना,20 कुंटल धान खरीदी ,कर्ज माफी, आत्मानंद स्कूल शिक्षा व्यवस्था,बेरोजगारी भत्ता लगभग सभी क्षेत्रों में सरकार ने अच्छा कार्य किया है जिसके चलते कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम इस बार भाटापारा विधानसभा में जरूर कांग्रेस का परचम लहराएंगे।

# आरंग प्रीमियर लीग सेकेण्ड सीजन का 24 से होगा आगाज

■ केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के पिता स्वर्गीय आशाराम डहरिया जी की स्मृति में प्रीमियर लीग का होगा आयोजन

**आरंग,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के पिता स्वर्गीय आशाराम डहरिया की स्मृति में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आरंग प्रीमियर लीग के प्रथम सीजन में मिले भारी सफलताओं एवं प्रोत्साहन से उत्साहित क्षेत्र के युवाओं तथा क्रिकेट प्रेमियों की मांग पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग , शिव डहरिया फैंस क्लब एवं राजश्री सद्भावना समिति के संयुक्त तत्वाधान में आरंग प्रीमियर लीग के सेकेण्ड सीजन का 24 सिंतबर से आगाज हो रहा है। जिसके लिये पुरे आरंग विधानसभा क्षेत्र को चार जोन क्रमश: विकास के रंग आरंग ग्रुप, सुघ्घर समोदा ग्रुप, कौशल्या धाम चंदखुरी ग्रुप तथा मयारू मंदिर हसौद ग्रुप में बांट कर क्रिकेट आनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 22 सितंबर तक निर्धारित की गई है तथा रजिस्ट्रेशन उपरांत आयोजकों के द्वारा प्रत्येक टीम को क्रिकेट किट एवं टी शर्ट प्रदान किया जायेगा। पात्रता मैच की शुरूआत चारों जोन में 24 सितंबर से होगी, जो कि 02 अक्टूबर तक खेला जायेगा। पात्रता मैच के विजेता टीम को आरंग के रात्रि कालीन क्रिकेट मैंच में भाग लेने का अवसर मिलेगा जहां फाइनल मैच खेला जायेगा। क्रिकेट मैच में विजेता टीम के लिये इस बार प्रथम पुरस्कार 151000/रूपये, द्वितीय पुरस्कार 101000/ रूपये, तृतीय पुरस्कार 51000/ रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 31000/ रूपये रखा गया है। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच सीरीज के लिये 21000/ रूपये, ऑरेंज कैप बेस्ट बैट्समैन के लिये 11000/ रूपये, पर्पल कैप बेस्ट बॉलर के लिये 11000/ रूपये, बेस्ट फील्डर के लिये 5100/रूपये, बेस्ट विकेट कीपर के लिये 5100/ रूपये, शतक लगाने पर 5100/रूपये, सर्वश्रेष्ठ अम्?पायर के लिये 5100/ रूपये, अर्धशतक लगाने पर 2100/ रूपये, सर्वाधिक कैच लेने पर 2100/ रूपये, हैट्रिक विकेट लेने पर 1100/रूपये, सर्वश्रेष्ठ अर्धशतक लगाने पर 1100/रूपये, सर्वश्रेष्ठ कैच लेने पर 1100/ रूपये, हैट्रिक छक्का लगाने पर 1001/ रूपये, तथा हैट्रिक चौका लगाने पर 501/रूपये का ईनाम रखा गया है। क्षेत्र में क्रिकेट मैच का इतना अधिक उत्साह है कि अभी से लगभग 105 टीमों के द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है तथा रजिस्ट्रेशन के अंतिम तिथि तक इतने ही टीमों का रजिस्ट्रेशन होने का अनुमान है। आरंग विधानसभा क्षेत्र में इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से युवावर्ग तथा क्रिकेट प्रेमीयों के साथ साथ क्षेत्रवासी भी क्रिकेट मैच का आनंद लेने के लिये खासे उत्साहित है।

# पुरुषोत्तम कौशिक स्मृति ग्रंथ प्रकाशन की समीक्षा, 5 को होगा आयोजन



**महासमुंद,**20 सितंबर (देशबंधु)। पुरुषोत्तम कौशिक स्मृति समिति की बैठक स्थानीय सर्किट हाउस में समाजवादी चिंतक, पूर्व विधायक डॉ सुनीलम के संयोजन में हुई। बैठक में पुरुषोत्तम कौशिक स्मृति ग्रंथ प्रकाशन की समीक्षा की गई। संपादक मंडल से अशोक शर्मा, आनंदराम पत्रकारश्री, राजेश्वर खरे, दाऊलाल चंद्राकर, दिलीप कौशिक ने प्रकाशन के तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम कौशिक संबंधित संस्मरण 22 सितम्बर तक आमंत्रित किया गया है। स्थानीय चिंतकों से प्रकाशन समिति के दाऊलाल चंद्राकर, अशोक शर्मा से संपर्क कर प्रकाशन सामग्री जमा कराई जा सकती है। 5 अक्टूबर को रायपुर के वृन्दावन हॉल में कौशिक पुण्यतिथि पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा बनाई गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ठाकुर रामगुलाम सिंह, विश्वनाथ कौशिक, चमन चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, एच आर बघेल आदि उपस्थित थे।

# मायके आकर तीज व्रत रखने वाली महिलाओं को देते हैं दो-दो पौधे

■ पूर्व छात्राओं का तीजा मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ

■ पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने एवं पौधरोपण करने का आह्वान किया



**बागबाहरा,** 20 सितम्बर (देशबंधु)। ग्रीन केयर सोसाइटी बागबाहरा ने अंचल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसेकेरा एवं माँ रुपई इको क्लब कसेकेरा के संयुक्त तत्वावधान तीज महापर्व को नारीशक्ति व पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने पर्यावरण संरक्षण पूर्व छात्राओं का तीजा मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि जो बहन-बेटियां अपने ससुराल से मायके आकर तीजा व्रत रखती है। उन्हें आमंत्रित कर दो-दो पौधे भेंट स्वरूप देते है। इस आशय के साथ मायके से बिदाई के पूर्व एक पौधा मायके में लगाएं , वहीं दूसरा पौधा साथ लेकर जाएं और ससुराल में लगाएं। इस साल पर्यावरण संरक्षण के साथ एक और नारा व कार्यक्रम जुड़ा च्मायके हो या ससुराल में- जचकी कराओ अस्पताल मेंज्। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोमाखान के राजा थियेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर एवं अनुभा सिंह थें। पूर्व छात्राओं की स्मृति ताजा करने पुराने चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गयी थी। जिसे देखकर तीजहरिने खुशी से झूम उठी। पंडित भागीरथी दुबे ने तीजा पर्व की कथा सुनाते हुए भगवान भोलेनाथ को पर्वत में रहने वाले देव व माता पार्वती को प्रकृति देवी निरूपित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने को कहा है। प्रधानपाठक डॉ. विजय शर्मा ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत किया। डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नारी शक्ति ने पूर्व में बलिदान दिया है। इसी कड़ी में जोधपुर राजस्थान की अमृता देवी बिश्नोई सहित बिश्नोई समाज के 363 लोगों का खेजड़ी वृक्ष को बचाने के लिए दिया गया अमर बलिदान हमे पेड़-पौधों को बचाने की प्रेरणा देता है। डॉ. ए के शुक्ल सबको पेड़-पौधे लगाने एवं बचाने के लिए कहा है। पूर्व छात्रा गोमती साहू, सुमन साहू, भावविभोर हुए। इस कार्यक्रम में पहुंची शाला की पूर्व छात्राओं ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की है। इस कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र पटेल ने किया। इस दौरान नवचारी शिक्षक रिंकल बग्गा, राम प्रसाद साहू, जीतेन्द्र साहू, पंचायत प्रतिनिधि बल्लाराम ठाकुर, नोहर साहू, राकेश राठौर आदि उपस्थित थे।

## चित्र प्रदर्शनी को मिली सराहना

इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक डॉ. विजय शर्मा द्वारा किए गए पर्यावरण , शिक्षा, समाजसेवा कार्यों की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई थीं। जिसे सबने देखा और खूब प्रशंसा किया। पौधों का वितरण वन विभाग बागबाहरा द्वारा नि:शुल्क प्रदान किया गया। ग्रीन केयर के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने महासमुंद के वनमंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत एवं बागबाहरा के एसडीओ वन विकास चंद्राकर का हृदय से आभार व्यक्त किया है। सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर मेश्राम विज्ञान आश्रम ने कार्यक्रम व चित्र प्रदर्शनी की जमकर सराहना की।

# बागबाहरा कॉलेज में लगाया गया विधिक शिविर

■ प्रथम श्रेणी न्यायाधीश अविनाश टोप्पो ने दी कानूनी जानकारी



**बागबाहरा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय बागबाहरा में व्यवहार न्यायालय द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्रोफेसर एवं स्टॉफगणों ने भाग लिया। पहली बार अपने कॉलेज में प्रथम श्रेणी न्यायाधीश को देखकर कॉलेज के लोग हतप्रभ हो गए। लेकिन बाद में पता चला कि उक्त न्यायाधीश कॉलेज में आयोजित विधिक शिविर में भाग लेने आए हैं। इस बात की जानकारी कॉलेज के लोगों को होते ही न्यायाधीश का स्वागत करने स्टॉफगण ? उमड़ पड़े।

जैसा की आप सभी जानते हैं कि बागबाहरा नगर में अभी-अभी व्यवहार न्यायालय खुला है, जिसके प्रथम श्रेणी न्यायाधीश मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप मे माननीय न्यायाधीश श्रीमान अविनाश टोप्पो जी की गरिमामय उपस्थिति में उनके द्वारा बच्चों को च्विधिक जागरूकता शिविरज् के अंतर्गत मौलिक अधिकार, सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम , आईटी अधिनियम , पास्को एक्ट , महिलाओ के अधिकार, दीवानी दावा, व्यवहार वाद , महिला सशक्तिकरण, किशोर न्याय अधिनियम, भू -राजस्व संहिता, मोटर वाहन अधिनियम एवं नि:शुल्क विधिक सहायता किस प्रकार से प्राप्त की जा सकती है इस मामले के बारे में सम्पूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। तत्पश्चात प्रश्न-उत्तर का दौर छात्र-छात्राओं द्वारा शुरु हो गया। जिसमें बच्चो के द्वारा बहुत ही जागरूकता के साथ माननीय महोदय जी से विधिक सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। जिसके जवाब प्रथम श्रेणी न्यायाधीश अविनाश टोप्पो द्वारा सरल स्वभाव में दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यवहार न्यायालय से वीरेंद्र शुक्ला, सत्यनारायण तांडी, आरती साहू, सिमरन सलूजा तथा अधिवक्तागण मौजूद थे। व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के नायब नज़ीर हितेश दीवान , शैलेन्द्र शुक्ला , रमेश बाघ, विधिक प्राधिकरण से धनंजय पटेल आदि मौजूद थे।

# किसानों ने की कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोलने की मांग



**महासमुंद,**20 सितंबर (देशबंधु)। किसानों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर ग्राम पंचायत कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोलने की मांग की। किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने उनकी मांगों की ओर राज्य सरकार का ध्यानाकर्षित कराने के साथ ही उचित पहल करने का आश्वासन दिया। मंगलवार 19 सितंबर को ग्राम कछारडीह, उल्बा व अमोरा के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रायतुम में ग्राम कछारडीह, उल्बा व अमोरा ग्राम के किसानों द्वारा धान विक्रय किया जाता है। आगामी खरीफवर्ष 2023.24 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। प्रति एकड़ धान खरीदी की मात्रा बढ़ने से उपार्जन केन्द्र रायतुम में किसानों को धान विक्रय करने में असुविधा होगी। जिसे देखते हुए ग्राम पंचायत कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने की नितांत आवश्यकता है। यहां धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने से न केवल कछारडीह बल्कि उल्बा व अमोरा ग्राम के सैकड़ो किसानों को सुविधा होगी। किसानों की सुविधा को देखते हुए ग्राम कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोले जाने की जरूरत है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने इसके लिए राज्य सरकार का ध्यानाकर्षित कराने के साथ ही उचित पहल करने का आश्वासन दिया। जिस पर किसान प्रेमलाल टंडन, संतु यादव, भागवत प्रसाद साहू, चैतराम, लवकुमार, दयादास, बसन्त, अरुण, संतराम, मंगलू राम, पवनकुमार पटेल, लक्ष्मण दास, सरजू राम, मोहन, राजकुमार, रामलाल दुबे, लिलार राम खड़िया, धीरसिंग, पेशीराम, धीरेंद्र, नकुल, श्यामलाल, कुंवर सिंह ठाकुर, विनय खड़िया, गणेश्वर ध्रुव, तुलाराम, हरिश्चन्द, कृष्ण कुमार, नंदकुमार, पिलाराम, अर्जुन, सूरज कुमार, उदयनारायण ध्रुव, रामलाल ध्रुव, बालमुकुंद, मदनलाल, धनंजय, मोहन साहू, जोगीराम, कुमार सिंग, युवराज, नितेंद्र दीवान, रज्जुराम, रामेश्वर आदि ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

# खरेंगा में आयोजित तीज मिलन एवं करूभात समारोह में पहुँचे युवा नेता आनंद पवार

**धमतरी,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब खरेंगा के तत्वधान मे तीज मिलन खेलकूद एवं करुभात समारोह कार्यक्रम रखा गया जिसमे युवा नेता आनंद पावर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दी अध्यक्षता अमीरका ध्रुव सरपंच ने की अतिथियों में विक्रांत पवार, ज्ञानेश्वर चौहान, तुषार जैस,मालती देवी, शैल चौधरी, पोषण साहू तरुण साहू, सोमनाथ साहू, गोविंद साहू उपस्थित रहे।



युवा नेता आनंद पवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में जितने भी व्रत और त्यौहार आते है लगभग सभी महिलाओं के हिस्से होते है अर्थात इसकी जिम्मेदारी महिलाओं पर होती है और उनमें से कोई भी ऐसा व्रत नही है जो वे स्वयं के स्वार्थ के लिए करती हों, उनका प्रत्येक व्रत आप बचपन से देख लीजिए,पहले अच्छे पति की प्राप्ति के लिए व्रत फिर विवाह के बाद पति की लंबी आयु के लिए उसके बाद अपने पुत्र के लिए और फिर पुत्र की दीर्घायु के लिए ये तो रही व्रतों की बात,इसके साथ पूरे परिवार की देखभाल के लिए जो दैनिक व्रत वे करती है हम पुरुष कभी भी ना तो उनकी बराबरी कर सकते है और ना ही उनकी इस त्याग,तपस्या और कार्यकुशलता का ऋण चुका सकते है।तीज के इस त्यौहार में आप सभी द्वारा किया गया यह सुंदर आयोजन बेहद सराहनीय है,हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ के त्योहारों को जो पुनर्जीवित किया है उसकी जितनी प्रशंसा को जाए वह कम है , उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से इन कार्यक्रमों के आयोजन को बेहद सरल और सुगम कर दिया है।इस कार्यक्रम में पतराम निषाद, सोनू राम साहू, राजेंद्र भारती, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश ध्रुव, डिसेंद्र साहू अध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार सचिव, दीपक यादव कोषाध्यक्षा, भूपेंद्र भारती उपाध्यक्ष, उमेश साहू, बुधेश्वर साहू अनिल साहू, रविकांत साहू, पुनेश्वर साहू, केजई बाई निषाद, नीलम निषाद, कमलेश साहू, डेमन साहू, मोहनीश साहू, दीपेश कुमार साहू, चंदिका भारती, फुलेश्वरी साहू, सुषमा चक्रधारी, तुकाराम साहू, भारत साहू एवं भारी संख्या मे तिजहारिन माताएं-बहने एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# विधि विभाग के लीगल एड क्लीनिक छात्र संघ चुनाव में निखिल मांडले , प्रिया सोनी , मनीष रात्रे , ट्वींकल जॉन ने मारी बाजी

**खरोरा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। अग्रणी शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ महाविद्यालय विधि विभाग के लीगल एंड क्लीनिक इकाई में छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक श्री प्रदीप सार्वा सर एवं सीनियर छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुईं। विधि विभाग द्वारा आयोजित छात्र संघ चुनाव में 4 पद निर्धारित किए गए थे। जिसमे अध्यक्ष , निखिल मांडले उपाध्यक्ष कु.प्रिया सोनी , सचिव मनीष रात्रे एवं सहसचिव ट्विंकल जॉन निर्वाचित घोषित किए गए। सभी घोषित प्रत्याशियों ने छात्र-छात्राओं सहित विधि विभाग के समस्त अध्यापकों का आभार व्यक्त किया है। निर्वाचित पदाधिकारियो ने कहा आप सभी को नए सोच के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिस पर हम सभी खरा उतरने का प्रयास करेंगे , हम सब साथ मिलकर एक दूसरे के सहयोग से विधि विभाग सहित महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



# डॉ रज्जाक मेमन की पांचवी पुण्यतिथि पर नगरवासियों ने तिरंगा चौक में दी श्रद्धांजलि



**गरियाबंद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। गरियाबंद नगर सहित समूचे जिले में गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाने वाले डॉ रज्जाक मेमन की मंगलवार को पांचवी पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर नगरवासियों ने तिरंगा चौक में एकजुट होकर देर शाम 8 बजे उन्हे आश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं कैंडल जला कर उन्हें स्मरण किया। विदित हो की पांच साल पहले 19 सितंबर 2018 को डॉ साहब ने अंतिम सांस ली थी। इसके पहले उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में बिताया। सरल सहज और मात्र 20 रुपए की फीस में लोगो का सटीक इलाज के लिए वे जाने थे। गरीबों के लिए मसीहा माने जाते थे। मात्र 20 रुपए की फीस की वजह यही थी कि गरीब भी स्वाभिमान से आए। हालाकि पैसे न होने पर भी कभी फीस मांगते नहीं थे। नही उनका व्यवहार बदलता था। यही कारण था की उनके अंतिम विदाई में पूरा नगर उमड़ आया था। गुलाब के पंखुड़ियों बिछाकर उन्हें विदाई दी गई। हर वर्ग की आंखे नम और गमगीन रही। आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भी लोगों की आंखे नम रही।

## डॉ साहब अविस्मरणीय, कभी नई भूल सकता उन्हे गरियाबंद

इस अवसर पर अधिवक्ता शाबिर भाई मुर्तुजा ने कहा कि डॉ साहब अविस्मरणीय है उन्हे गरियाबंद कभी भूल नही सकता। वे हमेशा के लिए हमारी यादों और इस शहर के इतिहास में अमर हो गए। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने प्रमुख रूप से नरेंद्र देवांगन, मनोज वर्मा, श्रीराम माखीजा, रामकुमार वर्मा, युगल किशोर पांडे, हरीश भाई ठक्कर, रमेश मेश्राम, दिलेश्वर देवांगन, सनी मेमन, नंदनी त्रिपाठी, पार्षद प्रतिनिधि छगन यादव, जूनेद खान, पूना यादव, प्रहलाद यादव सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# नरवा विकास से बगनई का भूजल स्तर में बढ़ोतरी

**महासमुंद,** 20 सितंबर (देशबंधु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा अऊ बाड़ी योजना के तहत नरवा विकास को जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। नरवा विकास के तहत उपचार योग्य 44 नरवा, नालों का जीर्णोद्धार किया गया है। विदित हो प्राकृतिक रूप से बहने वाले नरवाध्नाला प्रकृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो आज किसी कारणवश विलुप्त होते जा रहे है अथवा जलस्तर की कमी की वजह से क्रियान्वित नहीं है। नरवा,नाला प्रकृति द्वारा प्रदत्त जल का एक उत्तम स्त्रोत है, जो अपने आस पास में लगे राजस्व भूमि में सिंचाई की सुविधा प्रदान करता है एवं वन्यजीवों को भी जल उपलब्ध कराता है। नरवा विकास के तहत नरवा,नाला के जीर्णोद्धार से कृषकों एवं वन्यजीवों, साथ ही साथ जलस्तर में वृद्धि करना नरवा विकास का मूल संकल्प है। इसी तारतम्य में नरवा विकास के तहत महासमुंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र बागबाहरा अंतर्गत वर्ष 2020.21 में बागबाहरा परिक्षेत्र के आमाकोनी परिवृत्त के परिसर चोरभट्ठी के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 103, 105, 106 बगनई नाला को उपचारित किया गया। बगनई नाला की कुल लंबाई 15 किमी है एवं जल संग्रहण क्षेत्र का रकबा 802 हेक्टेयर है। जिसमें वन क्षेत्र का भू.जल संरक्षण एवं मृदा संरक्षण का उपचार किया गया। बगनई नाला के सुधार के लिए ब्रशवुड वेकडेन ;160 नग एवं डाईक ;5 नग संरचना के निर्माण किया गया। बगनई नाला के सुधार कार्य में ग्राम चोरभट्ठी के ग्राम वासियों को 2748 मानव दिवस के आधार पर 80 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उक्त निर्मित संरचना से लगभग 13 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई में सहयोग मिला है, जिससे लगभग 10 से 12 कृषक लाभान्वित हुए है। फ्लस्वरूप कृषक दोहरे फसल लगा रहे है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हुई। नरवा विकासश् वर्तमान ही नहीं अपितु भविष्य में जल की कमी की समस्या को दूर करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। नरवा विकास योजना से बगनई नाला के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया गया। बगनई नाला के जल स्त्रोतों को उपचारित करने से भूमि जल स्तर में सुधार एवं मृदा क्षरण को रोकने में अपनी महती भूमिका निभाई है। जिससे भू जल आधारित स्त्रोतों जैसे कुआ, बोर, हैंडपंप आदि में लम्बे समय तक जल उपलब्ध रहेगा। भू जल स्तर रकबा में वृद्धि के साथ जैव विविधता की स्थिति बेहतर हो रही है, वन्य प्राणियों के वनक्षेत्र के बाहर आबादी क्षेत्र में आने से होने वाली घटनाओं में कमी हो रही है, उक्त योजना से वनक्षेत्र में जल वृद्धि होने से वन्य प्राणियों के लिए अत्यधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है, साथ ही साथ योजना से सिंचाई क्षेत्रों में वृद्धि होने लगा है।



# जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष शिविर संपन्न



**बलौदाबाजार,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। 16 सितम्बर दिन शनिवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार (नया बस स्टेंड) में आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष स्वास्थ्य मेला/शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतो द्वारा नि:शुल्क 260 मरीज आयुर्वेद चिकित्सा का निदान किया गया। जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला सम्पन्न बलौदाबाजार छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयुष मंत्रालय नया रायपुर आदेशानुसार मौसमी बिमारियों वायरल फीवर, आई फ्लू, सर्दी, खांसी, बुखार, वातरोग, उदर रोग, चर्मरोग आदि प्रकोप होने से बी.पी सुगर, लकवा, बढ़ जाता है ऐसे समय में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी चिकित्सा प्रणाली से उपचार करने से जड़ से ठहक होते है। इसी बात को ध्यान मे रखकर जिले के छत्तीसगढ़ ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर रखा गया था। सर्वप्रथम आयुर्वेदिक के जनक भगवान धन्वतरी की पूजा अर्चना कर श्रीमती कांति दिगम्बर साहूं पार्षद वार्ड क्रमांक 18 सुखदेव साहू, एल्डर मेन दिगम्बर साहू, शाला प्रबंधक समिति श्री एन.पी. साहू प्राचार्य डॉ. भूपेन्द्र गिलहरे व्याख्याता, डॉ. एल.एस. ध्रुव. जिला आयुर्वेद अधिकारी, डॉ. देवेन्द्र कुमार भैना शिविर प्रभारी, डॉ. दुष्यंत ध्रुव, डॉ. रजनी ध्रुव, डॉ. नंदलाल, डॉ. संदीप कुमार राम, डॉ. पूनम गाययाकवाड, डॉ. माधुरी डहरिया, विनोद कुर्रे, सावित्री योगी, ओमप्रकाश डहरिया, लक्ष्मण वर्मा, सीताराम साण्डे, राजकुमार आजाद, कौशल ध्रुव, सुरेश कुर्रे, माखन ध्रुव, योगेन्द्र गेन्डरे, चंदन साहू, सभी अधिकारी/कर्मचारी आुयष विभाग अपने सेवाएं दी। यह जानकारी जिला के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एल.एस. ध्रुव ने दी।


सिध्दीविनायक गणेश मंदिर

## निधन

### विट्ठलदास मेश्राम

**भिलाईनगर,** 20 सितंबर। पंचशील नगर, जोन-1 खुर्सीपार सेक्टर 11 निवासी 85 वर्ष का आज 20 सितम्बर को सुबह 10 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। दिवंगत विट्ठलदास मेश्राम, असीम मेश्राम, बबिता कामले के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा उनके निवास पंचशील नगर, सेक्टर-11, भिलाई से संध्या 4 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



### जयसिंह ठाकुर

**सरायपाली** 20 सितंबर। जयसिंह ठाकुर (20) का रायपुर में सड़क हादसे में 19 सितंबर मंगलवार की रात को निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर में शोक की लहर छा गई। जय सिंह युवाओं के बीच काफी मिलनसार था रायपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था जय सिंह ठाकुर भगवान सिंह का पोता सुनील सिंह का सुपुत्र, शिक्षक धीरज शेरू का भतीजा था अंतिम संस्कार शाम को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया।



### राधादेवी जोशी

**दुर्ग,** 20 सितंबर। मोहन नगर निवासी राधादेवी जोशी (82) का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज दोपहर शिवनाथ मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता बजरंग जोशी की धर्मपत्नी तथा श्रीकांत, ललित और अधिवक्ता ओमप्रकाश जोशी की माता थी। अंतिम संस्कार में नगर के अधिवक्तागणों के अलावा विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी राधेश्याम शर्मा तथा राजस्थानी गौंड़ ब्राम्हण समाज के लोगों के साथ ही नागरिकों ने भी शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।



### उत्तमचंद लूनिया

**महासमुंद,** 20 सितंबर। स्थानीय महावीर कालोनी निवासी जैन समाज के वरिष्ठ उत्तमचंद लूनिया 84 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय लूनिया, उमेश लूनिया के पिता व पारस, गौतम, देवराज लूनिया के भाई थे।



### यशवंत निषाद

**महासमुंद,** 20 सितंबर। ग्राम बिरकोनी निवासी यशवंत निषाद 33 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 20 सितंबर को गृह ग्राम बिरकोनी में किया गया। वे बिरकोनी सोसायटी में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे।



### जगदीशचंद्र अग्रवाल

**पिथौरा,** 20 सितंबर। नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक व भाजपा नेता डॉ. संपत अग्रवाल के पिता जगदीशचंद्र अग्रवाल 90 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। जगदीशचंद्र की अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे उनके गृह निवास जगदीशपुर रोड स्थित निवास से मुक्तिधाम बसना में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में नगरवासी सहित, भारी संख्या में राजनीति से जुड़े नेता शामिल हुए।



# कलेक्टर ने निर्वाचन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए



**बिलाईगढ़,** 20 सितम्बर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली कि लोकार्पण शिलान्यास के कितने कार्य पूर्ण हैं। कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत तहसीलवार पंजीयन और गिरदावरी में त्रुटि रहित कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ सिद्दीकी को अधिकारियो ने बताया कि लक्ष्य से अधिक रासायनिक खाद का बिक्री वितरण किया गया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के संभाग स्तरीय कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने निर्वाचन के सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इन कार्यों में मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं मतदान भवन, पेयजल, बिजली आपूर्ति, रैंप, शौचालय, आदि के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा करना, , मोबाइल नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापना, वेब कास्टिंग के अधीन आने वाले मतदान केंद्रों में इंटरनेट की स्पीड निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार करना, निर्वाचन के दौरान पोलिंग पार्टी और अन्य निर्वाचन ड्यूटी की समीक्षा कर किसी भी कर्मचारी का एक ड्यूटी निर्धारित करना शामिल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# धुर्राबांधा में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**भाटापारा,** 20 सितंबर। ग्राम पंचायत धुर्राबांधा में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीजा पोरा के पर्व में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जी.के. डांस ग्रुप धुर्राबांधा के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि, श्री हेमंत कुमार वर्मा जी (सरपंच), विषेश अतिथि राजीव युवा मितान क्लब उपाध्यक्ष श्री कामता वर्मा जी , कन्हैया वर्मा मीडिया प्रभारी नंदकिशोर वर्मा, कमलेश वर्मा जी, सेवाराम वर्मा, विनोद पटेल, साथ ही वहीं बीच डांसर्स छोटे भाई दुर्गेश वर्मा का जन्मोत्सव मनाया गया, केक काटा कर उसे बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, हेमंत कुमार वर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा तीन दिनों तक चलने वाले पारंपरिक तीजा पोरा पर्व का उत्साह पुरे छत्तीसगढ़ में दिखाई पड़ रहा है, साथ ही सभी माताओं बहनों को तीजा पोरा पर्व के बधाई दिया। वही कन्हैया वर्मा ने बताया की तीजा पोरा तिहार हमारी छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार में से एक हैं, सभी माताओं बहनों को तीजा पोरा के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं साथ ही जी.के.ग्रुप के सभी सदस्यों को दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

# भारत माता खटकर स्वच्छता रैली में शामिल हुए



**बिलाईगढ़,** 20 सितम्बर (देशबंधु)। ब्रांड एम्बेसडर भारत माता खटकर प्रधान पाठक नगर पंचायत भटगांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान रैली में हुई शामिल। नगर पंचायत भटगांव में अधिकारी श्रीमती मधुलिका सिंह चंदेल के नेतृत्व में निकाली जागरूकता अभियान रैली जिसमें मानव श्रृंखला बनाकर ढ्ढस्स्2.0 के बारे में जागरूक किया गया और श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया सभी नागरिकों को नगर को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूक किया गया। नगर पंचायत भटगांव के स्वच्छ जागरूकता रैली में शामिल मा. चंद्रदेव राय विधायक बिलाईगढ़ संसदीय सचिव, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नर्मदा कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, समस्त पार्षद गण एवं एल्डर मेन उप अभियंता तारकेश्वर नायक, जिला समन्वयक श्री शुभम नायक, सफाई दरोगा श्री सत्येन्द्र सिंह बिसेन, वकील श्री फिरीत लाल खटकर,समस्त कर्मचारी गण एवं स्वच्छता बहने एवं स्कूल के छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

# जनता की मदद के बिना सामाजिक बुराई का अंत संभव नहीं : तपन चंद्राकर

**कुरूद,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। कुरूद नगर पंचायत एवं आसपास के अनेक गांवों में नशीली गोलियां और अवैध शराब बिक्री से तो इंकार नहीं किया जा सकता. मैं खास कर कुरूद नगर में एक अभियान चलाया था नशीली गोलियां विक्रय के खिलाफ. बल्कि 100 लोगों की एक टीम भी बनाई थी. जिनकी बैठक लेकर कई निर्णय भी लिए थे.परंतु पुलिस प्रशासन का उचित सहयोग नहीं मिल पाया. एक और बात है कि लोग भी सामने आने से डरते हैं. वास्तव में नशीली गोली और शराबखोरी एक सामाजिक बुराई है. जनता की मदद के बिना सामाजिक बुराई का अंत संभव नहीं है. उपरोक्त बातें नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने प्रेस क्लब द्वारा आयोजित च्क्षेत्र की बात- जनसेवक के साथज्ज कार्यक्रम के दौरान ग्राम भरदा में कहीं. पत्रकारों के एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य से मात्र जन सेवा है और वे छात्र जीवन से ही राजनीति कर रहे हैं. बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसमें केंद्र सरकार की अहम भूमिका होती है.जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से महंगाई लगातार पड़ी है. पेट्रोल, गैस, इस्पात सही सभी वस्तुओं के दाम बढ़े. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पात्रता रखने वाले और जरूरतमंद शिक्षित बेरोजगार को ही भत्ता मिले, इसलिए गरीब रेखा के नीचे वाली शर्त रखी है. तपन चंद्राकर ने पत्रकारों के सवाल की जवाब में कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर तो कार्यवाही होनी चाहिए उन्होंने मगर लोड थाने सहित विभाग में भी अपनी बात ही रखी लेकिन दोषियों के खिलाफ पुलिस ही कार्यवाही नहीं करती महंगाई बेरोजगारी शिक्षा के व्यवसायीकरण महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस के आवाज नहीं उठाने के प्रश्न पत्र करने कहा कि इसके खिलाफ कांग्रेस 5 बार सड़क पर उतर चुकी है और भारत जोड़ो यात्रा भी उसका एक हिस्सा थी ओबीसी आरक्षण के संबंध में कहा कि भूपेश सरकार तो छत्तीसगढ़ में भी ओबीसी आरक्षण लागू करना चाहती है लेकिन मामला कोर्ट में लंबित है और इसके आगे की जानकारी नहीं है नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि चुनावी तैयारी चल रही है.बूथ और सेक्टर लेवल पर कार्यकर्ता तैयार कर लिए है.उनके घरों में नेम प्लेट भी चिपका दिए हैं. कांग्रेस अपनी जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर चुनाव में उतरेगी और अब तो 20 क्विंटल धान खरीदने का भी वादा कर चुकी है.कुरूद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति बेहतर है।



**क्षेत्र की बात जनसेवक के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए नपं अध्यक्ष**

# नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने चरोटा में किया कला मंच का लोकार्पण



**कुरूद,** 20 सितंबर (देशबंधु)। तपन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद के मुख्य आतिथ्य में ग्राम चरोटा ठाकुर पारा में मंगलवार को कला मंच का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मोर संगवारी लोक कला मंच भोथली की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्री तपन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जन जीवन में और यहां के तीज त्यौहार , संस्कृति में कला का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, जो यहां कि परंपराओं से भी परिपूर्ण है और ग्राम पंचायत चरोटा के कलाकार छत्तीसगढ़ की कला को पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक ले जायेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हंस फलेन्द्र सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कुरुद एवम विशिष्ट अतिथि योगेश्वरी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत चरोटा, परमेश्वरी बंजारे उपसरपंच, दुलेश्वर साहू पूर्व सरपंच व ग्रामीण अध्यक्ष लोहारापथरा,पारथ नेटी ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, सनत पटेल ग्रामीण सचिव चरोटा, रूपराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, रेखराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष चरोटा, चन्द्र कुमार नेताम ग्रामीण पटेल चरोटा, घनश्याम साहू अध्यक्ष साहू समाज, श्रीमती खिलेश्वरी राय आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, मुकेश साहू शिक्षक भेण्डरा, डां. साई राम महोबिया, डां. संजय साहू कोर्रा, श्रीमती मंजूबाला बोरकर शिक्षिका आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष पोषण साहू, सचिन रूपेश कुमार, कोषाध्यक्ष राम नारायण एवं सदस्य गण भीमरास सेन, चूड़ामणि, यशपाल नेटी, रूप कुमार नेटी, अमित, शेखर, थानेश्वर, प्रवीण, सहित राजीव युवा मितान क्लब चरोटा (लोहारपथरा), आल द बेस्ट गणेशत्सव समिति ठाकुर पारा, एवं समस्त ग्रामवासी चरोटा का सराहनीय योगदान रहा।



**महासमुंद,** 20 सितंबर (देशबंधु)। सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति गंजपारा



**महासमुंद,**20 सितंबर (देशबंधु)। सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति खरोरा

# राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार हेतु बहादुर बच्चों से नामांकन 15 अक्टूबर तक

**बिलाईगढ़,** 20 सितम्बर (देशबंधु)। जीवन के लिए जोखिम या शारीरिक चोट के खतरे के सामने सहज निस्वार्थ सेवा का कार्य और या किसी सामाजिक बुराई/अपराध के खिलाफ साहस और साहसिक कार्य के लिए भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान की जाती है। देश भर के जिले के ऐसे बालक-बालिका जिनके द्वारा अपनी जान की परवाह किए बगैर दूसरे की जान बचाने हेतु किए गए बहादुरी के अनुकरणीय कार्य से संबंधित नामांकन प्रस्ताव उनके जिला स्तर से आमंत्रित किए गए हैं। 15 अक्टूबर 2023 के पूर्व, भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाना है। इस हेतु जिले के राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु पात्रताधारी बालक-बालिका आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के साथ 15 अक्टूबर 2023 तक वेबसाईट आईसीसीडब्ल्यू डॉट सीओ डॉट इन 222.द्बष्2.ष्श.द्बठ्ठ में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन की एक प्रति संबंधित परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जिला महिला एवं बाल विकास विभाग से जानकारी प्राप्त कर संबंधित को भेजना है। पुरस्कार एवं आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट आईसीसीडब्ल्यू डॉट सीओ डॉट इन में अवलोकन किया जा सकता है। नामांकन निर्धारित आवेदन पत्र में प्राप्त होते हैं जिन्हें वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन की अनुशंसा दो सूचीबद्ध सक्षम प्राधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए। फॉर्म के साथ आवेदक द्वारा किए गए कार्य का विवरण, जन्मतिथि का प्रमाण, समाचार पत्र/पत्रिका की कतरनें और/या दायर की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) या पुलिस डायरी का विवरण देते हुए लगभग 250 शब्दों का एक लेख संलग्न करना होगा। पुलिस स्टेशन के साथ, घटना के विवरण के साथ-साथ सहायक दस्तावेजों को दो सूचीबद्ध सक्षम प्राधिकारियों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। घटना की तिथि पर बच्चे की आयु 6 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अनुशंसित/सक्षम प्राधिकारी- आवेदन की अनुशंसा निम्नलिखित में से किसी दो द्वारा की जानी चाहिएः उस स्कूल के प्रिंसिपल/हेडमास्टर जिसमें आवेदक पढ़ रहा है या पंचायत/जिला परिषद के प्रमुख , राज्य बाल कल्याण परिषद के महासचिव या अध्यक्ष , कलेक्टर /डीएम/सरकार. समकक्ष रैंक का अधिकारी, अधीक्षक। क्षेत्र के पुलिस अधिकारी या उच्च रैंक के पुलिस अधिकारी होंगे।

चयन प्रक्रिया- चयन द्बष्टष्ठ्ठ द्वारा गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जाता है। एक बार किसी भी कारण से खारिज किए गए आवेदनों पर दोबारा विचार नहीं किया जाएगा। चयन समिति यदि उचित समझे तो अपने विवेक से किसी भी शर्त/नियम में छूट देने पर विचार कर सकती है। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

पुरस्कार- पुरस्कार विजेताओं को एक पदक, एक प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार मिलता है। परोपकारी संगठनों द्वारा उपहार दिये जाते हैं।

अतिरिक्त लाभ- पात्र पुरस्कार विजेताओं को उनकी स्कूली शिक्षा पूरी होने तक वित्तीय सहायता दी जाती है। स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता दी जाती है।

# बैरिस्टर छेदीलाल को कांग्रेस नेताओं ने किया नमन



**पिथौरा,** 20 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय दीपक बैज जी के निर्देश अनुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में पिथौरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर का 67वीं पुण्यतिथि 18 सितंबर को फॉरेस्ट हाउस में मनाया गया , मुख्य रूप से उपस्थित माननीय मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रथम बैरिस्टार छेदीलाल ठाकुर के जीवन शैली पर प्रकाश डाला एवं अनंत सिंह वर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ने जीवनी कथा की पूर्ण रूप से बात रखा इसी दौरान ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह दीवान द्वारा कहा गया कि छेदीलाल ठाकुर द्वारा भारत देश के आजादी के लिए योगदान की सहराना की तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किया आभार प्रदर्शन कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष फिरोज खान ने कि कार्यक्रम का संचालक शैलेंद्र डंडसेना ने किया कार्यक्रम में उपस्थित गौतम साहू नरेंद्र सेन प्रदेश सचिव देवराज ठाकुर सरपंच पवन रात्रे समनव्यक यूथ अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला हराधन साहू ब्लॉक सचिव राम उजाला सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने मौन धारण किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महिला विधेयक पर...

संबंधित ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन विधेयक को निचले सदन में पेश किया। विधेयक के प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि इसके कानून बनने के बाद कराई जाने वाली जनगणना के आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए परिसीमन की कवायद या निर्वाचन क्षेत्रों के पुन: सीमांकन के बाद ही आरक्षण लागू होगा। श्रीमती साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर क्षेत्र में देश का सम्मान बढ़ाया है। सर्व वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक कार्य योजना बनाकर धरातल पर उतारा है। श्री मोदी सदैव महिलाओं की सम्मान व अधिकार को लेकर चिंतित रहे हैं।

# भाजपा के आरटीआई स्पेलिस्ट पर वसूली उगाही व एस्ट्रोसिटी के तहत एफआईआर दर्ज, फरार



**गरियाबंद**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। सिचाई विभाग के एसडीओ के साथ ब्लैकमेलिंग, जाति सूचक गाली देने और बर्खास्त कराने की धमकी देने के मामले में जिले के पाण्डुका पुलिस ने भाजपा के आरटीआई स्पेशलिस्ट प्रीतम सिन्हा के विरूध्द अलग अलग धाराओ में एफआईआर दर्ज की है। जून में विभाग के एसडीओ ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। विभागीय जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक ने इसकी पुष्टि भी की है। वही सूत्रो से पता चला है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रीतम सिन्हा पाण्डुका से फरार हो गए है। पुलिस उसकी खोजबीन में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक सिचाई विभाग के उप संभाग क्रमांक दो पाण्डुका व फिगेश्वर के अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी एसडीओ कुलेश्वर जोशी ने प्रीतम सिन्हा के विरूध्द ब्लैकमेलिंग, जाति सूचक गाली देने और बर्खास्त कराने की धमकी देने की शिकायत पाण्डुका थाना में दर्ज कराई थी। मामला गंभीर होने के चलते पहले अनुविभागीय स्तर पर मामले की जांच की गई। जांच में सही पाए जाने के बाद पुलिस ने मामला पंजीबध्द कर लिया।

जानकारी के मुताबिक भाजपा आरटीआई स्पेलिस्ट प्रीतम सिन्हा ने सिंचाई विभाग के एसडीओ के विरूध्द सूचना के अधिकार के तहत उनके दौरा दैनदनी की जानकारी मांगी थी। नीजी जानकारी होने के चलते विभाग ने जानकारी नही दी। जिसके बाद प्रीतम सिन्हा ने उच्च अधिकारी के पास अपील की। अपील की सुनवाई 27 जुन को होनी थी। इसी दिन प्रीतम सिन्हा अचानक एसडीओ के कार्यालय पहुँचे और अपील वापस लेने के नाम पर 15 हजार की मांग की। एसडीओ ने रूपए देने मना किया तो प्रीतम सिन्हा उत्तेजित होकर पूरे स्टाफ के सामने एसडीओ से गाली गलौच करने लगे और धमकी देते हुए कहा कि पैसे नही दिए तो तुम्हे भी बर्खास्त करवा दूंगा, जैसे पूर्व एसडीओ जे पी सुमन को निलंबित करा दिया था। जिसके बाद एसडीओ वहां से निकल गए। उच्च अधिकारियो को घटना की जानकारी देने के बाद मामले की पुलिस में शिकायत पुलिस से की।

मालूम हो कि जिले में सूचना अधिकार लगाने और वसुली करने के नाम से सुर्खियो में रहने वाले भाजपा के सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य से जिले के कई विभाग के अफसर परेशान थे। सिचाई विभाग में बिते सात आठ सालो से लगातार सूचना का अधिकार को लेकर प्रीतम सिन्हा का नाम चर्चा में रहता था। अंतत लंबे समय से सिचाई विभाग का सिर दर्द बने भाजपा के आरटीआई स्पेलिस्ट प्रीतम सिन्हा विभाग और पुलिस के रडार में आ ही गए। दूसरी तरफ एफआईआर दर्ज होने के बाद उनकी आरटीआई गैंग भी सकते में आ गई है। दबे जुबान कई अधिकारी भी उनके विरूध्द शिकायत में जुट गए है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



**भाटापारा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। 23 वीं राज्य स्तरीय शालये क्रीड़ा प्रतियोगिता धमतरी (छ. ग.) 2023-24 के अंतर्गत धमतरी में दिनांक 21 सितंबर 2023 से 24 सितंबर 2024 तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता के लिए अंचल से सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

नेटबॉल खेल के प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत विगत दिनों जिला अधिकारी श्री आर के शर्मा के मार्ग दर्शन में क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत नेटबॉल 14,17,19, वर्ष बालक,बालिका का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में हुआ था जिसमे अंचल के खिलाड़ी सभी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किए थे तथा खिलाड़ियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन किया गया 14 वर्ष बालक में डोमेंद सेन, चंद्र कांत शा उ मा शाला तरेंगा,आदित्य देवांगन,निखिल, धानेंद्र, मार्डन स्कूल, 14 वर्ष बालिका में योगिता साहू, ट्विंकल साहू, शा उ मा वि तरेगा,अनुषा पंसारी गुरुकुल स्कूल,मुस्कान दिवाकर,डिंपल समतानी कुस्मिता चतुर्वेदी सेंट मेरी स्कूल, 17 वर्ष बालक में सुजल देवांगन, राहुल धीवर, मोहन साहू, निखिल साहू मयूर स्कूल, आयुष सिंह गुरुकुल स्कूल, शौर्य साहू सेजस भाटापारा, 17 वर्ष बालिका भूमिका देवांगन सेजस भाटापारा, निधि साहू गुरुकुल स्कूल, कृति साहू, ममता साहू शा उ मा वि तरेगा, अंकिता कामरी पंचम दीवान स्कूल, अफ्सा बेगम मॉर्डन स्कूल, 19 वर्ष बालक मेराज खान गुरुकुल, भीषम ध्रुव, वीरेंद्र साहू, सूरज साहू, कृष्णा यदु शा उ मा वि तरेगा लाला राम यादव शिवलाल मेहता स्कूल, 19 वर्ष बालिका टनिसा साहू, राजकुमारी भारती, गायत्री साहू रागनी साहू, नीलम गजेंद्र शा उ मा वि तरेंगा, तनिषा नामदेव गुरुकुल,चंचल यदु शिवलाल मेहता स्कूल के खिलाड़ी चयनित हुए है। टीम में कोच एवम् मेनेजर शरद पंसारी, सुमन साहा, ओमकुमार, चित्ररेख साहू, नेहा पटेल हैं।

# गणेश जी का आगमन केशला स्कूल में



**खरोरा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला केशला में गजानन गणेश भगवान का बच्चों के हाथों में आगमन हुआ। शाला प्रधान मंत्री प्रेम बंजारे, खेल मंत्री प्रमीन्द्र साहू, कक्षा पांचवीं के कक्षा नायक तारणी देवांगन एवं उपस्थित छात्र छात्राओं ने बड़े उल्लास, खुशी से विध्नहर्ता गणेश जी का स्वागत किया ।सभी बच्चों ने मिलकर गणेश जी की आसन को आकर्षक ढंग से सजाकर, विधि-विधान से पूजा कर ,मोदक का भोग लगाकर प्रतिस्थापित किया ।मुर्ति स्थापना एवं पूजा-पाठ के अवसर पर संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा,जयप्रकाश टंडन सहायक शिक्षक, रसोईया लक्ष्मी बंजारे, भुखैया निर्मलकर, छात्र संजू देवांगन, पुष्कर बंजारे, रोशन, सियाराम, धार्यन, नवीका, शीतल, संध्या ,मनीषा, तुलेश्वरी ,रिया एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

# सटोरिया को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पलारी**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक संम्पन कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के अपराध की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के परिपालन में अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है कि दिनांक 20-09-2023 को थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे थाना पलारी के द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम संडी में बस स्टैण्ड के पास आरोपी मोहित भारती पिता धनीराम भारती उम्र 21 वर्ष सा. ग्राम गातापार को सटटा नामक जुआ खेलाते मिलने पर रंगे हाथ पकडा गया उपरोक्त के विरूद्ध धारा 06 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी 01 पन्ना नगदी रकम 3530 रू. डाट पेन इस्तेमाली कार्बन एक मोबा. फोन कीमती 8000/रूपये एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 टी 5370 किमती लगभग 35000 रूपये को जप्त कर धारा 6 छ.ग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर प्र0आर0 मो0 अरशद खान एवं प्र0आर0 नवीन कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

# दाबपाली में हुई राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता



**बागबाहरा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाबपाली में राज्य स्तरीय एक दिवसीय डीजे डांस प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम हुई। जिसमे कलाकारो ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तथा विजेता कलाकार शील्ड एवं नगद राशि पाकर हर्षित हुए। राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित इस डांस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थें। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सुखरीडबरी के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। वही विशेष अतिथि की आसंदी पर ग्रामीण अध्यक्ष दयाराम दीवान, अभिषेक चंद्राकर, शहजान पाशा, भरत ध्रुव विराजमान थे ।इस कार्यक्रम की शुरूआत भगवान विश्वकर्मा एवं ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा- अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने मानव जीवन में नृत्य की भूमिका पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस दौरान श्री यादव ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए राज्य में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार की धारा चलाई जा रही है। न्याय योजनाओं और उस राज्य की जनता को मिले लाभ पर उद्बोधन दिया गया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए जनता जनार्दन को आह्वान किया। जिस पर उपस्थित जनसमुदाय ने एक स्वर में पुन: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करने का आश्वासन दिया। दाबपाली गांव में हुए डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण पटेल, तरुण व्यवहार, भारत ध्रुव, प्रताप ध्रुव, पंचराम बंजारे, दिगेश्वर मरकाम, तेमान साहू, टिकेश्वर पटेल, जीवन नायक, लोक सिंह नायक, गेस राम पटेल, अभय राम दीवान, पवन साहू, वेद राम चक्रधारी, तोमन ध्रुव, खेम सिंह दीवान, धाम ध्रुव, हरिराम ध्रुव, मोहन ध्रुव, अश्वनी पटेल, श्रीपाल सिंह पटेल, नारायण दीवान, मेघराज पटेल ,तुलसीदास, हेमंत पटेल, चेतन पटेल ,देवलाल दीवान, त्रिलोक दीवान ,हीरा सिंह ध्रुव ,लक्ष्मण ध्रुव, विनोद मरकाम, त्रिलोक दीवान ,जीवन नायक, विनोद मरकाम, एन कुमार घृतलहरे, दिनेश ध्रुव, देवनाथ ढीढी, ओम प्रकाश नायक, ईश्वर दीवान, पुखराज यादव, मोनेंद्र व्यवहार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य तथा बड़ी संख्या में माताएं-बहने उपस्थित थें।

# रेंगाडीह में रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए मोनू साहू



**पलारी**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम रेंगाडीह में रामायण कार्यक्रम (जानवी मानस परिवार व जगराता ग्रुप ग्राम भरूवाडीह कला खरोरा) का आयोजन युवा साथियों के द्वारा तीजा तिहार के अवसर पर किया गया था। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र मोनू साहू भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बलौदाबाजार ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए रामायण श्रवण करने से हमारे जीवन की नैया पार होंने की बात कही साथ ही रामायण से हमे सीख मिलती है उसे जीवन मे आत्मसात करने का आग्रह करते हुए गणेश चतुर्थी की व तीजा पोरा तिहार की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किया। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संडी दक्षिण मण्डल पलारी के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष राजू बंजारे, कोषाध्यक्ष श्रीमती मिथलेश साहू मुकेश साहू, सुधेराम वर्मा, उपसरपंच राजू साहू, कृष्ण कुमार साहू कमल साहू, लतेलु ध्रुव कामेश्वर साहू, रवि साहू रामेश्वर साहू, वेदप्रकाश साहू, समारू साहू, लतेलु ध्रुव श्यामलाल साहू, अगेश्वर साहू, घनश्याम साहू, टिकेश्वर साहू, कुंजन साहू, छबी दास मानिकपुरी, धर्मेन्द्र साहू सहित आयोजक समिति के पदाधिकारी गण ग्राम प्रमुख गण सहित बहुत संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहें।

# विश्वकर्मा पृथ्वी और स्वर्ग के निर्माता : सुशील शर्मा



**भाटापारा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कृषि मंडी और ग्राम अर्जुनी में विराजमान भगवान विस्वकर्मा की विशाल मूर्ति की पूजा अर्चना कर उपस्तिथ जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा की

भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

विश्वकर्मा जी ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे, जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। इस अवसर पर सचिन शर्मा, संतोष सोनी, भोज राम साहू, पुनीत दास, तिलक साहू, पीला राम सेन, सरदार सिंह ध्रुव, बँटी ध्रुव, खिलवान साहू, नेतराम साहू, नोहरिक साहू, दुवारका वर्मा, चंदन साहू प्रमुख रूप से उपस्तिथ थे ।ग्राम पहुँचने पर ग्रामीण भइयो ने बाजे गाजे के साथ ज़ोरदार स्वागत किया।

# विवेकानंद युवा मंच ने किया पलारी ब्लाक के 10 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान




**पलारी**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ जिला बलौदा बाजार ( भाटापारा) के जिला प्रवक्ता हेमलाल साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की गत दिवस मारुति इन होटल बलौदाबाजार में विवेकानंद युवा मंच बलौदाबाजार के सौजन्य से मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री के दर्जा प्राप्त सुरेंद्र शर्मा कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल विशिष्ट अतिथि चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल के करकमलों से पलारी के ब्लाक के उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य मंच से पलारी ब्लाक के 10 शिक्षकों का सम्मान किया गया ।

सम्मान पाने वालो में अभिषेक महोबे प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ पलारी के अध्यक्ष को सामाजिक धार्मिक शिक्षा के क्षेत्र व संघ संगठन में समरसता का संदेश देने के लिए सम्मान दिया गया, उसी क्रम में प्रकाश सेन कार्यकारी अध्यक्ष को शिक्षा , इलेक्ट्रॉनिक मीडिया , व कोरोना काल में विशेष योगदान के लिए दीपक तिवारी को आकाशवाणी रायपुर के युवा कम्पेरियर के लिए, घनश्याम वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष को छड़िया प्राथमिक शाला पी एम श्री सम्मान के लिए, कृष्ण कुमार फेकर को साहित्य के क्षेत्र के लिए चोवाराम साहू को शिक्षा के क्षेत्र में अरुण साहू को शिक्षा व कोरोना काल विशेष योगदान के लिए आराधना वर्मा शिक्षादूत मुख्यमंत्री गौरव अलंकार व सी जी अभ्यास पुस्तिका में नवाचार गतिविधि प्रकाशन के लिए रामेश्वरी जलहरे को मुख्यमंत्री गौरव अलंकार से सम्मानित होने के लिए चंद्रकांत जलहरे को एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में विशेष योगदान के लिए सम्मान किया गया । सम्मान प्राप्त समस्त पलारी ब्लाक के शिक्षक साथियो को प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ की ओर से बधाई दी गई एवं आयोजक समिति को सम्मान देने के लिए संयोजक शिक्षाविद संदीप पांडे डॉ जितेंद्र साहू को संघ ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# एक राहत, तो दूसरा दे रहा झटका ...!

**भाटापारा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। चना और चना बेसन भले ही खरीदी की ताकत से बाहर जा रहा हो लेकिन खाद्य तेल में आ रही गिरावट ने नमकीन की कीमत को थामकर रखा हुआ है द्य त्यौहारी सीजन में इसमें जोरदार खरीदी के आसार बनने लगे हैं।

नमकीन का बाज़ार इस बरस जोरदार उपभोक्ता मांग की आस में है द्य पर्व और त्यौहार की शुरुआत के बीच दलहन और बेसन में आ रही तेजी से उपभोक्ता ही नहीं, बाजार भी हलकान है लेकिन राहत वह खाद्य तेल पंहुचा रही है, जिसकी कीमत ने मंदी का रास्ता पकड़ा हुआ है द्य



**पांच मौके के लिए तैयार नमकीन**

**पांच अवसर:** श्री गणेश पूजा, नवरात्रि और दीपावली द्य बाद के दिनों में विधान सभा चुनाव और क्रिकेट मैच द्य नमकीन बाजार बेहतर संभावना देख रहा है, कारोबार में बढ़त के लिए द्य इसमें दीपावली की मांग सबसे ज्यादा निकलने के आसार हैं द्य चुनाव और क्रिकेट मैच, ऐसे अवसर होंगे जिसकी मदद से मंदी के दिनों की भरपाई की जा सकेगी द्य इसलिए नमकीन बनाने वाली इकाईयों ने अग्रिम सौदे करना चालू कर दिया है।

### ध्यान ऐसे नमकीन पर

बारीक़ और मोटा सेंव द्य गाठिया और पापड़ी द्य नमकीन में यह खूब बिकते हैं द्य अन्य किस्मे भी हैं लेकिन पहली चार किस्मों के लेकर यह क्षेत्र बड़ी तैयारी कर रहा है द्य यह इसलिए क्योकि निर्माण और विक्रय आसान है द्य फ़िलहाल त्यौहार के लिए इनकी ही मांग शुरुआती दौर पर है द्य स्थिति देखते हुए आगे आने वाले पर्व में बेहतर मांग की संभावना नमकीन बाजार व्यक्त कर रहा है।

### बेसन और खाद्य तेल

दलहन की सभी किस्में तेज हैं, लेकिन चना में जैसी बढ़त आई हुई है उससे सभी हलाकान हैं द्य सीजन की तैयारी कर रहे नमकीन बाजार के लिए चना 70 से 75 रुपए किलो दर पर आ पंहुचा है द्य चना दाल की खरीदी 78 से 82 रुपए किलो पर करनी पड़ रही है द्य ऐसे में बेसन 90 से 100 रूपए किलो तक जा पंहुचा है द्य खाद्य तेल 1580 से 1600 रूपए टीन पर राहत दे रहा है द्य ऐसी स्थिति में नमकीन 150 से 180 रूपए जैसी कीमत पर शांत है ।

# तोरेसिंहा के गौटिया परिवार ने डेढ़ सौ लोगों के साथ मनाया नुआखाई त्यौहार



**सरायपाली**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। गौटिया परिवार तोरेसिहा ने पेश की मिशाल - लगातार दूसरे साल साथ मे मनाई नुआखइ त्यौहार ।वैसे तो देखा जाता है कि आजकल के जमाने में दो सगे भाइयों का साथ रहना बड़ा मुश्किल होता है ऐसे में तोरेसिंहा के गौटिया परिवार के लगभग 150 से ऊपर लोगों ने लगातार दूसरे वर्ष एक साथ नुआखई त्यौहार मना कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है ।पिछले साल की तरह ही इस साल भी गोटिया परिवार तोरेसिंहा ने साथ नुआखई त्यौहार मनाया। कार्यक्रम में पहले सभी बड़ों का तिलक पुष्प से एवं गमछा व श्री फल दे कर सम्मान किया गया बाद में पूरे परिवार एक साथ बैठकर परिवार के सबसे बड़े दादाजी श्री सत्यवान प्रधान के हाथों नया चावल ग्रहण किया । उसके बाद सभी ने एक साथ बैठकर भोजन किया । आपको बता दें कि इसकी शुरुआत पिछले साल बसना थाने में पदस्थ आरक्षक नरेंद्र प्रधान जो की एक सामाजिक कार्यकर्ता भी है उन्हीं के प्रयासों से शुरू हुआ। मिली जानकारी के अनुसार गोटिया परिवार के सभी सदस्यों ने पहले मीटिंग की और एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया । सदस्यों से बात करने पर पता चला कि इनका मुख्य उद्देश्य केवल परिवार को नहीं बल्कि सभी कोलता बन्धुओं को एकजुट करना व अपनी अलग पहचान बताना है। गौटिया परिवार तोरेसिंहा की इस विशेष पहल की क्षेत्र में हर जगह काफी तारीफ की जा रही है और लोगों के दिलों में इसी प्रकार एकजुट होने और परिवार के साथ रहने की विचारधारा भी बढ़ रही है । जो की एक बहुत अच्छी बात है।

# परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता में उत्साह : शिवरतन



**भाटापारा** 25 सितंबर को भाटापारा में आ रही परिवर्तन यात्रा को लेकर क्षेत्र के आम नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है

इस यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा के प्रभारी विधायक शिव रतन शर्मा एवं संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता जी जान से लगे हुए हैं शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र एवं सिमगा में बैठकों का दौर जारी है

विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि मां दंतेश्वरी धाम से आशीर्वाद लेकर निकली यह यात्रा बलौदा बाजार मार्ग से होते हुए शाम 5ः00 बजे नगर के पटपर क्षेत्र से प्रवेश करेगी जहां कि उक्त यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा युवा मोर्चा के मोटरसाइकिल रैली के काफिले के साथ यह यात्रा पटपर से अंडर ब्रिज होते हुए सदर बाजार, जय स्तंभ चौक एवं फवारा चौक होते हुए भाजपा कार्यालय के सामने विशाल आमसभा में तब्दील होगी जिसे कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा पूर्व मंत्री केदार कश्यप महेश गागड़ा एवं बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य वक्ता संबोधित करेंगे

विधायक शर्मा ने बताया कि मां दंतेश्वरी धाम से निकाली गई यात्रा का पूरी रास्ते भर जिस तरह से जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया जा रहा है। ऊससे पता लगता है कि प्रदेश की जनता भी प्रदेश से भूपेश सरकार को उखाड़ने का मन बना चुकी है और वह आगे बढ़कर यात्रा का स्वागत कर रही है 25 सितंबर को आम सभा के बाद यह यात्रा रात्रि विश्राम करने के पश्चात 26 सितंबर को सुबह 9ः30 बजे पत्रकार वर्ष के पश्चात यह यात्रा सिमगा होते हुए रायपुर के लिए रवाना होगी विधायक शिवरतन शर्मा ने भाटापारा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से उक्त यात्रा में शामिल होकर अपना आशीर्वाद देने की अपील की है।